www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

मंगलवार
16 जून 2026, नई दिल्ली

वर्ष 91, अंक 142, 18 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.25 • पांच प्रदेश • 23 संस्करण



निर्मला सीतारमण ने कहा, विदेशी पूंजी आकर्षित करने को कदम उठाए जाएंगे P-15




**राहत : अमेरिका और ईरान समझौते के लिए सहमत, स्विट्जरलैंड में 19 को किए जाएंगे हस्ताक्षर**

# शुक्रवार से शांति की घर वापसी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** करीब 107 दिनों के खूनी संघर्ष और भारी तनाव के बाद मध्यपूर्व में शुक्रवार से शांति की घर वापसी होने जा रही है। मैराथन कूटनीति और 14 घंटे से अधिक समय चली वार्ता के बाद अमेरिका और ईरान में युद्ध खत्म करने पर ऐतिहासिक सहमति बन गई है। समझौते पर 19 जून (शुक्रवार) को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिसके तुरंत बाद होर्मुज जलडमरूमध्य को खोल दिया जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर करार का ऐलान किया। उन्होंने कहा, पाक की मेजबानी में होने वाले हस्ताक्षर समारोह में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। वेंस ने कहा, समझौते का ब्योरा शुक्रवार को साझा किया जाएगा। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ट्रंप रविवार को ईरान के वार्ताकार एवं संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबफ के साथ समझौते के प्रारूप पर डिजिटल हस्ताक्षर कर चुके हैं। वहीं, ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा, कतर के प्रतिनिधि के साथ चली लंबी वार्ता के बाद यह सहमति बनी।

› रास्ता खुलेगा P14

### नरम पड़े सुर



“अमेरिका-ईरान में यह समझौता पूरे क्षेत्र में शांति लाएगा। शुक्रवार को समझौते पर हस्ताक्षर के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने और बारूदी सुरंगें हटाने का काम शुरू होने से, इस क्षेत्र और दुनिया के लिए फिर से तेल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

–डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति

“समझौते को लागू करने और लेबनान पर इजराइली हमलों को पूरी तरह रोकने के लिए अमेरिका जिम्मेदार है। समझौते के तहत ईरान की प्रतिबद्धताएं पूरी तरह से शर्तों पर आधारित हैं।

–अब्बास अराघची, ईरान के विदेश मंत्री



### फैसले से भारत को बड़ी आर्थिक राहत की उम्मीद

1 **सस्ता हो सकता है कच्चा तेल** होर्मुज के सामान्य रूप से खुलने से आपूर्ति बढ़ेगी और तेल की कीमतों पर दबाव कम होगा।

2 **महंगाई पर लगेगी लगाम** परिवहन और उत्पादन लागत घटने से खाद्य पदार्थों समेत कई वस्तुओं के दाम घटेंगे।

3 **रुपये को मिलेगा सहारा** समझौते की खबर के बाद डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती आने के संकेत हैं।

4 **चालू खाते का घाटा घटेगा** भारत का आयात बिल कम होने से चालू खाते का घाटा कम होने की उम्मीद बढ़ी।

5 **शेयर बाजार को समर्थन** शांति करार के बाद निवेशकों के उत्साह से बाजार गुलजार रहने की उम्मीद।

6 **निर्यात, व्यापार को राहत** समुद्री मार्ग सामान्य होने से भारतीय निर्यातकों को राहत मिलेगी।

7 **उर्वरक, गैस, आपूर्ति सुधरेगी** समझौते पर सहमति से उर्वरक, तेल एवं गैस आपूर्ति पूर्व स्तर पर आ सकेगी।

**14** घंटे तक तेहरान में चली बातचीत के बाद बनी समझौते पर सहमति

**107** दिनों तक चला मध्यपूर्व में भीषण सैन्य संघर्ष

“पश्चिम एशिया में संघर्ष को खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच बनी सहमति का स्वागत करता हूं। उम्मीद है कि इस सहमति को अमल में लाने से क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने में मदद मिलेगी।



– नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### फैसले से झूमे शेयर बाजार

शांति समझौते पर सहमति के बाद शेयर बाजारों में तेजी आई। सेंसेक्स 736.38 अंक (0.97%) चढ़कर 76,264.33 अंक पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 231 अंक (0.98%) बढ़कर 23,853.90 अंक पर बंद हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्केई पांच प्रतिशत से ज्यादा मजबूत हुआ। चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग भी बढ़त में बंद हुए।

**रुपया 94.58** प्रति डॉलर पर पहुंचा रुपया, 60 पैसे चढ़ा

**कच्चा तेल 83** डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचे भाव

**सोना 2500** रुपये चढ़े सोने के दाम, 1.59 लाख रुपये के पार पहुंचे

**चांदी 5000** रुपये प्रति किलो उछली चांदी, दाम 2.60 लाख हुए

### करार इजरायल के लिए बाध्यकारी नहीं

इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा कि इजरायली सेना लेबनान, सीरिया और गाजा में बनाए गए सुरक्षा क्षेत्रों में अनिश्चितकाल तक तैनात रहेंगे। वहीं, राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर ने अमेरिका-ईरान समझौते की आलोचना करते हुए कहा कि यह समझौता इजरायल पर बाध्यकारी नहीं है।



नोएडा हवाई अड्डे से सोमवार को पहली वाणिज्यिक उड़ान भरता विमान। • हिन्दुस्तान

## ऐतिहासिक : नोएडा हवाईअड्डे से विमान ने भरी पहली उड़ान

**ग्रेटर नोएडा, प्रमुख संवाददाता।** नोएडा हवाईड्डे से सोमवार को वाणिज्यिक उड़ानों का संचालन शुरू हो गया। इसी के साथ जेवर ने देश के विमानन मानचित्र पर पहचान दर्ज कराते हुए इतिहास रच दिया।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू और जिले के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने बेंगलुरु के लिए पहली उड़ान को तिरंगा लहराकर रवाना किया। लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट से इंडिगो की 6ई-2278 फ्लाइट सुबह 7.55 बजे नोएडा एयरपोर्ट पर उतरी। विमान के रनवे पर पहुंचते ही उसे पारंपरिक वॉटर कैनन सैल्यूट दिया गया। विमान में बैठे यात्रियों ने तालियां बजाकर जश्न मनाया।

इसके बाद 8.35 बजे एयरपोर्ट से बेंगलुरु के लिए पहले विमान ने उड़ान भरी। इसके अलावा एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले 172 किसानों, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह और प्रशासनिक अधिकारियों समेत कुल 186 लोगों को लेकर विशेष विमान सुबह साढ़े आठ बजे लखनऊ रवाना हुआ। इन किसानों के साथ लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संवाद किया।

नोएडा एयरपोर्ट से पहले दिन इंडिगो एयरलाइंस के विमानों ने लखनऊ, बेंगलुरु, हैदराबाद और अमृतसर के लिए उड़ान भरी। मंगलवार से अकासा एयर भी नवी मुंबई और बेंगलुरु के लिए सेवा शुरू करेगी। सोमवार को कुल 798 यात्रियों ने एयरपोर्ट से सफर किया। बेंगलुरु की पहली उड़ान में 161, अमृतसर के लिए 110 और हैदराबाद के लिए 159 यात्रियों ने उड़ान भरी। लखनऊ से 182 यात्रियों के साथ पहले विमान ने लैंडिंग की। वहीं, विशेष विमान से 186 लोग लखनऊ गए।

› संबंधित खबर P07

**798** यात्रियों ने भरी विमान से पहले दिन उड़ान

### अब ‘कुबेर’ भी आना चाहते हैं जेवर : योगी

**लखनऊ, वि.सं.।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज बड़ी से बड़ी कंपनियां जेवर आना चाहती हैं। यहां अब ‘कुबेर’ भी आना चाहते हैं। जेवर एयरपोर्ट भारत का पहला कार्गो, एमआरओ केंद्र बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने ये बातें सोमवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के निर्माण के लिए भूमि देने वाले किसानों के सम्मान समारोह में कहीं। नोएडा एयरपोर्ट से लखनऊ पहुंचे इन किसानों का सीएम आवास पर सम्मान किया गया।



### प्रमुख पांच

**महंगे ईंधन से मई में बढ़ी थोक महंगाई**

1 कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते मई में थोक महंगाई सालाना आधार पर 9.68% रही, जो अप्रैल में 8.26% रही थी। P 15

**लंदन की सड़कों पर पाकिस्तान का विरोध**

2 पीओके में की जा रही बर्बरता के विरोध में लंदन की सड़कों पर सोमवार को विरोध प्रदर्शन हुआ। P 17

**ब्रिटेन में किशोरों के लिए सोशल मीडिया पर रोक**

3 ब्रिटेन में 16 साल से कम उम्र के किशोरों को सोशल मीडिया के इस्तेमाल की अनुमति नहीं होगी। P 17

**देश में अब सिर्फ लो फ्लोर बसें ही चलेंगी**

4 शहरों में चलने वाली बसों के फ्लोर की ऊंचाई घटाकर अधिकतम 400 एमएम करना अनिवार्य होगा। P08

**पूरी दुनिया को अमन का इंतजार**

5 यदि अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित समझौता साकार होता है, तो पूरी दुनिया में कायम राजनीतिक, आर्थिक व सुरक्षा संबंधी संकट जल्द खत्म हो जाएंगे।



अरविंद गुप्ता P 12

## कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक को थप्पड़ मारे

**जयपुर, एजेंसी।** जयपुर में सोमवार को आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके को कुछ लोगों ने थप्पड़ मारे। पुलिस के अनुसार, दो युवकों को हिरासत में लिया गया है।

जयपुर के शहीद स्मारक पर बड़ी संख्या में युवा नीट पेपर लीक, बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए थे। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब दीपके समर्थकों के कंधों पर सवार होकर प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे, तभी भीड़ में मौजूद कुछ युवकों ने उन्हें थप्पड़ मार दिए। इस घटना के बाद उनके समर्थकों ने आरोपियों को पकड़ लिया और पिटाई कर दी। प्रदर्शनकारियों ने भ्रष्टाचार और पेपर लीक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए युवाओं से जुड़े मुद्दों पर कार्रवाई की मांग की।



जयपुर में प्रदर्शन के दौरान घटना, आरोपी हिरासत में

## अतिक्रमण पर अधिकारी नपेंगे : कोर्ट

**आदेश**



**06** मंजिला इमारत बनाकर तैयार कर दी गई बाढ़ क्षेत्र में, इसपर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई

■ एमसीडी और डीडीए को अवैध निर्माण गिराकर 25 जुलाई को रिपोर्ट देने का कहा गया

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक अहम आदेश में कहा कि अब अगर दिल्ली के किसी हिस्से में अवैध निर्माण या अतिक्रमण पाया गया तो वहां कार्यरत अभियंताओं पर कार्रवाई होगी।

हाईकोर्ट ने दिल्ली नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों के अधिशासी अभियंता, कनिष्ठ अभियंता और सहायक अभियंता पर कार्रवाई को अमल में लाने के निर्देश दिए हैं।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ के समक्ष कुछ तस्वीरें पेश की गईं। इन तस्वीरों में स्पष्ट तौर पर देखा गया कि नगर निगम के अभियंताओं देखरेख में अवैध निर्माण अभी हाल ही में हुआ है। खास तौर से बाढ़ क्षेत्र में छह-छह मंजिला इमारत तैयार हुई हैं। पीठ ने कहा कि अवैध निर्माण, अतिक्रमण के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। वहीं सरकारी कर्मचारी ऐसी गतिविधि को बढ़ावा दे रहे हैं।

हाल में जगतपुर गांव, वजीराबाद गांव, रामघाट वजीराबाद, न्यू अरुणा नगर में अवैध निर्माण हुए हैं। पीठ ने इन इलाकों के अभियंताओं पर कार्रवाई के निर्देश दिए। एमसीडी और डीडीए को कहा कि वह तत्काल इन अवैध निर्माण को गिराकर इसकी रिपोर्ट 25 जुलाई को पेश करे। सरकार की तरफ से पीठ को बताया गया कि दिल्ली में बाढ़क्षेत्र (ओ जोन) में 91 कॉलोनियों व गांव बने हैं, जो पिछले कई सालों से यहां रह रहें। इनके पुनर्वास के लिए रणनीति बनाई जा रही है।

## दिल्ली में आज भी आंधी-बारिश संभव

**पूर्वानुमान**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार दोपहर कई इलाकों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। इस दौरान पालम इलाके में हवा की गति 93 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रही। आंधी-बारिश ने गर्मी से खासी राहत दी है और अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार को भी कई इलाकों में तेज हवा के साथ हल्की बौछारें पड़ सकती हैं। इससे मौसम खुशनुमा बना रहेगा।

› साफ हुई हवा P05



दिल्ली के कर्तव्य पथ पर सोमवार दोपहर को आई आंधी के बाद उड़ती धूल। यहां कुछ समय के लिए अंधेरा छा गया था। • सोनू मेहता

## अभिनेत्री संचिता ने आत्महत्या की

**पालघर, एजेंसी।** टीवी सीरियल कुमकुम भाग्य और वागले की दुनिया में अभिनय कर चुकीं अभिनेत्री संचिता उगले ने पालघर स्थित अपने घर में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। वह 22 वर्ष की थीं।



पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद कहा कि हमें मौके पर कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली है और न ही कोई सुसाइड नोट बरामद हुआ है।

› रील बना रही थी P08

## गड्ढे में गिरने से मैनेजर की जान गई

**लापरवाही**

**ग्रेनो/फरीदाबाद, संवाददाता।** मंझावली पुल से आगे अधूरी पड़ी सड़क से गड्ढे में गिरकर फरीदाबाद के बाइक सवार एक मैनेजर की मौत हो गई। रविवार पूरी रात वह गड्ढे में पड़े रहे। सुबह ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन उनकी जान जा चुकी थी।

फरीदाबाद एनआईटी वन में 45 वर्षीय अतुल कुमार जोशी परिवार के साथ रहते थे। वह वहां एक आई केयर अस्पताल में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। दनकौर पुलिस के मुताबिक मैनेजर रविवार को तिगांव में स्विमिंग पूल में नहाने के लिए आए थे। इसके बाद रात को वह अपनी बाइक से वापस घर लौट रहे थे। वह रास्ता भटक गए और फरीदाबाद की तरफ जाने की बजाय दनकौर की तरफ मुड़ गए। मंझावली पुल पार करने के बाद वह बाइक समेत अधूरी पड़ी सड़क से करीब 20 फीट नीचे गड्ढे में जा गिरे। पुलिस के अनुसार, हेलमेट का शीशा नाक में लगा और रात भर खून बहता रहा। सोमवार को ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस उन्हें गड्ढे से निकालकर अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

› एक और मौत P07

### अधूरा पड़ा है निर्माण कार्य

करीब 350 करोड़ रुपये की मंझावली पुल परियोजना का शिलान्यास 2014 को किया गया था। फरीदाबाद-नोएडा को जोड़ने लिए बन रहे इस पुल का निर्माण काफी हद तक पूरा हो चुका है। यमुना पर 600 मीटर लंबा पुल और फरीदाबाद की ओर संपर्क मार्ग तैयार है, जबकि यूपी की तरफ अप्रोच रोड के लिए जमीन अधिग्रहण और निर्माण कार्य अटका होने से सड़क का कार्य अधूरा है, इस कारण पुल शुरू नहीं हो पाया है। इसके बावजूद लोग इसका इस्तेमाल कर रहे।

**कुछ अलग | 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के 5400 युवाओं पर किए सर्वेक्षण में हुआ खुलासा, टेक नेक सिंड्रोम से गर्दन दर्द, अकड़न, कंधों में तनाव, सिरदर्द जैसी समस्याएं हो रहीं**

## लेटे-लेटे मोबाइल चलाना जवानी में दे रहा बुढ़ापे का दर्द

■ आशीष दीक्षित

**कानपुर।** अगर आप भी रोज रात को बिस्तर पर लेटने के बाद बस एक आखिरी रील... कहते-कहते रात के दो बजा देते हैं तो सावधान हो जाइए। अंधेरे कमरे में मोबाइल की स्क्रीन चमकाना सिर्फ आपका समय बर्बाद नहीं कर रहा बल्कि आपको जवानी में ही बुढ़ापे में होने वाले दर्द दे रहा है।

लेटे-लेटे मोबाइल देखने से कम उम्र के युवाओं में गर्दन का दर्द, जाम कंधे और सुबह उठते ही सिरदर्द जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। विशेषज्ञ इस बीमारी को ‘टेक नेक सिंड्रोम’ का नाम दे रहे हैं, जो डिजिटल युग की बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बनकर उभरी है। इस कड़वे सच का खुलासा एसोसिएशन ऑफ फिजीशियंस के एक हालिया सर्वे में हुआ है। डॉक्टरों की टीम ने लगातार छह महीने तक 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के 5,400 युवाओं पर अध्ययन किया। इस सर्वे के जो नतीजे आए, उसने खुद डॉक्टरों को भी चिंता में डाल दिया है।

90 प्रतिशत युवा सोने से पहले रोजाना दो से चार घंटे तक मोबाइल और सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं। इनमें से करीब 80 प्रतिशत युवाओं ने गर्दन दर्द, गर्दन में अकड़न, कंधों में तनाव और सिरदर्द जैसी समस्याओं की शिकायत की।

**गर्दन पर बढ़ जाता है दबाव:** मोबाइल चलाते समय गर्दन को आगे झुकाकर रखने से सर्वाइकल रीढ़, नसों, मांसपेशियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। सामान्य स्थिति में सिर का भार लगभग पांच से छह किलोग्राम होता है, लेकिन गर्दन झुकने पर यह दबाव कई गुना बढ़ जाता है। यही स्थिति लंबे समय तक बनी रहे तो टेक नेक सिंड्रोम विकसित हो सकता है।

**रील्स देखने की आदत बनी परेशानी :** प्राइवेट जॉब करने वाले 34 वर्षीय युवक रात में सोने से पहले तीन घंटे तक मोबाइल पर रील्स देखते थे। कुछ महीनों बाद उन्हें सुबह उठते समय गर्दन में अकड़न और दर्द महसूस होने लगा। डॉक्टरों ने टेक नेक सिंड्रोम की पुष्टि की।



**90** प्रतिशत युवा सोने से पहले रोजाना दो से चार घंटे तक फोन देखते हैं

■ 80% के गर्दन में दर्द, अकड़न आ जाती है

### क्या है टेक नेक सिंड्रोम

एसोसिएशन ऑफ फिजीशियंस के ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉ. एसके गौतम के अनुसार, टेक नेक सिंड्रोम आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी एक समस्या है, जिसमें मोबाइल, टैबलेट या लैपटॉप को लंबे समय तक झुककर देखने से गर्दन, कंधों और ऊपरी पीठ में दर्द शुरू हो जाता है। समय पर ध्यान न देने पर गर्दन की गतिशीलता भी कम कर सकती है।

### शरीर में ये लक्षण नजर आएं तो हो जाएं सावधान

- गर्दन में लगातार दर्द या अकड़न
- कंधों और ऊपरी पीठ में तनाव
- सिरदर्द, गर्दन घुमाने में परेशानी
- हाथों में झनझनाहट या सुन्नपन

### मोबाइल से ब्रेक है बचाव

- मोबाइल फोन का सीमित उपयोग
- मोबाइल या टैब की स्क्रीन को आंखों के स्तर पर रखें
- हर 30 मिनट में ब्रेक लेना
- नियमित स्ट्रेचिंग करना
- सोने से एक घंटे पहले मोबाइल से दूरी बनाना भी लाभदायक है

## एनटीए ने नीट पोर्टल में तकनीकी खामियां स्वीकारीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्वीकार किया कि नीट-यूजी 2026 पुनर्परीक्षा के प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में तकनीकी या सर्वर की दिक्कत आ रही है। एनटीए ने एक्स पोस्ट में कहा कि इस समस्या को दूर करने के लिए टीमें काम कर रही हैं।

21 जून को होने वाली नीट-यूजी पुनर्परीक्षा के लिए अब तक चार लाख छात्रों ने ही प्रवेश पत्र डाउनलोड किए हैं, जबकि रद्द परीक्षा में लगभग 22 लाख छात्र शामिल हुए थे। इस बीच, कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन ने एनटीए के महानिदेशक के साथ कर पुनर्परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की।

› पोर्टल पर दबाव P08




DB®
Siggnature
Finest Pan Masala
₹300/-
100 g
₹12/-
4 g
₹12
4G PACK
DB®
Siggnature
Finest Pan Masala
A Premium Product from Dilbagh®
New Pack
DB®
Siggnature
Finest Pan Masala
A Premium Product from Dilbagh®
www.dbsiggnature.com
A Premium Product from Dilbagh®
NO NICOTINE TOBACCO
CHEWING OF PAN MASALA IS INJURIOUS TO HEALTH
NOT FOR MINORS.




## काम की खबरें

**1**

### डीडीए आवास योजना के लिए 30 तक पंजीकरण

डीडीए ने विभिन्न आवास योजनाओं के पंजीकरण और बुकिंग की तिथि को 30 जून तक बढ़ा दिया है। फ्लैट खरीदार dda.gov.in पर या नंबर 1800110332 पर कॉल करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**2**

### पीएचडी कार्यक्रमों के लिए 1 जुलाई तक आवेदन करें

इग्नू ने 36 पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी www.ignou.ac.in के अलावा ignou-phd.samarth.edu.in पर प्राप्त कर सकते हैं।

**3**

### विभिन्न पदों पर 15 जुलाई तक आवेदन का अवसर

दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) ने कई पदों पर कुल 1979 पदों पर भर्तियां निकाली हैं। इन पदों पर 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक dsssb.delhi.gov.in/dsssb-vacancies वेबसाइट पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**4**

### हरिद्वार के लिए चलेगी विशेष रेलगाड़ी

सोमवती अमावस्या के अवसर पर रेलयात्रियों के लिए उत्तर रेलवे द्वारा 16, 17 जून को विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। ट्रेन संख्या 04386/04385 हरिद्वार-दिल्ली शाहदरा-हरिद्वार और ट्रेन संख्या 04388/04387 हरिद्वार-दिल्ली-हरिद्वार जंक्शन का संचालन दोनों दिन किया जाएगा।

**5**

### आईपीयू के 12 प्रोग्राम के लिए काउंसलिंग 17 तक

गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में 12 प्रोग्राम में दाखिले के लिए चल रही ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया 17 जून तक चलेगी। इस अवधि में जरूरी दस्तावेज अपलोड किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी ipu.ac.in और ipu.admissions.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं।

## आज का मौसम

38.0° अधिकतम | 27.0° न्यूनतम

सूर्योदय : 05:23 | सूर्यास्त : 19:20

**अनुमान**
कई इलाकों में तेज हवा चलने के साथ हल्की बौछारें पड़ने के आसार हैं।

## शहर 30 s

### स्वास्थ्य जागरुकता पर विशेष परिचर्चा

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के कलानिधि संविभाग की ओर से पावरिंग हेल्थ पुस्तक के लोकार्पण और परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य और जीवनशैली से जुड़े विभिन्न विषयों पर विषेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में संतुलित जीवनशैली, योग के महत्व और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने पर विशेष चर्चा हुई।

### हर बूथ की मतदाता सूची की जांच होगी : कांग्रेस

नई दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने सोमवार को कहा कि पार्टी जमीनी स्तर पर राजधानी के तेरह हजार बूथों पर मजबूती से खड़ी है। सोमवार को करोल बाग में आयोजित बीएलए-2 प्रशिक्षण शिविर में उन्होंने कहा कि हर बूथ की मतदाता सूची की गहराई से जांच की जाएगी ताकि यह पता चल सके कि कहीं किसी वैध मतदाता का मत किसी साजिश के तहत तो काटा नहीं गया है। दिल्ली के 14 जिलो में बीएलए-2 प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।

### ट्रॉमा सेंटर में लगेगी अत्याधुनिक मशीन

नई दिल्ली। एम्स ट्रॉमा सेंटर में पुरानी हो चुकी एक अल्ट्रासाउंड मशीन को बदलकर अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन लगेगी। एम्स प्रशासन ने यह मशीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसलिए जल्दी ही यह अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन लग जाएगी। इससे एम्स ट्रॉमा सेंटर में हादसा पीड़ितों की जांच की बेहतर सुविधा मिल पाएगी। इससे उनके इलाज में आसानी होगी।

### पार्टी नेताओं को निशाना बना रही सरकार : आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में की जा रही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठाने पर उनके नेताओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। आप विधायक संजीव झा ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि सरकार की ओर से उनके मकान मालिक पर उनसे मकान खाली कराने का दबाव बनाया जा रहा है। आरोप है कि आप पार्षद गगन चौधरी का वैध मकान भी इसी वजह से तोड़ दिया गया है।

रेसकोर्स के पास रहने वाले कई लोगों ने दाखिल की है याचिका

# दूसरी जगह न जाने वालों के घर नहीं गिराएं : कोर्ट

**राहत**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को रेसकोर्स झुग्गी-झोपड़ी के लोगों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने कहा कि अधिकारी 1 जुलाई तक रेसकोर्स झुग्गी-झोपड़ी के उन लोगों के घर नहीं गिरा सकते जिन्होंने दूसरी जगह जाने का विकल्प स्वीकार नहीं किया है और दूसरी जगह नहीं गए हैं।

न्यायमूर्ति तेजस करिया एवं न्यायमूर्ति मधु जैन की अवकाशकालीन पीठ ने भाई राम कैंप, डीआईडी कैंप व मस्जिद कैंप के कुछ निवासियों की अपील पर सुनवाई करते हुए कहा कि अगर वे अपनी मर्जी से नहीं गए हैं, तो आप उन्हें 1 जुलाई तक नहीं छू सकते। ये लोग एकलपीठ के उस आदेश का विरोध कर रहे हैं जिसमें उन्हें उस इलाके से निकालने में दखल देने से मना कर दिया था, जिसमें प्रधानमंत्री का सरकारी घर भी है।

अपील करने वालों के वकील ने तत्काल सुनवाई के लिए मामले का जिक्र करते हुए कहा कि अधिकारियों ने चल रहे मुकदमे के बावजूद रविवार को इलाके में तोड़-फोड़ की। अपील करने वालों के वकील ने कहा कि उच्च न्यायालय व अधिकारियों के बीच इस बात पर आम सहमति थी कि अपील के लंबित रहने के दौरान कोई जबरदस्ती की कार्रवाई नहीं की जाएगी, खासकर इसलिए क्योंकि पुनर्वास के मुद्दे पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, केन्द्र के वकील ने इस बात पर जोर दिया कि तोड़-फोड़ की कार्रवाई इस मामले में उच्च न्यायलय के नए आदेश के अनुसार थी। जबरदस्ती की कार्रवाई पर रोक लगाने के खास आदेश को उच्च न्यायालय ने पिछली तारीख पर खारिज कर दिया था। उन्होंने आगे कहा कि जिन लोगों ने दूसरा घर ले लिया है, वे जेजे क्लस्टर में अपने घरों पर कब्जा करने का दावा नहीं कर सकते। अधिकारियों ने दूसरे घर में सुविधाएं देने के उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन किया है।

पीठ ने कहा कि वह इस मामले में एक आदेश पास करेगी, साथ ही यह भी कहा कि पुनर्वास उन लोगों के लिए है जो अपनी मर्जी से जाना चाहते हैं। एक निवासी दो घरों का दावा नहीं कर सकता। पीठ ने कहा कि आदेश साफ है। जिन लोगों ने दूसरा घर ले लिया है, उनके पास दो (घर) नहीं हो सकते।

11 मई को एकलपीठ ने तीन झुग्गी बस्तियों के लोगों को तुरंत निकालने में दखल देने से मना कर दिया था। उनसे 15 दिनों के अंदर कैंप खाली करने को कहा था। केन्द्र ने इस आधार पर उन्हें हटाने की मांग की थी कि झुग्गी-झोपड़ी एक सुरक्षित जोन में हैं, जो एक ऑपरेशनल एयर फोर्स स्टेशन के ठीक बगल में है। इलाके में बिना इजाजत के निर्माण हटाने का फैसला रक्षा ढांचे को मजबूत व सुरक्षित करने के साथ ही दूसरे जरूरी सार्वजनिक और सुरक्षा मकसदों के लिए लिया गया था।



दिल्ली रेस क्लब के पीछे स्थित भाई राम कैंप के निवासी सोमवार को बेदखली और झुग्गी झोपड़ियों में तोड़-फोड़ को लेकर परेशान नजर आए। • हिन्दुस्तान

### कब्जे पर यथास्थिति बनाए रखने से मना किया

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को इंडियन पोलो एसोसिएशन के उस आग्रह को ठुकरा दिया जिसमें रेसकोर्स इलाके में 15.20 एकड़ के जयपुर पोलो ग्राउंड पर केन्द्र के कब्जे के कदम के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश देने की मांग की गई थी। न्यायमर्ति तेजस करिया की अवकाशकालीन पीठ ने एक सत्र अदालत से बेदखली के आदेश के खिलाफ एसोसिएशन की अपील व अंतरिम रोक के लिए याचिका पर सुनवाई के आधार पर फैसला करने को कहा है।

## सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सोमवार को सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया। इसमें कुल 13,343 उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए हैं। प्रारंभिक परीक्षा 24 मई को हुई थी।

आयोग ने कहा है कि इस साल 1,016 रिक्तियों के मुकाबले कुल 13,343 उम्मीदवारों को सिविल सेवा मुख्य परीक्षा, 2026 के लिए सफल घोषित किया गया है। बीते साल, 1,087 रिक्तियों के मुकाबले मुख्य परीक्षा के लिए कुल 14,161 उम्मीदवार चुने गए थे। सभी सफल उम्मीदवारों को अपनी जानकारी देने या अपडेट करने का मौका दिया जाएगा। इसके लिए यूपीएससी की वेबसाइट 19 से 28 जून तक खुली रहेगी।

आयोग ने कहा है कि उन्हें स्क्राइब (लेखक) की जानकारी, सहायक उपकरण और प्रश्न पत्र और कैडर प्राथमिकता भरने जैसी जानकारी भी देनी होगी।

## इमरजेंसी ब्लड हेल्पलाइन शुरू

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आरएमएल अस्पताल के लिए एक विशेष इमरजेंसी ब्लड हेल्पलाइन की शुरुआत की गई। इसका मकसद जरूरतमंद मरीज को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है।

दिल्ली प्रदेश भाजपा के महामंत्री विष्णु मित्तल की पहल पर इसे शुरू किया गया है। इच्छुक रक्तदाता और स्वयंसेवक गैर सरकारी संगठन की वेबसाइट **Aaosathchalen.org** पर पंजीकरण कर सकते हैं। सोशल मीडिया या टीम से सीधे संपर्क कर भी इस अभियान से जुड़ सकते हैं। हेल्पलाइन मरीजों और रक्तदाताओं के बीच त्वरित सेतु का कार्य करेगी।

# मां आनंदमयी मार्ग से मेट्रो स्टेशन जाना आसान होगा

**सहूलियत**

■ हरकेश नगर मेट्रो स्टेशन तक नई सड़क का निर्माण किया जाएगा

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में मां आनंदमयी मार्ग से हरकेश नगर मेट्रो स्टेशन तक नई सड़क बनने से लाखों लोगों को फायदा होगा। इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का काम इस माह पूरा होने की उम्मीद है।

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार, गोविंदपुरी मेट्रो स्टेशन से आगे मां आनंदमयी मार्ग से हरकेश नगर की ओर जाने वाले मेट्रो कॉरिडोर के साथ खाली भूमि उपलब्ध है। विभाग इसी जमीन पर मेट्रो कॉरिडोर के साथ 900 मीटर की नई सड़क विकसित करेगा। यह सीधे हरकेश नगर मेट्रो स्टेशन तक पहुंचेगी। इससे लोगों का समय बचेगा और यातायात संबंधित परेशानियों से भी राहत मिलेगी।

हरकेश नगर स्टेशन दिल्ली मेट्रो कॉरिडोर की वॉयलेट लाइन पर है। हरकेश नगर, ओखला औद्योगिक क्षेत्र फेज-एक और फेज-दो, इंदिरा कल्याण विहार, कालकाजी एक्सटेंशन ब्लॉक-ए, तुगलकाबाद और आसपास की कई कॉलोनियों के लोग इससे सफर करते हैं। इस स्टेशन तक पहुंचने के लिए अभी कोई सीधा मार्ग नहीं है।

**लंबा चक्कर लगाना पड़ता है :** मां आनंदमयी मार्ग से आने वाले यात्रियों को ऋषि कश्यप चौक, ओखला एस्टेट मार्ग और महाराजा अनंगपाल तंवर मार्ग से होते हुए लंबा चक्कर लगाकर स्टेशन पहुंचते हैं। बीच में उन्हें ओखला औद्योगिक क्षेत्र से होकर गुजरता है, जहां भारी वाहनों की आवाजाही रहती है।

ट्रकों और अन्य व्यावसायिक वाहनों के कारण अक्सर जाम मिलता है। करीब 2.5 किलोमीटर के सफर में लोगों को 15 मिनट का समय लगता है।

**Maa Shakumbhari University, Saharanpur**
(A State University, Uttar Pradesh)
**Recruitment Notice**
Date: 16/06/2026

| | | |
|---|---|---|
| 01 | Professor | Advt. No- 02/24/ प्रशा०/MSU/2026-27 |
| 02 | Associate Professor | Advt. No- 03/24/ प्रशा०/MSU/2026-27 |
| 03 | Assistant Professor | Advt. No- 04/24/ प्रशा०/MSU/2026-27 |

Online Applications are invited on prescribed format to fillup posts of Professor, Associate Professor and Assistant Professor in different schools (Departments) of the University. Last date for submission of online forms is 16-07-2026 and Print out of the duly filled application along with all annexures should reach only by registered/speed post to the office of Registrar on or before 27-07-2026 till 05:00 PM

Note : For details, please visit the university website https://msuniversity.ac.in

Kamal Krishna
Registrar

## तय समय पर शुरू नहीं हो पाया पोर्टल

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** डीयू में परास्नातक दाखिला को लेकर पोर्टल तय समय पर शुरू नहीं हो सका। सोमवार रात 10 बजे के बाद तक छात्रों ने समर्थ पोर्टल शुरू होने का इंतजार किया।

15 जून शाम पांच बजे से समर्थ पोर्टल पर छात्रों को सीट एलोकेशन व दाखिला के लिए डीयू की दाखिला शाखा से जानकारी प्राप्त थी। शाम पांच बजे से पहले ही छात्र डीयू की दाखिला वेबसाइट खोलकर बैठ गए लेकिन रात 10 बजे के बाद तक छात्रों को इंतजार करना पड़ा। पहले राउंड का सीट एलोकेशन और स्वीकार करने का समय 17 जून, जबकि 19 जून तक फीस भुगतान करने का निर्देश है।

# दूषित जल पर नजर रखेगी मशीन

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली जल बोर्ड ने दूषित पानी की समस्या के समाधान के लिए दक्षिणी दिल्ली के गुलमोहर पार्क में पायलट परियोजना के रूप में एक ऑनलाइन वाटर एनालाइजर मशीन लगाई है। एक सप्ताह में यह मशीन पूरी तरह कार्यरत हो जाएगी। इससे पानी की गुणवत्ता की एक जगह से निगरानी हो सकेगी।

जल बोर्ड कि यह पहल यदि सफल होती है, तो पूरी दिल्ली में ऑनलाइन वाटर एनालाइजर मशीन लगाई जाएगी। जिससे दूषित पानी की निगरानी और उसका समाधान करने में मदद मिलेगी। इस मामले की जानकारी देते हुए मालवीय नगर के सतीश उपाध्याय ने कहा कि गुलमोहर पार्क में एक सप्ताह पहले ही सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत यह मशीन लगाई गई है।

यह मशीन पानी की पाइप लाइन के टैप से जुड़ी होती है। बता दें कि हाल ही में उन्हें जल बोर्ड का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मंगलवार को वह जल बोर्ड के उपाध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे। उन्होंने कहा कि यह मशीन इसलिए लगाई गई है क्योंकि दस दिन पहले इलाके में दूषित जलापूर्ति की शिकायत मिली थी। जल बोर्ड ने उन शिकायतों को दूर किया। सभी पाइप लाइन भूमिगत होती है। इसके मद्देनजर ऑनलाइन वाटर एनालाइजर लगाई गई है, जिससे पानी में पीएच (पोटेंशियल ऑफ हाइड्रोजन), टीडीएस (टोटल डिजॉल्व सॉलिड), एनटीयू (नेफेलोमेट्रिक टर्बिडिटी यूनिट) व क्लोरीन की निगरानी हो सकेगी।

इससे यह पता चल सकेगा कि दूषित पानी कहीं पीछे तो नहीं आ रहा है। यदि पहल सफल होती है तो पूरी दिल्ली में इस तरह की मशीन लगाई जाएगी।



■ ऑनलाइन वाटर एनालाइजर मशीन से की जाएगी निगरानी

**योजना** | उपराज्यपाल ने यमुना पुनर्जीवन से जुड़ी परियोजनाओं को लेकर समीक्षा की, कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए

# यमुना बाजार के 32 घाटों की सूरत संवरेगी

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** यमुना बाजार के 32 घाटों का कायाकल्प करने की योजना छह महीने में शुरू होगी। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने डीडीए की ओर से यमुना पुनर्जीवन से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

लोक निवास के अधिकारी ने बताया कि हाल ही में यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में डीडीए अधिकारियों के साथ उपराज्यपाल ने बैठक की। उन्होंने कहा कि यमुना बाढ़ क्षेत्र से संबंधित परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए तेजी लाई जानी चाहिए।

**बाढ़ क्षेत्र में 35 जलभूमियों का विकास :** बैठक में बताया गया कि यमुना के बाढ़ क्षेत्र में देसी प्रजाति के साथ पौधे और नदी किनारे वाली घास लगाई गई है, जबकि बाढ़ क्षेत्र में 35 नम भूमियों और जलाशयों का विकास किया गया है। उपराज्यपाल ने नदी के किनारे विकसित असीता, बांसेरा, अमृत जैव विविधता पार्क, यमुना वनस्थली, कालिंदी अविरल और यमुना वाटिका की प्रगति की भी समीक्षा की।

## अभियान में 116 मीट्रिक टन कचरा निकाला

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** यमुना को स्वच्छ, निर्मल और अविरल बनाने के लिए रविवार को चलाए गए स्वच्छता अभियान में कुल 116.6 मीट्रिक टन कचरा निकाला गया।

राजधानी के 28 प्रमुख यमुना घाटों पर एक साथ मां यमुना तट स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया था जिसमें करीब 15 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। अभियान के दौरान यमुना घाटों, नदी तटों, पहुंच मार्गों और आसपास के सार्वजनिक क्षेत्रों की व्यापक सफाई की गई तथा कचरे को एकत्र कर वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित किया गया।

दिल्ली सरकार के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण, लोक निर्माण, दिल्ली जल बोर्ड, नगर निगम, राजस्व सहित कई विभागों ने संयुक्त रूप से इस अभियान को सफल बनाया। अभियान के दौरान एकत्र किए गए कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित कर पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप निस्तारित किया गया।



# विवाह समारोह का बजट 15 प्रतिशत तक बढ़ने से चिंता बढ़ी




मध्य-पूर्व में युद्ध का असर राजधानी में होने वाले विवाह समारोह के बजट पर भी पड़ा। एक माह पहले की तुलना में 19 जून से शुरू हो रहे सहालग में होने जा रही शादियों का बजट करीब 10 से 15 फीसदी तक बढ़ गया है। एक अनुमान के मुताबिक, प्रत्येक शादी के बजट में औसतन तीन से पांच लाख रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। इसने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। हिन्दुस्तान की रिपोर्ट...

## गहनों का खर्च दोगुना हुआ

मूल रूप से उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी और न्यू राजेंद्र नगर में रहने वाले कारोबारी अशोक अग्रवाल ने बताया कि अगले महीने उनके बेटे नमन की शादी है।

उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा असर सोने की कीमतें बढ़ने से पड़ा है। दुल्हन के आभूषण हों या नेगचार के लिए खरीदे जाने वाले गहने, सोने-चांदी की बढ़ी कीमतों के कारण ज्यादा रुपये खर्च करने के बाद भी कम वजन के आभूषण की खरीद हो सकी है। पिछले साल कुछ आभूषण बनवाए थे जिसके लिए करीब दो लाख रुपये देने पड़े थे। अब उतने आभूषण के लिए चार लाख से ज्यादा खर्च करने पड़े। होटल बुकिंग भी पहले से ज्यादा दाम पर हुई है। आशोक की पत्नी रंजीता ने कहा कि कपड़े खरीदने के दौरान भी


अशोक अग्रवाल और रंजीता अग्रवाल

महंगाई का असर देखने को मिला। अभी कुछ साल पहले ही उनके परिवार में एक अन्य शादी के दौरान की गई खरीदारी और अभी उनके बेटे नमन की शादी के वक्त कपड़े खरीदने के दौरान दामों में काफी अंतर देखने को मिला। पहले कपड़ों के लिए जहां डेढ़ से दो लाख रुपये खर्च करने पड़े थे, वहीं इस बार खर्च तीन लाख से भी ऊपर पहुंच गया।

## बैंक्वेट हॉल के दाम दस हजार रुपये तक बढ़े

बैंक्वेट हॉल की बुकिंग से लेकर केटरिंग और सजावट तक के खर्च में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। खजूरी स्थित बैंक्वेट हॉल अंबिका पैलेस के प्रबंधक प्रकाश ने बताया कि श्रमिक, डीजल और परिवहन लागत बढ़ने से बुकिंग के कीमतों पर असर पड़ा है। पहले 250 लोगों तक के छोटे कार्यक्रम के लिए हॉल 45-50 हजार रुपये में बुक किया जाता था, अब इसका रेट 60 हजार कर दिया गया है। इसमें केटरिंग अलग है। वहीं, जश्न बैंक्वेट हॉल के पदाधिकारी रंजन ने बताया कि 400 लोगों के कार्यक्रम के लिए हॉल बुकिंग का खर्चा 90-95 हजार रुपये है। कैटरिंग के साथ प्रति प्लेट के दाम में 150 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। अब 200 लोगों के कार्यक्रम में प्रति प्लेट 700 रुपये खर्च हो रहे हैं।

## केटरिंग की कीमतों में 25% तक का उछाल

कमला नगर के कैटरिंग व्यापारी विष्णु बदरी ने बताया कि पेट्रोल-डीजल, सीएनजी व एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी ने कैटरिंग के रेट में वृद्धि की है। छह महीने पहले शादी समारोह के लिए डेढ़ से दो सौ लोगों के लिए 1500 रुपये प्रति प्लेट के तहत बुकिंग की गई। अब इसमें मेन्यू के आधार पर 20 से 25 फीसदी की बढ़ोतरी हो चुकी है। छोटे समारोह के लिए 1000 से 1500 रुपये प्रति प्लेट का रेट होता था और बड़े समारोह के लिए 2000 से 2500 रुपये प्रति प्लेट लागत थी। अब छोटे समारोह के लिए 1200 से 1750 रुपये प्रति प्लेट और बड़े समारोह के लिए 2500 से 3200 रुपये प्रति प्लेट की लागत हो चुकी है। इससे काफी खर्च बढ़ गया है।

## कपड़ों पर एक लाख का खर्च बढ़ गया

आभूषणों और खाने के बाद शादी में तीसरा बढ़ा खर्च कपड़ों का होता है। चांदनी चौक के थोक कपड़ा व्यापारी श्रीभगवान बंसल ने बताया कि शादियों में न केवल दूल्हा-दुल्हन, बल्कि परिवार और रिश्तेदार भी परिधानों की खरीदारी करते हैं। बनारसी, कांजीवरम, सिल्क और जार्जट साड़ियों की कीमतों में 15-25 प्रतिशत की तेजी आई है। धागे, सिल्क, माल ढुलाई और सिलाई महंगी होने के कारण लहंगे और शेरवानी की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। वहीं एक डिजाइनर ने बताया कि पहले शेरवानी का सेट 75 हजार में आता था लेकिन अब सिलाई, कपड़ा सब महंगा हो गया है। आज के समय में उसी शेरावानी का रेट जूतों के साथ एक लाख रुपये पहुंच गया है।

## दुल्हन के मेकअप की कीमत

| मेकअप | पहले | अब |
|---|---|---|
| बेसिक | ₹10,000 | ₹11,000 |
| एचडी | ₹20,000 से ₹30,000 | ₹22,000 से ₹38,000 |
| एयरब्रश | ₹22,000 से ₹40,000 | ₹25,000 से ₹44,000 |
| रुटीन | ₹650 से ₹2500 | कोई बदलाव नहीं |

## सजना-संवरना भी महंगा हुआ

ब्यूटी पार्लर में सजना-संवरना भी महंगा हो गया है। आरके पुरम सेक्टर-6 में ब्यूटी पार्लर और सैलून संचालकों ने अलग-अलग फेशियल और पैकेज के दाम बढ़ा दिए हैं। ब्यूटी पार्लर की संचालिका मीनू ने बताया कि यहां आसपास सरकारी कर्मचारियों के आवास हैं। ऐसे में महंगाई को देखते हुए अधिक कीमत नहीं बढ़ा सकते हैं। हालांकि, जो चीजें असर डाल रही हैं उनमें कीमत जरूर बढ़ा दी है। उन्होंने बताया कि कॉस्मेटिक का सामान महंगा होने से यह कीमतें बढ़ाई गई हैं। वहीं, सैलून में कार्य करने वाले चांद ने बताया कि हाइड्रा फेशियल की कीमत 1500 से बढ़ाकर दो हजार रुपये कर दी है।

"बेटी की शादी नवंबर में होनी है। मैंने अभी से बैंक्वेट हॉल व केटरिंग वालों को बुक करना शुरू कर दिया है, ताकि परेशानी न हो। बजट 20 लाख से बढ़कर 23 लाख पहुंच गया है। - **लाल चंद**, अशोक नगर

"भाई की शादी 24 जून को है। तैयारी छह महीने पहले से चल रही है। महंगाई बढ़ने की वजह से केटरिंग संचालक ने कीमत बढ़ा दी है। पहले बजट 10 लाख तक था। अब यह 13 लाख पहुंच गया है। -**रितुज दत्त**, नवादा

## ई-रिक्शा स्क्रैप पर सरकार मदद देगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार की प्रस्तावित इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति 2.0 के तहत पुराने ई-रिक्शा और ग्रामीण सेवा वाहनों (ग्रामीण सेवा) को स्क्रैप करने पर प्रोत्साहन राशि देने की तैयारी कर रही है।

अधिकारियों के अनुसार, अंतिम नीति में इस प्रस्ताव को शामिल किया जा सकता है। प्रस्ताव के मुताबिक, जनवरी 2015 से दिसंबर 2022 के बीच दिल्ली में पंजीकृत यात्री ई-रिक्शा को अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्र पर जमा करने पर मालिकों को 5,000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि मिल सकती है।

## छात्राएं कैंपस का भ्रमण कर सकेंगी

**नई दिल्ली, प्र. सं.।** डीयू का मिरांडा हाउस कॉलेज दाखिले की इच्छुक छात्राओं के लिए कैंपस टूर और ओपन हाउस करने जा रहा है। कक्षा 12 की छात्राओं को ओपन हाउस सत्र में आमंत्रित किया गया है।

यह सत्र 17-19 जून और 22 जून को कॉलेज परिसर में आयोजित होगा। इसका उद्देश्य सीयूईटी अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों को मिरांडा हाउस के शैक्षणिक वातावरण, उपलब्ध अवसरों से परिचित कराना है।

# नालों में कचरा बता रहा सफाई की हकीकत

**हि पड़ताल**

राजधानी में मानसून से पहले नालों की सफाई के दावों की हिन्दुस्तान टीम ने पड़ताल की। रविवार को नगर निगम के नालों की स्थिति को देखा गया। वहीं सोमवार को पीडब्ल्यूडी के नालों की पड़ताल की गई। 15 जून की समयसीमा पूरी होने के बाद भी नालों की सफाई नहीं हो सकी है। कहीं सफाई कार्य अधूरा है तो कहीं निकाली गई गाद को नालों के किनारे ही जमा कर दिया गया है।

## काम के नाम पर की गई सिर्फ खानापूर्ति

**पटपड़गंज**
01:00 बजे, दोपहर

**एनएच-9** के किनारे स्थित पीडब्ल्यूडी के नाले की सफाई ठीक से नहीं हुई। नेहरू कैंप झुग्गी क्षेत्र से लेकर आईपी एक्सटेंशन से आगे तक नाले में झांकने पर लंबे समय से जमा कचरा सतह पर तैरता दिखाई दिया।

आईपी एक्सटेंशन निवासी प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि नालों की सफाई को लेकर राजधानी में हमेशा कोताही बरती जाती है। दिखाने के लिए नाममात्र गाद निकाली जाती है, जबकि वास्तविक सफाई कभी नहीं होती। जब बारिश होती है और जलभराव होता है, तब पता चलता है कि सफाई के दावे खोखले थे।

उन्होंने सरकार से नालों की सफाई को लेकर नीति बनाने की मांग की। उनका कहना है कि सरकार को यह तय करना चाहिए कि हर नाले से कितनी गाद निकाली जानी जरूरी है। इसकी निगरानी के लिए तंत्र बनाना चाहिए।


सीलमपुर इलाके में गंदगी से अटा पड़ा मुख्य नाला। यहां उठ रही तेज दुर्गंध के कारण आसपास के लोग परेशान है। • सोनू मेहता

**जिम्मेदार बोले..**

## पीडब्ल्यूडी अफसरों ने चुप्पी साधी

नालों के सफाई कार्य की समयसीमा सोमवार को खत्म हो गई। हिंदुस्तान पड़ताल में सामने आया कि कई नाले अब तक साफ नहीं हुए हैं।

इस मामले में पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार अधिकारियों से फोन कर और मैसेज कर पक्ष मांगा गया, लेकिन उनका कोई जवाब नहीं आया। हालांकि मानसून को लेकर तैयारियां जल्द पूरी करने की बात विभाग की ओर से जरूर कही गई।

## पीछे से बहकर आ रही गंदगी के कारण हो रही दिक्कत

**आरके पुरम सेक्टर 12**
03:00 बजे, दोपहर

आरके पुरम सेक्टर 12 स्थित रिंग रोड के पास नाले की सफाई का कार्य किया जा रहा है। मानसून को देखते हुए दिल्ली नगर निगम और लोक निर्माण विभाग दोनों अपने हिस्से की सफाई कर रहे हैं। हालांकि, यह सफाई कार्य रविवार से ही शुरू किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि पहले एमसीडी अपने हिस्से की सफाई कर रही है। इसके बाद पीडब्ल्यूडी रिंग रोड की ओर नाले की सफाई कार्य करेगा। यहां आस-पास रहने वाले लोगों ने बताया कि दो महीने पहले भी नाले की सफाई की गई थी, लेकिन पीछे से काफी कचरा नाले में बहता हुआ आता है तो यह बंद हो जाता है।

आंबेडकर बस्ती में रहने वाले करण ने बताया कि बारिश के समय यह नाला ओवरफ्लो हो जाता है। ऐसे में यहां पूरा पानी भर जाता है। उम्मीद है कि इस बार यह स्थिति दोबारा नहीं होगी। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमित सफाई होती रहे तो इस तरह की परेशानी न हो। विभागों का इसके लिए योजना बनानी चाहिए।

## सड़क पर गाद छोड़ देने से लोगों को परेशानी हो रही

**कांति नगर**
01:30 बजे, दोपहर

**मानसून** की दस्तक से पहले नालों की सफाई को लेकर प्रशासनिक दावे एक बार फिर जमीनी हकीकत से दूर नजर आ रहे हैं। कांति नगर क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी के अधीन आने वाला नाला कूड़े-कचरे और गाद से भरा पड़ा है।

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि सफाई कार्य नियमित रूप से नहीं किया जा रहा। एक सप्ताह में केवल एक-दो दिन क्रेन के जरिए सफाई होती है, लेकिन उसके बाद तीन-चार दिन तक काम अधूरा छोड़ दिया जाता है। इस लापरवाही के कारण नाले की स्थिति जस की तस बनी हुई है।

लोगों का कहना है कि हर साल नालों की सफाई का लक्ष्य तय किया जाता है, लेकिन काम समय पर पूरा नहीं होता। स्थानीय निवासी आलोक सिंह ने बताया कि सफाई के बाद निकाली गई गाद को किनारे ही छोड़ दिया जाता है, जिससे दुर्गंध फैलती है।

## मरम्मत के नाम पर गड्ढे को खुला छोड़ा

**मां आनंदमयी मार्ग**
02:00 बजे, दोपहर

**दक्षिणी** दिल्ली के मां आनंदमयी मार्ग पर नाले की सफाई और मरम्मत के नाम पर पिछले एक सप्ताह से सड़क किनारे कई जगह गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं।

इससे फुटपाथ पर चलने वालों और बाइकसवारों के लिए हादसे का खतरा बढ़ गया है। इसके अलावा खोदे गए नाले के चारों ओर निर्माण सामग्री एवं मलबा फैला है। राहगीरों की सुरक्षा के लिए केवल एक तरफ बैरिकेड्स भी बेतरतीब ढंग से लगाए हैं।

## जल निकासी के लिए ठोस इंतजाम करने की दरकार

**बाहरी दिल्ली**
02:30 बजे, दोपहर

बाहरी दिल्ली के बेगमपुर क्षेत्र में चार फीट से बड़े नालों की सफाई व्यवस्था को लेकर नागरिक चिंतित हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, बेगमपुर में बड़े नालों में नियमित सफाई की आवश्यकता है।

मानसून के आते ही पूरे क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। स्थानीय निवासी सुभाष ने कहा कि नालों की जल निकासी को लेकर भी उचित कदम उठाए जाने चाहिए। इसमें लगातार सफाई की भी जरूरत है। इस पूरे क्षेत्र में अतिरिक्त ड्रेनेज प्रणाली पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। इस क्षेत्र में मानसून से कुछ दिन पहले ही सफाई व्यवस्था पर ध्यान दिया जाता है, पूरे साल सफाई नहीं होती है।

■ ड्रेनेज सिस्टम को और बेहतर बनाने की मांग स्थानीय लोगों ने की

## शहर 30s

### निगम को एमआरएस मशीनें मिलेंगी

**नई दिल्ली।** सड़कों की सफाई के लिए एमसीडी के बेड़े में दो सौ से अधिक नई मैकेनिकल रोड स्वीपिंग (एमआरएस) मशीनें शामिल होंगी। महापौर प्रवेश वाही ने बताया कि केंद्र सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम पहल के तहत इन नई मशीनों को एमसीडी के बेड़े में चरणबद्ध तरीके से शामिल किया जाएगा। इसमें दिल्ली सरकार की तरफ से भी कई एमआरएस मशीनें निगम को सौंपी जाएंगी। महापौर ने कहा कि इससे सड़कों से धूल प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी।

### विकासपुरी में आधार सेवा केंद्र की शुरुआत

**नई दिल्ली।** विकासपुरी में सोमवार को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इससे पूरे पश्चिमी दिल्ली क्षेत्र के लोगों को फायदा होगा। इस दौरान दिल्ली सरकार के मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह भी मौजूद रहे। सेंट्रल दिल्ली और नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली में दो नए आधार सेवा केंद्रों की स्थापना की योजना अंतिम चरण में है, जिससे आधार पंजीकरण सेवाएं और बेहतर होंगी। पांच से 17 साल तक के बच्चों के लिए बायोमेट्रिक अपडेट कैंपेन चलाया जा रहा है।

### हिंदू राव अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित

**नई दिल्ली।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर हिंदू राव अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसकी पहल अस्पताल की मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. सुमन मेहंदीरत्ता, ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. आरज़ू और विभागाध्यक्ष डॉ. सोमपाल सिंह के मार्गदर्शन में की गई। इस दौरान अस्पताल के डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों और अन्य लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

### जंतर-मंतर पर अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** ओमान की खाड़ी में अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों के मारे जाने पर सोमवार को जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन क्रांतिकारी युवा संगठन के बैनर तले किया गया। इसमें खाड़ी क्षेत्र में व्यावसायिक जहाजों पर हाल ही में हुए अमेरिकी सैन्य हमलों की निंदा की गई। इस दौरान मारे गए नाविकों के परिवारों के प्रति एकजुटता और संवेदना व्यक्त की। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से इस मामले में कड़ रुख अपनाने की मांग की है।

### डीडीए खेल परिसर में मिलेगी कोचिंग की सुविधा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के वसुंधरा एनक्लेव स्थित चिला खेल परिसर में कई खेलो की कोचिंग की सुविधा शुरू की गई है। इस संबंध में डीडीए अधिकारियों ने बताया कि इस खेल परिसर में लॉन टेनिस, स्विमिंग पूल, फुटबॉल, बैडमिंटन व स्केटिंग जैसे खेलों की सुविधा के साथ खिलाड़ी और युवा कोचिंग की सुविधा भी प्राप्त कर सकते है। लगभग दस एकड़ में फैले इस खेल परिसर में सदस्यता भी शुरू हो चुकी है। इसमें कई सुविधाएं मिलेंगी।

### चिड़ियाघर में 'स्वच्छता पखवाड़ा' का समापन

**नई दिल्ली।** चिड़ियाघर में स्वच्छता पखवाड़ा की गतिविधियों का सोमवार को समापन हो गया। इस दौरान स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। इसमें प्रदूषण के विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। स्कूली छात्रों ने स्वच्छता और साफ-सफाई पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। वहीं, छात्रों ने तितलियों, जुगनू और स्वच्छता पर विशेषज्ञों की बातचीत की। कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

### छात्रों को ऐतिहासिक स्थलों की बुकलेट मिलेगी

**नई दिल्ली।** चौथी से छठी कक्षा के छात्र आने वाले दिनों में दिल्ली की विरासत को आसानी से समझ और जान सकते हैं। दिल्ली सरकार छात्रों के लिए पासपोर्ट जैसी एक बुकलेट लाने की योजना बना रही है। इसमें शहर के 23 ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी शामिल होगी। दिल्ली पर्यटन विभाग यह कार्यक्रम शिक्षा विभाग के साथ मिलकर तैयार कर रहा है। इसे 15 अगस्त के बाद शुरू जा सकता है। यह तकरीबन छह महीने तक चलेगा।

हि श्रद्धांजलि



Remembering
SHRI R. D. AGRAWALA
on his Birthday
Today, as we celebrate your birthday, it brings back precious memories of a life filled with love, wisdom, and kindness. Though you are no longer, physically with us, you remain forever in our hearts, guiding and inspiring us every day. Fondly remembered and deeply missed by
Saroj (Wife)
Sameer & Shikha (Son & Daughter-in-law)
Neeti (Granddaughter)
Lakshman Dass & Kamlesh (Brother & Sister-in -law)
Satish Kumar & Mukul (Brother & Sister-in -law)
Manorama & Dr. P.C. Agrawal (Sister & Brother-in -law)

चतुर्थ पुण्यतिथि



श्री के. के. शर्मा
(02.09.1942 - 16-06-2022)
Founder
Shri Krishna Vatika, Shiv Vihar
चिट्ठी ना कोई सन्देश
जाने वो कौन सा देश
जहाँ तुम चले गए
स्मृति विशेष द्वारा
सरोज देवी
रमेश चंद शर्मा
सुधा-कमल प्रकाश शर्मा
विधि- राकेश शर्मा
रेखा-मनोज कौशिक
रीतु - विवेक शर्मा
शैफाली-सत्यकाम शर्मा
अभिनव, कृति, प्रांजल
सिद्धान्त

# शाहदरा स्टेशन ट्रांसपोर्ट हब बनेगा

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** मेट्रो की रेड लाइन पर बना शाहदरा स्टेशन जल्द ही मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित किया जाएगा। सोमवार को इसके लिए दिल्ली मेट्रो, रेलवे, परिवहन, ट्रैफिक पुलिस आदि विभागों ने संयुक्त सर्वे किया है।

पीएमओ के निर्देश पर इस स्थान को लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाएगा ताकि उनका सफर आसान बने और जाम की समस्या खत्म हो। गौरतलब है कि शाहदरा में मेट्रो और रेलवे स्टेशन आसपास ही बने हुए हैं, लेकिन फिलहाल यह आपस में जुड़े नहीं है। करीब 10 वर्ष पहले इस स्थान को मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित करने की योजना यूटीपैक की ओर से तैयार की गई थी। इसमें तय किया गया था कि स्टेशन के आसपास जाम मुक्त सफर के साथ लोगों को विभिन्न परिवहन विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे, लेकिन एक दशक तक इस परियोजना में जमीनी स्तर पर काम नहीं हो सका। बीते मई माह में पीएमओ में हुई एक विशेष बैठक में दिल्ली को जाम मुक्त करने के विषय पर चर्चा हुई। इसमें शाहदरा को लेकर भी चर्चा हुई जिसे मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब (जहां से बस, मेट्रो, ट्रेन, ऑटो, ई-रिक्शा आदि की सेवा उपलब्ध हो) के रूप में विकसित किया जाना है।

### पार्किंग में ऑटो, ई-रिक्शा को जगह मिलेगी

शाहदरा मेट्रो स्टेशन के बाहर बनी पार्किंग में अभी निजी वाहन खड़े होते हैं। वहीं, ई-रिक्शा और ऑटो सड़क पर रहते हैं जिस वजह से वहां जाम लगता है। ऐसे में मेट्रो स्टेशन की पार्किंग में 30 से 40 ऑटो एवं ई-रिक्शा को खड़ा रखने के लिए अलग लेन बनाई जा सकती है। इससे स्टेशन के बाहर जाम की समस्या कम होगी।

# नशे के कारोबार में लिप्त थे आगजनी के आरोपी

**हि फॉलोअप**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** तुगलकाबाद एक्सटेंशन स्थित पांच मंजिला इमारत में हुए अग्निकांड की जांच में पुलिस को नशे की तस्करी से जुड़े कई अहम सुराग मिले हैं।

पुलिस की जांच में सामने आया है कि आगजनी के मामले में गिरफ्तार तीनों आरोपी इलाके में नशे के अवैध कारोबार के संगठित नेटवर्क का संचालन भी कर रहे थे। आरोपी न केवल नशा सप्लाई करते थे बल्कि गली गली तक नशा पहुंचाने के लिए नाबालिगों का भी इस्तेमाल करते थे। आरोपी सरिता की दीपक से जान पहचान थी। सरिता चाहती थी कि दीपक उनके गिरोह से जुड़ जाए और नशा तस्करी में उनकी मदद करें क्योंकि दीपक ओला, उबर की बाइक सर्विस से जुड़ा हुआ है। तो कोई उस पर शक भी नहीं करता। लेकिन दीपक ने तस्करी करने से मना कर दिया, जिसके बाद सरिता उससे गुस्सा थी। जिसको लेकर दोनों के बीच वारदात से दो दिन पहले भी विवाद हुआ था। इसी विवाद ने आगजनी जैसी खौफनाक वारदात को जन्म दिया, जिसमें एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई।

### प्रतिबंधित नशीली दवाईयों की सप्लाई करते थे आरोपी

पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार को मुख्य आरोपी निरंजन, उसके भाई राजकुमार और महिला आरोपी सरिता को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि तीनों लंबे समय से क्षेत्र में एविल इंजेक्शन और अन्य नशीली दवाओं की सप्लाई का नेटवर्क चला रहे थे। गिरोह का संचालन निरंजन करता था, जबकि राजकुमार नशीले इंजेक्शन और दवाओं की व्यवस्था करता था। सरिता की भूमिका नए लोगों को गिरोह से जोड़ने और उन्हें नशे की सप्लाई के लिए तैयार करने की थी।

### कोर्ट में आज पेश होंगे

तीनों आरोपियों की पुलिस रिमांड आज खत्म हो रही है। पुलिस तीनों को कोर्ट में पेश करेगी। पुलिस मुख्य आरोपी निरंजन की रिमांड दोबारा ले सकती है क्योंकि अभी पुलिस नशा तस्करी और आरोपियों को प्रतिबंधित दवाओं के सप्लायर की जानकारी जुटा रही है। ऐसे में निरंजन से पूछताछ जरूरी है।

**खुलासा** | साढ़े पांच वर्षों में 52 पुलिसकर्मियों पर दुष्कर्म के मुकदमे दर्ज, 925 पुलिसकर्मी के खिलाफ कई संगीन अपराध के मामले भी चल रहे

# दिल्ली पुलिस के हर 100 में से एक जवान पर आपराधिक केस

■ **निखिल पाठक**

**नई दिल्ली।** देश की सबसे हाईटेक सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाली दिल्ली पुलिस के दामन पर "अपराध" के दाग ने महकमे की साख को हिलाकर रख दिया है।

सूचना का अधिकार (आरटीआई) से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि करीब 80 हजार से अधिक के पुलिस बल वाली दिल्ली पुलिस का हर 100 में से एक जवान आपराधिक मामलों में आरोपी है। वर्ष 2020 से मई 2026 के बीच यानि साढ़े पांच सालों में कुल 925 पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज हुए हैं। इसी फोर्स के 52 पुलिसकर्मियों पर दुष्कर्म जैसे संगीन आरोपों में केस दर्ज हैं। हैरानी की बात यह कि इतने वर्षों के बावजूद एक भी पुलिसकर्मी को किसी मामले में सजा नहीं हुई है। यह जानकारी अधिवक्ता गौरव भारद्वाज द्वारा 28 अप्रैल को दायर आरटीआई के जवाब से सामने आई है। उन्होंने पुलिस विभाग से वर्ष 2020 से अब तक दुष्कर्म सहित अन्य मामलों में फंसे पुलिसवालों का ब्योरा मांगा था। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक, कैदियों को अदालत ले जाने वाली विंग में दुष्कर्म के 14 आरोपी जवान तैनात हैं। इसी यूनिट में 136 ऐसे जवान भी तैनात हैं, जिनके खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### न्याय की सुस्त रफ्तार, एक को भी सजा नहीं

इन मामलों में जितनी चौंकाने वाली आरोपियों की संख्या है, उतनी ही हैरान करने वाली न्यायिक प्रक्रिया की सुस्ती है। सबसे ज्यादा विचलित करने वाली बात यह है कि पिछले साढ़े पांच सालों में इन 925 आरोपी पुलिसकर्मियों में से अब तक एक भी जवान को अदालत से सजा नहीं हुई है। कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि खाकी वर्दी पर संगीन अपराध के आरोप लगने पर पुलिस की जांच सुस्त पड़ जाती है, जिससे निष्पक्षता और पारदर्शिता पर असर पड़ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे मामलों में स्वतंत्र एजेंसियों से जांच और समयबद्ध ट्रायल जरूरी है, ताकि दोषियों को सजा मिल सके और पुलिस व्यवस्था में भरोसा कायम रह सके।

### प्रमुख आंकड़े




"दुष्कर्म जैसे मामलों में कानून के तहत समयबद्ध तरीके से ट्रायल पूरा किया जाना चाहिए, ताकि पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। हालांकि, जब खाकी पर आरोप लगते हैं, तब जांच की रफ्तार धीमी पड़ जाती है। इससे न केवल न्याय प्रक्रिया प्रभावित होती है, बल्कि पुलिस की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होते हैं।
-**गौरव भारद्वाज**, अधिवक्ता






Late Sh. B S Sharma
(27/11/1927 - 22/11/2012)
Late Smt. Prem Lata
(16/06/1932 - 8/01/1982)
Your lives were a blessing, your memories a treasure. Loved beyond words and missed beyond measure. With love, respect, and gratitude, we cherish your memories. Your blessings and values continue to guide us. Forever in our hearts - **Rajendra, Vineeta, Aishwarya, Madhvi, Vivek, Samita, Ananya, Sowmya, Manju, Bhuvan, Poorva, Madhu, Gopal, Jyoti, Amit, Neha, Sourabh, Arun, Mansi, Reuben.**



Loot Blink
SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!
JOIN INDIA'S MOST TRUSTED
DEALS CHANNEL
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED
SAB PE BADI BACHAT!
UP TO 90% DISCOUNT DEALS
BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!
boat Airdopes 141 TWS Earbuds ₹2,990 ₹249 92% OFF YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch ₹4,999 ₹349 93% OFF YOU SAVE ₹4,650
iPhone 13 128GB ₹59,900 ₹5,399 91% OFF YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG 32" HD Smart TV 89% OFF YOU SAVE ₹25,800
realme Narzo N55 (6GB+128GB) ₹13,999 ₹799 94% OFF YOU SAVE ₹13,200
ASUS Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD) 90% OFF YOU SAVE ₹40,491
GREEN SOUL Office Chair Ergonomic ₹14,999 ₹1,499 92% OFF YOU SAVE ₹17,500
SAMSUNG 980 500GB NVMe SSD ₹6,999 91% OFF YOU SAVE ₹6,400
WILDCRAFT Backpack ₹1,999 ₹149 93% OFF YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS Trimmer Series 3000 ₹1,995 ₹199 90% OFF YOU SAVE ₹1,796
AGARO Air Fryer 4.5L ₹6,999 ₹699 90% OFF YOU SAVE ₹6,300
PUMA Men's Running Shoes ₹3,999 91% OFF YOU SAVE ₹3,650
ZEBRONICS Study Headphones with Mic ₹1,499 ₹169 89% OFF YOU SAVE ₹1,330
PORTABLE Laptop Table Foldable ₹1,299 ₹129 90% OFF YOU SAVE ₹1,170
boAt Stone 650 Bluetooth Speaker ₹3,999 ₹199 95% OFF YOU SAVE ₹3,800
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

## पुलिस ने कारोबारियों से धोखाधड़ी के मामले में नौ को पकड़ा, आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग राज्यों में दर्ज हैं शिकायतें

# मॉल की दुकान से बिछाया देशभर में ठगी का नेटवर्क

जालसाजी 1

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** द्वारका जिला साइबर थाना पुलिस ने शॉपिंग मॉल में किराए की दुकान लेकर चलाए जा रहे फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से नौ आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। यह गिरोह देशभर के कारोबारियों और उत्पाद निर्माताओं को विदेशी खरीदार दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी कर रहा था।

पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन 'साइ-हॉक' के तहत एक संदिग्ध बैंक खाते की जांच की जा रही थी। खाते के खिलाफ राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर ठगी की दो शिकायतें दर्ज मिलीं। जांच के दौरान पुलिस सेक्टर-5 द्वारका स्थित अग्रवाल मॉल के तीसरे तल पर पहुंची तो वहां 'एआईएम योर बिजनेस' नाम से एक कॉल सेंटर संचालित होता मिला।

पुलिस ने कॉल सेंटर में छापेमारी कर वहां मौजूद कर्मचारियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। जिसके बाद वहां चल रहे फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। पूछताछ के दौरान कर्मचारियों ने बताया कि वह इंडिया मार्ट और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से कारोबारियों का डाटा हासिल करते थे। इसके बाद उन कारोबारियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में उनके उत्पाद बेचने और विदेशी खरीदार उपलब्ध कराने का लालच दिया जाता था। शुरुआत में उनसे 999 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया जाता था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कॉल सेंटर से पूनम, रकीब हसन शम्सी, गौरव कुमार, शिवम सिंह, अमनदीप, अनीता सिंह, भूमि, इंशा और करिश्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कई मोबाइल फोन, दस्तावेज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी बरामद किए हैं।

**अभी सामने आए दो पीड़ित :** अभी तक की जांच में उत्तराखंड और गुजरात के दो पीड़ितों ने इस गिरोह द्वारा ठगे जाने की पुष्टि की है। पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कॉल सेंटर के कथित संचालकों सहित पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है।



### विदेशी नागरिक बनकर करते थे फोन

रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद गिरोह के सदस्य खुद ही विदेशी खरीदार बनकर व्यापारियों से संपर्क करते थे और नकली ऑर्डर देकर उनका भरोसा जीतते थे। बाद में अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए आईईसी, आईएसओ और सीटीपैट जैसे प्रमाणपत्र जरूरी बताकर मोटी रकम वसूलते थे। फिर उन्हें फर्जी प्रमाणपत्र थमा दिए जाते थे। इसके बाद नए-नए दस्तावेज की मांग कर पैसे ऐंठे जाते थे।

# बीमा के बहाने बुजुर्गों को ठगने वाले चार गिरफ्तार

जालसाजी 2

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दक्षिण-पश्चिम जिला साइबर थाना पुलिस ने बीमा पॉलिसी नवीनीकरण के नाम पर बुजुर्गों को ठगने वाले चार शातिरों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों सुनील कुमार रावत, राहुल, सोनू और शिवम उर्फ मोनू के कब्जे से दो लाख रुपये नगद, 10 मोबाइल फोन, फर्जी बीमा दस्तावेज और अन्य डिजिटल साक्ष्य बरामद हुए हैं। गिरोह का मास्टरमाइंड सुनील बताया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि साइबर थाना पुलिस को वरिष्ठ नागरिक के साथ ठगी की शिकायत मिली थी। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि उन्हें अनजान नंबर से व्हाट्सऐप कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि उनकी बीमा पॉलिसी का चार लाख रुपये का प्रीमियम बकाया है। अगर इसे जल्द जमा नहीं कराया गया, तो पॉलिसी पर मिलने वाले सभी फायदे खत्म हो जाएंगे और पॉलिसी रद्द हो जाएगी। आरोपियों के झांसे में आकर पीड़ित ने उनके बताए खाते में रकम ट्रांसफर कर दी। बाद में पीड़ित ने पॉलिसी की जांच की तो पाया कि उनके साथ ठगी हुई है।

शिकायत पर इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिश की टीम ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। इंस्पेक्टर कुलवीर सिंह, एसआई चेतन राणा की टीम ने तकनीकी जांच, बैंक खातों की पड़ताल और डिजिटल ट्रेल के आधार पर मुख्य आरोपी सुनील रावत को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर राहुल, सोनू और शिवम उर्फ मोनू को दबोच लिया गया।

### आरोपियों के बंटे हुए थे काम

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अभिमन्यु पोशवाल ने बताया कि आरोपी सुनियोजित ढंग से ठगी करते थे। पहले शिवम फर्जी सिम कार्ड का इंतजाम करता था। इसके बाद सुनील इनकी मदद से लोगों को व्हाट्सऐप कॉल करता था। वह खुद को देश की प्रतिष्ठित बीमा या वित्तीय कंपनी का अधिकारी बताता था। आरोपी पीड़ितों को यह कहकर डराते थे कि यदि तुरंत पॉलिसी का प्रीमियम जमा नहीं किया गया, तो पॉलिसी के सभी लाभ समाप्त हो जाएंगे। रुपये मिलने के बाद सोनू पीड़ित को व्हाट्सऐप के जरिए फर्जी बीमा पॉलिसी नवीनीकरण दस्तावेज भेज देता था, ताकि उन्हें लगे कि भुगतान वैध प्रक्रिया के तहत हुआ है। इसके बाद राहुल ठगी की रकम को विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से निकाल लेता था।

## ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी

**नई दिल्ली, का. सं.।** शाहदरा जिला साइबर पुलिस ने एक ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह के तार 1.56 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर ठगी से जुड़े पाए गए हैं।

डीसीपी आरपी मीणा ने बताया कि 'म्यूल' (किराए के) बैंक खाते मुहैया कराने और ठगी की रकम को ठिकाने लगाने वाले दो आरोपियों को यूपी से गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान मुरादाबाद निवासी 32 वर्षीय मोहम्मद सादिक और अमरोहा निवासी 34 वर्षीय जावेद अंसारी के रूप में हुई है।

## 65 लाख रुपये हड़पने वाला दबोचा

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** आर्थिक अपराध शाखा ने मार्केटिंग कंपनी में निवेश पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर ठगी करने वाले को गिरफ्तार किया है। आरोपी 32 वर्षीय अंकुर ज्योति सैकिया को रोहतक से गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी ने 25 लोगों से 65.34 लाख रुपये की ठगी की है। पुलिस ने बताया कि मुंबई स्थित राजमुद्रा फ्यूचर निधि लिमिटेड एवं फ्यूचर एंड आप्शन ट्रेडिंग कंपनी के जरिये लोगों से निवेश कराए गए। इस मामले में वर्ष 2024 में केस दर्ज किया गया था।


ग्राफिक एरा गौरव शृंखला - 4

नेहा भट्ट
लाल कुआं, हल्द्वानी
उत्तराखंड
बी.टेक सी.एस.ई. - 2025
ग्राफिक एरा हल्द्वानी परिसर

प्लेसमेंट पैकेज
₹61.99 लाख

ATLASSIAN



Graphic Era Hill University
DEHRADUN • BHIMTAL • HALDWANI

www.gehu.ac.in 1800 890 6027


# रंगदारी न देने पर व्यापारी को गोलियों से भूना

सनसनीखेज



कारोबारी के सिर, चेहरे और सीने में करीब 10 गोलियां लगीं

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर थाना क्षेत्र स्थित नेहरू विहार में सोमवार शाम बेखौफ बदमाशों ने आप के कार्यकर्ता और कारोबारी की ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी।

बताया जा रहा है कि हत्या रंगदारी देने से इनकार करने के चलते की गई है। मृतक की पहचान 40 वर्षीय मोहम्मद राशिद के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, राशिद गली डी-2, नेहरू विहार में अपने परिवार के साथ रहते थे। पिता हाजी यूनुस प्रॉपर्टी डीलर हैं। व राशिद आरओ प्लांट के साथ-साथ ई-रिक्शा, ऑटो और भारत टैक्सी ऑटो की एजेंसी चलाते थे। सोमवार शाम करीब 6:10 बजे राशिद शेरपुर चौक स्थित अपनी ऑटो एजेंसी से लौटकर घर के पास बने अपने आरओ प्लांट पर पहुंचे थे। इसी दौरान स्कूटी सवार तीन हमलावर वहां पहुंचे और बेहद करीब से उन पर फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों ने करीब 12 से 15 राउंड फायरिंग की। राशिद के सिर, चेहरे और सीने में लगभग 10 गोलियां लगीं। गोलियों की आवाज सुनकर परिजन दौड़े और खून से लथपथ राशिद को फौरन जीटीबी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**अक्की डॉन गैंग पर शक और पुराना विवाद :** परिजनों का आरोप है कि राशिद से रंगदारी मांगी जा रही थी। छह महीने पहले भी गोलियां चलाई गई थीं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, राजा मेवाती उर्फ अक्की डॉन राशिद से लगातार अवैध वसूली की मांग कर रहा था। हालांकि, बीते 26 मई को खजूरी इलाके में खुद राजा मेवाती की हत्या हो चुकी है। अब आशंका जताई जा रही है कि राशिद की हत्या के पीछे उसी के गिरोह का हाथ हो सकता है।

**पुलिस की कार्रवाई :** सूचना पर जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। क्राइम टीम और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटाए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है। हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की तीन विशेष टीमों का गठन किया गया है। पुलिस अब इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि हत्या का मुख्य कारण रंगदारी ही है या इसके पीछे कोई और आपसी रंजिश छिपी है।

# मसूरी के होटल में महिला इंजीनियर की जान गई

■ मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं, जांच जारी

**नई दिल्ली/ मसूरी।** मसूरी-धनोल्टी मार्ग स्थित होम स्टे में ठहरी 27 वर्षीय महिला इंजीनियर की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुरुआती जांच में महिला की मौत के कारण का पता नहीं चल सका। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से कारण स्पष्ट हो पाएगा।

महिला की पहचान पी राधा गायत्री पत्नी सौम्य श्रीचरण निवासी मास्टर ब्लॉक मधुबन रोड निकट चादर विला, शकरपुर वारमल ईस्ट नई दिल्ली और हाल पता डी 2 टावर -13 किदवई नगर ईस्ट दिल्ली के रूप में हुई। राधा अपने पति के साथ 13 जून को दिल्ली से ऋषिकेश गई थी। इसके बाद 14 जून की रात वह 11:30 बजे मसूरी के इस होम स्टे में पहुंची। पति ने पुलिस को बताया कि दोनों ने रात को शराब पी थी और वे तड़के करीब 3:30 बजे सो गए। सोमवार सुबह उठने पर पत्नी की नाक से खून बहता मिला। महिला गुरुग्राम की एक आईटी कंपनी में कार्यरत थी।

शहर 30s



नई दिल्ली में पंचकुइयां रोड की दीवार पर सोमवार को जंतर-मंतर के मिस्रा यंत्र की थीम पर म्यूरल बनाता कलाकार। • सोनू मेहता

### गैंगरेप मामले में दो आरोपी बरी

**नई दिल्ली।** तीस हजारी अदालत ने वर्ष 2020 के कथित गैंगरेप मामले में दो आरोपियों को बरी करते हुए कहा कि पीड़िता की गवाही भरोसेमंद नहीं है और उसमें कई विरोधाभास पाए गए हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कादंबरी अवस्थी की अदालत ने सागर और निखिल के खिलाफ चल रहे मामले में यह फैसला सुनाया। अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी मामले में पीड़िता की गवाही ही सजा का आधार बन सकती है, लेकिन गवाही पूरी तरह विश्वसनीय होना आवश्यक है।

### जेएनयू परिसर में अवैध पेड़ कटाई का आरोप

**नई दिल्ली।** जेएनयू परिसर में कथित रूप से पेड़ों और झाड़ियों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। जेएनयू छात्रसंघ (जेएनयूएसयू) ने दक्षिण वन प्रभाग के उप वन संरक्षक (डीसीएफ) को पत्र लिखकर मामले की जांच कराने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। छात्रसंघ ने कहा कि परिसर में पेड़ों की कटाई केवल हरित आवरण को कम नहीं करती, बल्कि इससे पारिस्थितिक संतुलन और जैव विविधता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

### गोगी गैंग का फरार गुर्गा बलजीत गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गोगी गैंग से जुड़े एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी बलजीत एक वर्ष से फरार चल रहा था। अदालत उसे भगोड़ा घोषित किया था। आरोप है कि शाहबाद डेयरी इलाके में 11 मई 2025 को कार सवार चार बदमाश एक प्लॉट पर पहुंचे और वहां काम कर रहे कर्मचारी को खुद को गोगी गैंग का सदस्य बताते हुए प्लॉट खाली करने की धमकी दी थी।

### तीन महंगे फोन और नकदी समेत बदमाश धरा

**नई दिल्ली।** ज्योति नगर पुलिस ने सोमवार को एक कुख्यात को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कर्दमपुरी निवासी सुहैल उर्फ आमिर के रूप में हुई है। निशानदेही पर आईफोन समेत तीन मोबाइल फोन व छह हजार नकद बरामद किया है। पुलिस ने नॉर्थ छज्जूपुर निवासी मानस कालरा की शिकायत दर्ज की थी। पीड़ित के घर से तीन मोबाइल और 1.25 लाख रुपये नकद चोरी हो गए थे।

### 'पीड़ित परिवार को 30 दिन में मुआवजा दे कंपनी'

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिला स्थित मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने वर्ष 2016 में गोवा में हुए सड़क हादसे में 28 वर्षीय महिला की मौत के मामले में उसकी मां को 92.58 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। पीठासीन अधिकारी ऋचा मनचंदा ने मेघा सहरावत की मां की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। कंपनी को 30 दिनों के भीतर यह राशि देनी होगी।

### अवैध निर्माण को लेकर 19 संपत्तियों को नोटिस

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर अग्निकांड के बाद दिल्ली सरकार की भवन उपनियमों के नियम उल्लंघन पर कार्रवाई जारी है। राजस्व विभाग ने सोमवार को सभी जिलों में नियम उल्लंघन पर कुल 29 स्थानों पर संपत्तियों पर निरीक्षण किया। इस दौरान 19 संपत्तियों के खिलाफ अवैध निर्माण व भवन उपनियमों के उल्लंघन पर नोटिस जारी किए और एक संपत्ति के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

### सो रहे बच्चे पर पानी डालने वाला निकला पिता

**नई दिल्ली।** सो रहे एक बच्चे पर पानी डालकर उसे जगाने के वायरल वीडियो पर पश्चिमी जिला पुलिस ने स्वतः संज्ञान लिया है। वीडियो रघुबीर नगर इलाके का है। इसमें दिखाई दे रहा युवक एक सो रहे बच्चे पर पानी डाल कर उसे उठा रहा है। जांच में पता चला कि यह युवक, बच्चे का पिता अरुण है। वह कुछ समय से मानसिक तनाव में है। पुलिस ने उसे पुनर्वास केन्द्र में भर्ती करा दिया है।

### ईरानी गिरोह के सरगना पर मकोका में केस

**नई दिल्ली।** डीबीजी रोड पुलिस ने ईरानी गिरोह के गिरफ्तार सरगना पर मकोका की धारा के तहत एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने गिरोह की ओर से किए जा रहे संगठित अपराधों और इससे जमा की जा रही सम्पत्तियों को देखते हुए मामला दर्ज किया है। डीसीपी रोहित राजवीर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार सरगना की पहचान 39 वर्षीय नासिर हाफिज खान के तौर पर हुई है।





बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी तो वहीं हवा भी साफ हो गई। इस बीच सोमवार को लोधी रोड से गुजरते वाहन। • हिन्दुस्तान

# बारिश से साफ हुई राजधानी की हवा

मौसम का मिजाज

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** मौसम के अलग-अलग कारकों के चलते दिल्ली की हवा लगातार साफ बनी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 151 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है।

मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार सुबह कई इलाकों में तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। हालांकि, दस बजे के बाद बादल छंटने लगे और तीखी धूप निकल आई। इसके बाद फिर मौसम में बदलाव हुआ। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में घने बादलों का आगमन शुरू हो गया और तेज धूल भरी आंधी चलने लगी। तेज हवा हवा के साथ कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। आंधी-बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई और लोगों को तेज धूप से राहत मिली। सफदरजंग में अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 0.7 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। वहीं, पालम इलाके में हवा की रफ्तार सबसे ज्यादा 93 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रही।

वहीं, हवाईअड्डे पर खराब मौसम के चलते तीन अंतरराष्ट्रीय तथा एक घरेलू उड़ान को एहतियातन जयपुर हवाई अड्डे की ओर डायवर्ट करना पड़ा।

**कहां पर कितनी वर्षा**

आंकड़े मिलीमीटर में

| | |
|---|---|
| पालम | 9.0 |
| आयानगर | 4.6 |
| पूसा | 4.5 |

**कहां कितनी तेज आंधी**

आंधी की रफ्तार किलोमीटर प्रति घंटा

| | |
|---|---|
| पालम | 93 |
| पूसा | 78 |
| आयानगर | 65 |
| सफदरजंग | 50 |

# ब्याज से तंग युवक ने आत्महत्या की

■ फंदा लगाने से पहले वीडियो में दर्द बयां किया, दो के खिलाफ केस दर्ज

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** जाफराबाद इलाके में सूदखोरों से परेशानी एक ऑटो चालक ने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उसने आत्महत्या से पहले अपने फोन में एक वीडियो रिकॉर्ड किया था।

वीडियो में उसने अपनी मौत के लिए जिम्मेदार दो सूदखोरों के नाम और उनकी प्रताड़ना का पूरा कच्चा चिट्ठा खोला है। पुलिस ने मामले में सुसाइड वीडियो को जब्त करते हुए दो आरोपियों अंकुर व राहुल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान 48 वर्षीय सुंदर लाल के रूप में हुई है। वह पत्नी सोनिया के साथ गली संख्या छह, मौजपुर में किराए के मकान में रहता था और रात के समय कश्मीरी गेट बस अड्डे पर ऑटो चलाता था। सोनिया ने पुलिस को बताया कि नौ जून की रात करीब 10:30 बजे वह अपने पति के साथ खाना खाकर पास ही में रहने वाले अपने भाई के घर सोने चली गई थी, क्योंकि सुंदर लाल को रात 11 बजे ऑटो चलाने जाना था। अगले दिन सुबह 7:50 बजे जब सोनिया घर लौटीं, तो उसने देखा कि सुंदर लाल का शव छत के जाल से लटका हुआ है। शोर मचाने पर पड़ोसी, परिजन और रिश्तेदार जमा हुए और शव को नीचे उतारा गया। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

**वीडियो में खुला मौत का राज :** वीडियो में सुंदर लाल ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि उन्होंने राहुल से 30 हजार रुपये ब्याज पर लिए थे, लेकिन उसने इसे एक लाख 20 हजार बना दिया। अब वह रोज जबरदस्ती 2000 रुपये वसूल रहा है, नहीं देने पर धमकी देता है। इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति अंकुर से उन्होंने 20 हजार रुपये उधार लिए थे, जिसके उसने 70 हजार रुपये बना दिए। वह रोज 1500 रुपये की मांग कर रहा है।

# निजी अस्पताल में आग, मरीजों को सुरक्षित बचाया

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** सागरपुर में डाबड़ी-पालम रोड स्थित एक निजी अस्पताल में रविवार रात शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। अस्पताल प्रशासन ने आग की सूचना दमकल और पुलिस को दी। साथ ही स्टाफ ने अस्पताल में भर्ती करीब 15 मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल दिया।

हादसे में किसी के हताहत और घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि रविवार रात करीब 10:25 बजे सागरपुर थाना पुलिस को पीसीआर कॉल के माध्यम से विजय एन्क्लेव स्थित एएस मल्टी किडनी हॉस्पिटल में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस, दमकल विभाग, पीसीआर और कैट्स एंबुलेंस की टीमें घटनास्थल पर पहुंच गईं। दमकल विभाग के प्रवक्ता राजेन्द्र अटवाल ने बताया कि रात 10:40 बजे पूरी तरह काबू पा लिया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि अस्पताल के भूतल पर स्थित बिजली के मीटर और इलेक्ट्रिक जंक्शन बॉक्स में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी थी।

## आतंकी मॉड्यूल केस में हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली, का. सं.।** कथित आईएसआई-अंडरवर्ल्ड नेटवर्क मॉड्यूल से जुड़े मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने चार आरोपियों को 22 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दिल्ली पुलिस की ओर गिरफ्तार इन आरोपियों से पहले 16 दिन तक पूछताछ की जा चुकी है।

अवकाशकालीन न्यायाधीश जितेंद्र प्रताप सिंह की कोर्ट ने जांच अधिकारी की अर्जी पर सुनवाई करते हुए हरविंदर सिंह, मंजीत सिंह, गगनदीप सिंह और अंग कामी लामा को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। मामले में अब तक नौ गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

# नाबालिग टेम्पो चालक ने हेडकांस्टेबल को रौंदा था

खुलासा

**नई दिल्ली, प्र. सं.।** कश्मीरी गेट बस अड्डे के सामने शनिवार शाम ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल को कुचलने वाला ऑटो चालक नाबालिग था। इस हादसे में पुलिसकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई थी। कश्मीरी गेट पुलिस स्टेशन में लापरवाही से मौत की धारा में एफआईआर दर्ज कर ऑटो को जब्त कर लिया था।

कोतवाली सर्किल में तैनात हेड कांस्टेबल अनिल शनिवार शाम को कश्मीरी गेट बस अड्डे के पास चंदगी राम अखाड़ा की तरफ जाने वाली सड़क पर खड़े थे। इसी दौरान तेज रफ्तार मालवाहक ऑटो उनको कुचलता हुआ आगे चला गया। हालांकि, पुलिसकर्मियों ने वाहन को पकड़ लिया। जांच में सामने आया कि मालवाहक ऑटो फरीदाबाद स्थित किसी कंपनी के नाम पर पंजीकृत है। नाबालिग ऑटो चालक वाहन से सामान उतारकर शनिवार को अपने घर मुंगेशपुर जा रहा था। इसी दौरान नाबालिग ने हेडकांस्टेबल को कुचल दिया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार को शव को पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए पैतृक गांव लेकर जाया गया। वहीं, जांच से जुड़े पुलिस अधिकारी ने बताया कि एफआईआर में एमवी एक्ट के तहत भी धाराएं जोड़ी गई हैं।

अध्ययन | हेल्पेज इंडिया की रिपोर्ट में जानकारी सामने आई, 52 प्रतिशत इलाज और दवाओं के लिए सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर ज्यादा

# मौसम में तेज बदलाव से बुजुर्ग अधिक प्रभावित हो रहे

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** अप्रत्याशित गर्मी, वर्षा और कड़ाके की ठंड जैसे मौसम में होने वाले चरम बदलावों से बुजुर्ग अधिक प्रभावित होते हैं। गर्मी में उन्हें लू का सामना भी अधिक करता पड़ता है।

करीब 45 प्रतिशत बुजुर्ग लू का सामना करते हैं। घर से बाहर नहीं निकलने और पर्याप्त पानी पीने के बाद भी वह लू से पीड़ित होते हैं। इसका एक कारण करीब 60 प्रतिशत बुजुर्गों के घर में ताप से बचाव की सुविधा नहीं होना है। एक गैर सरकारी संगठन हेल्पेज इंडिया की ओर से दस राज्यों के 2224 बुजुर्गों पर किए गए एक सर्वे में यह बात सामने आई है। विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस के मद्देनजर सोमवार को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में यह रिपोर्ट जारी की गई।



**45** प्रतिशत बुजुर्गों ने किया लू का सामना

**10** राज्यों में बुजुर्गों पर सर्वे किया गया

कार्यक्रम में मौजूद दिग्गज फिल्म अभिनेत्री शर्मिला टैगोर ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक दिन पहले वह गर्मी से बेहाल हो रही थीं। सोमवार सुबह बारिश हो रही थी। मौसम के स्वरूप में असाधारण बदलाव होते हैं। इससे सभी प्रभावित हो रहे हैं। वह 80 वर्ष से अधिक उम्र की हो गई हैं। वह अनुभव कर सकती हैं कि उम्र बढ़ने के साथ शरीर मौसम को अलग तरह से महसूस करता है। जल्दी थकान होती है, शरीर ठीक होने में अधिक समय लगता है। उनके पास हर तरह की सुविधाएं मौजूद है। परिवार का सहयोग है, तब भी मौसम के प्रभाव महसूस होते हैं। उन्होंने कहा कि गांवों व कठिन भौगोलिक क्षेत्रों में रहने वाले जिन बुजुर्गों के पास स्वास्थ्य, परिवहन, पौष्टिक आहार व परिवार का सहयोग नहीं है उनकी स्थिति कैसी होगी। खासतौर पर अकेले रहने वाले बुजुर्ग बीमार होने पर क्या वह दवाएं खरीद सकते हैं और स्वास्थ्य केंद्र तक भी पहुंच पाते हैं, यह अहम सवाल है।

**32 प्रतिशत बुजुर्ग को चलने-फिरने में दिक्कत :** आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, कर्नाटक, केरला, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तराखंड में बुजुर्गों पर यह सर्वे किया गया। सर्वे में शामिल 78 प्रतिशत बजुर्गों को पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक मौसम संबंधी खतरे का सामना करना पड़ा है। 45 प्रतिशत बुजुर्गों को लू, 27 प्रतिशत को बाढ़ और 20 प्रतिशत बुजुर्गों को सूखे के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इनमें से 13 प्रतिशत बुजुर्ग अकेले रहने वाले और 28 प्रतिशत 80 वर्ष से अधिक उम्र के थे। 12 प्रतिशत सोचने, समझने व याददाश्त व मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं से जूझ रहे थे। 32 प्रतिशत बुजुर्ग को चलने-फिरने में दिक्कत और 24 प्रतिशत बुजुर्गों को दृष्टि की समस्या होती है। 52 प्रतिशत बुजुर्ग दवा खरीदने में समर्थ नहीं थे। वह इलाज व दवाओं के लिए सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर ज्यादा निर्भर थे।

## नकली नोटों के साथ तीन दबोचे

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** क्राइम ब्रांच ने तीन लाख रुपये की नकली करेंसी के साथ तीन लोगों को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया है। अब क्राइम ब्रांच की टीम गिरोह के सरगना को गिरफ्तार करने के लिए कोलकाता रवाना हो गई है।

प्रशांत विहार स्थित क्राइम ब्रांच के एसीपी अशोक शर्मा की टीम को नकली नोटों के दिल्ली-एनसीआर में खपाने की सूचना मिल रही थी। एसीपी के निर्देश पर इंस्पेक्टर अजय कुमार की टीम को सूचना मिली कि शनिवार देर रात शाहबाद डेरी इलाके में कोलकाता से आए दो शख्स नकली नोट देने आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान नकली नोट खरीदने वाले नरेंद्र और दो कूरियर अस्तरूल और रइजुल के तौर पर हुई।





# हरियाली की नई इबारत लिखता उत्तर प्रदेश

पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण, वन संवर्धन, जैव विविधता संरक्षण, स्वच्छ वायु, जल संरक्षण और अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। व्यापक वृक्षारोपण अभियान, वन एवं वन्यजीव संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा तथा जनभागीदारी आधारित पर्यावरणीय कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश ने हरित विकास का नया मॉडल दिया है। करोड़ों वृक्षारोपण से लेकर रामसर साइट्स के विस्तार, बाघों एवं डॉल्फिन जैसे दुर्लभ जीवों के संरक्षण, सौर ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि तथा स्वच्छ और सतत विकास की दिशा में किए गए प्रयासों ने उत्तर प्रदेश को हरित क्रांति के नए दौर में पहुंचाया है। "एक पेड़ मां के नाम" जैसे जन आंदोलनों ने पर्यावरण संरक्षण को जन-जन से जोड़ते हुए हरियाली को विकास का आधार बनाया है। यही कारण है कि आज उत्तर प्रदेश आर्थिक प्रगति के साथ - साथ पर्यावरणीय संतुलन और सतत विकास की नई गाथा लिख रहा है।

**247 करोड़ +**
09 वर्षों में पौधे रोपे गए

**3 लाख 38 हजार एकड़**
हरित आवरण में वृद्धि

**9.96 %**
हरीतिमा वृद्धि प्रयासों से प्रदेश का वनावरण

**35 करोड़ पौधरोपण**
वर्षाकाल 2026 में वृक्षारोपण का लक्ष्य

पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना में पंजीकृत 2.86 करोड़ से अधिक किसानों द्वारा पौधरोपण

वीबी-जी राम जी के तहत निजी खेत की मेड़ पर पौधारोपण को प्रोत्साहित करने हेतु मुख्यमंत्री कृषक वृक्ष धन योजना प्रारंभ





## बाघ और वन्यजीव संरक्षण

- प्रदेश में वर्ष 2018 में बाघों की संख्या 173 थी, जो वर्ष 2022 में बढ़कर 205 हो गई
- पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या दोगुनी होने के क्रम में उक्त टाइगर रिजर्व को TX2 अवार्ड से सम्मानित किया गया
- प्रदेश में 4 टाइगर रिजर्व। दुधवा टाइगर रिजर्व, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, नया टाइगर रिजर्व, चित्रकूट (53,000 हेक्टेयर)
- मानव वन्यजीव संघर्ष नियंत्रण

## जल संरक्षण

- **176** स्थानों पर नदियों/जलाशयों का परीक्षण।
- **120** स्थानों पर जल गुणवत्ता में सुधार

## वायु गुणवत्ता

- **128** स्थानों पर मॉनिटरिंग।
- **17** प्रदूषित शहरों में PM स्तर में गिरावट

## गंगा डॉल्फिन राज्य जलीय जीव घोषित

- 2023 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा "गंगा डॉल्फिन" को राज्य जलीय जीव घोषित
- जून 2025 में सारस गणना के अनुसार वर्तमान में कुल सारस की संख्या 20,281 है, जो पिछली गणना में 19,994 थी
- महाकुम्भ 2025 के दौरान प्रयागराज में कुम्भ की आस्था और जलवायु परिवर्तन सम्मेलन तथा अंतरराष्ट्रीय बर्ड फेस्टिवल का आयोजन

## उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022

**22,000 मेगावॉट**
सौर ऊर्जा क्षमता विकसित करने का लक्ष्य

**14,000 मेगावॉट**
यूटिलिटी स्केल सोलर परियोजनाएं

**6,000 मेगावॉट**
सोलर रूफटॉप

**2,000 मेगावॉट**
पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत सोलराइजेशन



## महत्वपूर्ण उपलब्धियां

- 2024 : गोरखपुर में टर्टल संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र- देश का पहला
- डॉल्फिन जनगणना (2023): देश की 6,327 डॉल्फिन में से 2,397 यूपी में
- 26 वन्यजीव अभयारण्य, हाथियों की संख्या 232 से बढ़कर 352, 1 राष्ट्रीय उद्यान, 13 रामसर साइट्स को अंतरराष्ट्रीय मान्यता
- मानव-वन्यजीव संघर्ष को आपदा घोषित करने वाला प्रथम राज्य बना उत्तर प्रदेश
- देश में सर्वाधिक रामसर साइट की संख्या में उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है

## जैव विविधता संरक्षण

- 948 विशाल वृक्ष चिन्हित और संरक्षित
- दुर्लभ पक्षियों, तितलियों और औषधीय पौधों का संरक्षण
- कृषकों को कार्बन क्रेडिट की धनराशि (06 डॉलर प्रति कार्बन क्रेडिट) वितरित करने वाला प्रथम राज्य बना उत्तर प्रदेश
- वन्यजीव संरक्षण हेतु दुधवा टाइगर कन्जरवेशन फाउण्डेशन को ₹25.00 लाख प्रदान किया गया

प्रगति पथ@ 12 वर्ष

विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के



हिंदुस्तान मीडिया मार्केटिंग इनिशिएटिव




मुख्यमंत्री ने नोएडा एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले 172 किसानों का स्वागत किया

# हर कोई जेवर जाना चाह रहा: योगी

**सम्मान**

**नोएडा/ लखनऊ, विशेष संवाददाता।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले 172 किसान सोमवार को इंडिगो के विमान से लखनऊ पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास पर उनका भव्य स्वागत किया और सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जेवर दिल्ली को भी पीछे छोड़ने की क्षमता रखता है। दुनिया का हर बड़ा व्यक्ति आज वहां जाना चाहता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को स्मृति चिह्न प्रदान किया और उनके प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने व्यावसायिक उड़ानें शुरू करने के लिए इंडिगो को भी धन्यवाद दिया।

**घर पर ही मिलेगी नौकरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि नौजवानों को इंजीनियर के रूप में ट्रेंड करना है, जिससे घर में ही नौकरी मिल सके। जेवर में जितना निवेश आएगा, उसके लिए ट्रेंड मैनपावर की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब किसानों ने पहली रजिस्ट्री की तो वे विधायक धीरेंद्र सिंह के साथ मेरे पास आए थे। मैंने किसानों से कहा था कि आप रजिस्ट्री कराइए, पैसा वह मिलेगा जो आपने सोचा भी नहीं होगा। हम सौदेबाजी नहीं कर रहे हैं। आपका हक देंगे।


नोएडा एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले किसानों का सोमवार को लखनऊ में स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। • हिन्दुस्तान

### पहले दिन सफर का अनुभव करना था

नोएडा सेक्टर-62 निवासी विकास अग्रवाल अपनी पत्नी सपना और बेटी पावरी के साथ सुबह सात बजे नोएडा एयरपोर्ट पहुंचे। विकास ने बताया कि उन्हें नोएडा एयरपोर्ट से पहले दिन सफर का अनुभव करना था। पहले दिन उड़ान की खुशी उनके चेहरे पर थी।



### पति के साथ घर से आधे घंटे में पहुंची एयरपोर्ट

खुर्जा निवासी दीप सागर अपनी पत्नी अंजलि के साथ नोएडा एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट जाने में उन्हें करीब तीन घंटे का समय लग जाता था। सोमवार को नोएडा एयरपोर्ट वह घर से आधे घंटे में पहुंच गए। उन्होंने अमृतसर के लिए उड़ान भरी।



### नहीं सोचा था कि हवाई जहाज में सफर करूंगी

किसान मंजू ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि हवाई जहाज में सफर करूंगी, लेकिन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने यह सौभाग्य दिया। अपने रुपये से कभी सफर नहीं कर पाती, लेकिन सरकार ने क्षेत्र के विकास के साथ लोगों की भावना का भी सम्मान किया।



## विकास को बढ़ावा मिलेगा : नायडू

**नोएडा।** केंद्रीय उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने कहा कि जेवर क्षेत्र पहले अपराध के लिए जाना जाता था, लेकिन अब एयरपोर्ट की शुरुआत होने से यहां आर्थिक तरक्की होगी, विकास के नए आयाम खुलेंगे और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

उन्होंने कहा कि भारत एविएशन सेक्टर की ओर तेजी से बढ़ रहा है। आने वाले समय में देश के लोग मेड इन इंडिया नागरिक एयरक्राफ्ट से यात्रा करेंगे। जेवर से उड़ानें शुरू होना गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन आम आदमी के लिए हवाई यात्रा का है। ऐसे में उड़ान योजना के तहत पूरे देश में एयरपोर्ट का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है।

## गुल पनाग समेत 180 यात्री पहली उड़ान से आए

**ग्रेटर नोएडा, प्रमुख संवाददाता।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह लखनऊ से पहला विमान उतरा। अभिनेत्री गुल पनाग समेत 180 यात्री इस पल के साक्षी बने। उन्होंने करीब 40 मिनट में लखनऊ से जेवर तक का सफर तय किया। इनमें उद्यमी समेत अन्य लोग भी शामिल रहे।

यात्रियों में मनोज कुमार जैन, अहमद, बीबीए के छात्र आरुष, स्वामी सतीश आचार्य महाराज समेत 75 कारोबारी शामिल रहे। इसके अलावा अभिनेत्री गुल पनाग भी एयरपोर्ट पहुंचीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना अहसास साझा किया।


लखनऊ से पहली फ्लाइट में सोमवार को नोएडा एयरपोर्ट आईं अभिनेत्री गुल पनाग और अन्य यात्री। • हिन्दुस्तान

## एयरपोर्ट पर सफा ने सबका ध्यान खींचा

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोमवार को तीन वर्षीय सफा आबिद सभी के आकर्षण का केंद्र रही। पायलट की वेशभूषा में एयरपोर्ट पहुंची सफा की मासूमियत ने यात्रियों और कर्मचारियों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

कई लोगों ने उसके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। सफा की मां जुबैदा आबिद ने बताया कि उनका परिवार नवी मुंबई का रहने वाला है और उनका लॉजिस्टिक्स का कारोबार है। उन्होंने बताया कि वह नोएडा एयरपोर्ट पर पहली उड़ान का अनुभव करने के लिए विशेष रूप से आए थे। इसके लिए परिवार दो दिन पहले ही लखनऊ पहुंच गया था।

# ग्रेनो में लापरवाही के गड्ढे ने एक और जान ली




**ग्रेटर नोएडा/ फरीदाबाद, हिटी।** मंझावली पुल से ग्रेटर नोएडा की ओर आने वाली सड़क के अधूरे हिस्से पर सुरक्षा के इंतजाम न होने से यह हादसा हुआ। यहां न बैरिकेडिंग थी और न रिफ्लेक्टर लगे थे। नोएडा में इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के बाद भी सिस्टम जागा नहीं है। सिस्टम की लापरवाही ने एक और मैनेजर की जान ले ली।

हरियाणा से यूपी को जोड़ने के लिए यमुना नदी पर मंझावली गांव के समीप पुल बनाया गया है। हरियाणा की तरफ सरकार द्वारा पुल से आगे का निर्माण किया जा चुका है, जबकि यूपी की सीमा में ग्रेटर नोएडा की तरफ आने वाली सड़क का कार्य अधूरा है। जहां सड़क का काम रुका है, उससे आगे करीब 20 फीट गहरा गड्ढा है। यहां सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है।

पहले मिट्टी का ढेर लगा हुआ था, वह भी अब हट गया है। ऐसे में सड़क खत्म होने के बाद अचानक गड्ढा हादसे का खतरा बना हुआ है। रात के समय में यह खतरनाक है। मैनेजर को आभास नहीं था कि सड़क आगे खत्म है। ऐसे में वह अपनी गति से आगे बढ़ रहे थे, अचानक सड़क का हिस्सा खत्म होने पर उनकी बाइक नीचे गड्ढे में जा गिरी।

मंझावली पुल का मुख्य ढांचा अब बनकर तैयार हो गया है। फिर भी उत्तर प्रदेश की ओर से अप्रोच रोड के लिए ज़मीन अधिग्रहण और निर्माण कार्य अटका होने के कारण यह अभी तक जनता के लिए शुरू नहीं हो पाया है।


बल्लभगढ़ से रविवार देर रात नोएडा की ओर जा रहे एक निजी अस्पताल के मैनेजर की बाइक मंझावली पुल के आगे बने गहरे गड्ढे में गिर गई, जिससे उनकी मौत हो गई।

### पूर्व की घटनाएं

**16 जनवरी 2026 :** इंजीनियर युवराज मेहता की कार सेक्टर-150 में बने एक गड्ढे में गिरने से उसकी मौत हो गई थी।
**13 जून 2026 :** ग्रेटर नोएडा में तुस्याना गांव के समीप कार नाले में लटक गई थी।
**1 मार्च 2025 :** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर पी-4 के समीप एक खुले नाले में कार जा गिरी थी, जिससे से कार में सवार स्टेशन मास्टर की मौत हो गई थी।

## ग्रेटर नोएडा तक आठ लेन का नया एक्सप्रेसवे बनेगा

**नोएडा।** नोएडा से ग्रेटर नोएडा तक पुस्ते पर आठ लेन का नया एक्सप्रेसवे बनाने को लेकर सोमवार को प्राधिकरण दफ्तर में बैठक हुई। अब फिर से सेक्टर-94 से ग्रेनो तक आठ लेन का एक्सप्रेसवे बनाने को लेकर तैयारी है। अब तक डीएनडी से ही एक्सप्रेसवे बनाने की कवायद चल रही थी।

ग्रेनो और यमुना प्राधिकरण से इस परियोजना को लेकर फीड बैक मांगा गया है। नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे के विकल्प मार्ग के लिए यमुना पुस्ते पर नया एक्सप्रेसवे बनाने की योजना है। सोमवार को बैठक की अध्यक्षता करते हुए नोएडा के एसीईओ सतीश पाल ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सलाहकार द्वारा नोएडा के सेक्टर-94 से ग्रेनो के चाई-4 तक एक्सप्रेसवे बनाने का प्रस्ताव से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रस्तावित एक्सप्रेसवे की लंबाई 31 किलोमीटर है। इसे बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण की गणना की जा रही है।

## रहेजा बिल्डर की 503 करोड़ की संपत्ति जब्त

**गुरुग्राम।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रियल एस्टेट कंपनी रहेजा डिवेलपर्स लिमिटेड की 503.48 करोड़ रुपये की संपत्ति को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। यह संपत्ति नवीन एम.रहेजा और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर है।

ईडी की तरफ से बिल्डर के खिलाफ धन शोधन अधिनियम के तहत जांच की जा रही। बिल्डर के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा ने मुकदमा दर्ज किया है, जिसके आधार पर यह जांच शुरू हुई है। यह मुकदमा आवासीय रियल एस्टेट परियोजनाओं में घर खरीदारों से राशि लेकर उन्हें आवास नहीं देने के आरोप में दर्ज की गई है। ईडी को जांच में पता चला कि बिल्डर ने विभिन्न परियोजनाओं के नाम पर करीब 4600 घर खरीदारों से 2425.99 करोड़ रुपये वसूले। घर खरीदारों से एकत्रित राशि का एक बड़ा हिस्सा खुर्द बुर्द कर दिया। परियोजनाओं को पूरा नहीं किया, जिससे घर खरीदार भटक रहे।

B.Ed. 2026 Session Admission Notice

PROGS. AFTER CLASS XII
- Dip. in Elementary Edu.
- B.El.Ed. (Bachelor of Elementary Education)
- Integrated B.A. B.Ed.
  - Special Education
  - Special Edu.- Intellectual Disability (Middle Stage)
  - Special & Inclusive Teacher Edu. Prog. (Middle Stage)

PROGS. AFTER GRADUATION
- B.Ed.
- M.Ed.
- M.A (Education)
- B.Ed. - Special Education
  - Autism Spectrum Disorder
  - Learning Disability
- Integrated B.Ed. M.Ed.-Spl. Edu.
  - Specific Learning Disability
  - Intellectual Disability
- M.Ed. - Special Education
  - Learning Disability
  - Autism Spectrum Disorder

All Education degrees are approved by National Council for Teacher Education (NCTE), except M.A. (Education)
All Spl. Education degrees are approved by Rehabilitation Council of India (RCI)

India's top-10 ranked university for Education programmes
as per India Today Best Colleges Rankings

Get extensive practical training in modern teaching techniques,
including classroom practices, child psychology & learning theories, classroom management...

Pursue internships
at schools, preschools, NGOs, special schools and gain exposure to classroom dynamics

Be future-ready
Train in smart classroom tools, Edtech platforms, digital content creation and integration of technology in pedagogy

Amitians are successfully working in leading schools / organisations like
Amity, DPS, GEMS Education, Sanskriti, Vasant Valley, Modern School, Step by Step, British School, Heritage, NCERT...

Amity University, Sector - 125, Noida
Apply at www.amity.edu | T: 0120-2445252
AMITY UNIVERSITY

# राम मंदिर के चढ़ावे में हेरफेर की जांच शुरू

**अयोध्या, संवाददाता।** श्रीराम मंदिर के चढ़ावे में हेरफेर के मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आग्रह पर प्रदेश सरकार की ओर से गठित स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने सोमवार दोपहर से अपनी जांच शुरू कर दी।

टीम सीधे राम मंदिर गई और सबसे पहले पीएफसी में जाकर गणनास्थल का निरीक्षण कर निगरानी की व्यवस्था का ब्योरा लिया। श्रीराम मंदिर पहुंची एसआईटी के अधिकारियों ने पूरी वस्तुस्थिति समझने के लिए तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपतराय से अकेले में कई घंटे बंद कमरे में बातचीत कर जानकारी जुटाई। इसके पहले पूरे तीर्थयात्री सुविधा केंद्र के कर्मचारियों को बाहर कर दिया गया। अफसरों ने साक्ष्य जुटाने के लिए कई अभिलेखों की जांच कर कब्जे में ले लिया।

**गोपाल राव बाहर रहे :** पूरे दिन की पड़ताल में सबसे खास रहा कि मंदिर व्यवस्था में सबसे अधिक सक्रिय विहिप के केंद्रीय मंत्री गोपाल राव को सोमवार की जांच से एसआईटी ने पूरी तरह अलग रखा। तीर्थयात्री सुविधा केंद्र में गोपाल राव प्रवेश नहीं पा सके।

### आपराधिक-सुधारात्मक दोनों पहलू देखें: नृपेंद्र मिश्र



राम मंदिर में चढ़ावे में घपले के आरोपों की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय एसआईटी के बारे में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदेन सदस्य, भवन-निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र ने कहा कि इस टीम को आपराधिक और सुधारात्मक दोनों पहलुओं को देखना होगा। टीम के निष्कर्ष में जब यह बातें शामिल होंगी, तभी जनता का विश्वास जीता जा सकता है।

**दो चरणों में होगी जांच :** जांच अधिकारियों ने अभी प्रारम्भिक जांच कर संक्षिप्त रिपोर्ट बनाने की दिशा में काम शुरू किया है। बताया जा रहा है कि पहले चरण में जांच टीम आपराधिक घटनाओं का विवरण एकत्र यह तथ्य स्थापित करेगी कि घटना सत्य है या नहीं। सत्य है तो चोरी कैसे और कब से हो रही है। अनुमानित कितनी धनराशि चोरी हुई। दूसरे चरण में वारदात में शामिल लोगों के खुलासे के लिए सम्बन्धित पक्षों का बयान भी दर्ज करेगी और फिर अपनी संस्तुतियों के अलावा खामियों और दूर करने के उपायों वाले सुझाव रिपोर्ट में शामिल करेगी।

# दीपक प्रकाश को दोबारा मंत्री बनाने पर नोटिस

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय लोक मार्चा (आरएलएम) के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश को दोबारा मंत्री बनाए जाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर राज्य सरकार और भारत के निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

शीर्ष अदालत में दाखिल याचिका में बिना किसी सदन की सदस्यता प्राप्त किए बिना प्रकाश को दोबारा से मंत्री बनाए जाने को चुनौती देते हुए, उन्हें पद से हटाने की मांग की है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ती वी. मोहना की पीठ ने इस मामले में बिहार सरकार और निर्वाचन आयोग के अलावा, राज्य में पंचायती राज्य मंत्री दीपक प्रकाश को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने राकेश कुमार सिंह की ओर से दाखिल याचिका में पर यह आदेश दिया है। सिंह ने याचिका में सरकार को यह बताने का निर्देश देने की मांग की है कि प्रकाश किस कानूनी, संवैधानिक आधार पर बिहार सरकार में मंत्री पद पर बने हुए हैं।


**कोर्ट ने बिहार सरकार, ईसीआई और प्रकाश से भी जवाब मांगा**

याचिका में, 7 मई को दीपक को दोबारा मंत्री बनाए जाने, पद पर बने रहने को असंवैधानिक, गैर-कानूनी और संविधान के अनुच्छेद 164(4) के खिलाफ बताया है। अनुच्छेद 164(4) किसी ऐसे व्यक्ति को मंत्री नियुक्त करने की अनुमति देता है जो विधायक नहीं है, लेकिन यह केवल एक अस्थायी अपवाद के तौर पर होता है।

## हिन्दुस्तान नियुक्तियां

**एमएमटीसी लिमिटेड**
एमएमटीसी लिमिटेड MMTC LIMITED भारत सरकार का उपक्रम A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE touching lives, adding value
पंजीकृत कार्यालयः कोर #1, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टिट्यूशनल एरिया, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003.
फ़ोन नं: 24362200; 2436189 ईमेल:mmtc@mmtclimited.com
सीआईएन:L51909DL1963GOI004033

विज्ञापन संख्या. 70/2026
भारत सरकार लोक उद्यम चयन बोर्ड
**एमएमटीसी लिमिटेड**
**में**
**निदेशक (कार्मिक)**
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 03.07.2026 (15:00 बजे तक) है। नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि 13.07.2026 (17:00 बजे तक) है। जानकारी के लिए वेबसाइट https://pesb.gov.in में लॉग इन करे।

**इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाईजेशन**
भारत सरकार का उद्यम
भारत मंडपम, नई दिल्ली-110001 (भारत)

**विषयः इंडिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन में जांच अधिकारी के तौर पर सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों को सूचीबद्ध करने के लिए आवेदन मंगाने हेतु।**

इंडिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन केंद्र/राज्य सरकार के अधीन आने वाले मंत्रालयों/विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के सेवानिवृत्त अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित करता है, ताकि उन्हें दोषी अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय जांच करने हेतु जांच अधिकारी के रुप में सूचीबद्ध किया जा सके। पात्रता, मानदेय, नियम और शर्तें आदि के बारे में जानकारी के लिए कृपया इंडिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (आईटीपीओ) की वेबसाइट https://www.itpo.gov.in/ पर जाएं।

आवेदन दिनांक **20 जुलाई, 2026** तक इंडिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (आईटीपीओ) में पहुंच जाने चाहिए।

NHSRCL National High Speed Rail Corporation Ltd.
नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
रिक्ति सूचना

**भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना का हिस्सा बनने का अवसर**

एनएचएसआरसीएल, रेल मंत्रालय और प्रतिभागी राज्य सरकारों की एक संयुक्त क्षेत्र कंपनी है जिसे मुंबई-अहमदाबाद के बीच पहले हाई-स्पीड कॉरीडोर बनाने का काम सौंपा गया है।



**आवेदन आमंत्रित हैं**

**209 गैर-कार्यकारी पद**
सिविल, ट्रैक, इलेक्ट्रिकल, एस एंड टी, रोलिंग स्टॉक, ऑपरेशंस, एएफसी सिस्टम्स एवं सेफ्टी क्षेत्रों में भारतीय रेल/सरकारी स्वामित्व वाली अथवा संचालित रेल प्रणालियों/मेट्रो रेल/आरआरटीएस के ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस विभागों में कार्यरत नियमित/संविदा कर्मचारियों से कंपनी में **एब्जॉर्प्शन के आधार पर** शामिल होने हेतु।
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 14.07.2026

**15 कार्यकारी पद – सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं सेफ्टी क्षेत्र में**
केंद्रीय पीएसयू, एसपीवी, मेट्रो रेल, रेल मंत्रालय तथा सरकारी विभागों में कार्यरत नियमित/संविदा अधिकारियों एवं प्रबंधकों से कंपनी में **एब्जॉर्प्शन के आधार पर** शामिल होने हेतु।
अधिक जानकारी के लिए **स्कैन करें**
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 09.07.2026

रिक्तियों का विवरण आधिकारिक वेबसाइट www.nhsrcl.in पर देखा जा सकता है।
इस संबंध में कोई भी परिशिष्ट अथवा अतिरिक्त सूचना (यदि कोई हो) केवल NHSRCL की आधिकारिक वेबसाइट पर ही जारी की जाएगी।
धोखेबाजों से सावधान रहें: सभी रिक्ति सूचनाएं केवल एनएचएसआरसीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जाती हैं।

**वित्तीय सेवा संस्था ब्यूरो**
एफ़एसआईबी FSIB
भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था
निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है

**यूको बैंक**
**में**
**प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव/सेवा आवश्यकता और अन्य नियमों एवं शर्तों के विवरण के लिए, कृपया https://fsib.org.in/ पर "Vacancies & Recommendations" टैब के तहत विज्ञापन देखें।

**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक उम्मीदवार https://fsib.org.in/ पर "Vacancies & Recommendations" टैब के तहत उपलब्ध लिंक के माध्यम से **ऑनलाइन** आवेदन कर सकते हैं या सीधे https://www.research.net/r/ucobankmdceo2026 पर जा करके आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि: 07 जुलाई, 2026 शाम 5:00 बजे तक**

*नोट: शुद्धिपत्र सहित अतिरिक्त विवरण, यदि कोई हो, केवल ब्यूरो की वेबसाइट पर प्रकाशित किये जाएंगे।*

### तकनीकी दिक्कत के बीच चार लाख छात्रों ने नीट पुनर्परीक्षा के प्रवेश पत्र डाउनलोड किए

# परीक्षा से पहले एनटीए के पोर्टल पर दबाव बढ़ा

**समस्या**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** नीट-यूजी 2026 पुनर्परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी होने के बाद बड़ी संख्या में उम्मीदवारों को इसे डाउनलोड करने में तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने कहा कि समस्या के समाधान के लिए तकनीकी टीम लगातार काम कर रही है।

एनटीए ने बताया कि 21 जून, 2026 को आयोजित होने वाली नीट-यूजी पुनर्परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 14 जून को जारी किए गए थे। प्रवेश पत्र जारी होने के बाद लाखों छात्र एक साथ पोर्टल पर पहुंच गए, जिसके कारण वेबसाइट पर अस्थायी दबाव बढ़ गया। इसी वजह से कई उम्मीदवारों को सर्वर की दिक्कत, वेबसाइट का धीमा चलना, लॉगिन पेज का न खुलना और सेशन टाइमआउट जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अब तक चार लाख से अधिक उम्मीदवार अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर चुके हैं।

### पेपर दिलाने का झांसा देकर ठगी, तीन गिरफ्तार

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अहमदाबाद पुलिस ने नीट-यूजी पुनर्परीक्षा परीक्षा का पेपर उपलब्ध कराने का झांसा देकर छात्रों से ठगी करने के आरोप में राजस्थान से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, अभ्यर्थियों के खातों में सेंध लगाकर परीक्षा शुल्क वापसी की राशि हड़पने के आरोप में बिहार के गया से एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### आरोपियों से सीबीआई को पूछताछ की अनुमति

**नई दिल्ली, का.सं.।** नीट-यूजी परीक्षा लीक मामले में राउज एवेन्यू अदालत ने सीबीआई को तीन आरोपियों से जेल में पूछताछ करने की अनुमति दे दी है। अदालत ने 17 से 19 जून के बीच प्रत्येक आरोपी से एक-एक घंटे पूछताछ की इजाजत दी है। एजेंसी ने दलील दी कि गवाहों के बयानों में कुछ नए तथ्य सामने आए हैं, जिनकी पुष्टि के लिए पूछताछ जरूरी है।

### सुरक्षा का कड़ाई से हो पालन: गृह सचिव

**नई दिल्ली, वि.सं.।** केंद्रीय गृह सचिव ने सोमवार को नीट-यूजी पुनर्परीक्षा-2026 की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में परीक्षा को लेकर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की तैयारियों का जायजा लिया और छात्रों की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था तथा परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता पर विशेष जोर दिया गया।

केंद्रीय गृह सचिव ने सभी राज्य सरकारों, केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्रीय एजेंसियों को निर्देश दिया कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए और परीक्षा का आयोजन पूरी तरह त्रुटिरहित ढंग से किया जाए। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## 'छात्रों के सपनों पर प्रहार है पेपर लीक'



**कांग्रेस नेता कोटा में छात्र सम्मेलन को संबोधित करेंगे**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कोटा में छात्र सम्मेलन से पहले सोमवार को कहा कि हर पेपर लीक, परीक्षाओं का रद्द होना और अधूरी भर्ती सिर्फ व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि लाखों सपनों पर प्रहार है।

राहुल गांधी नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक, सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली और बेरोजगारी के विषयों लेकर छात्र सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसकी शुरुआत 17 जून को कोटा में होगी। इसके बाद प्रयागराज, पटना और दिल्ली में छात्र सम्मेलनों का आयोजन होगा। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'देश के हर युवा से मेरी एक बा- आज इस देश में मेहनत का फल नहीं, सपने देखने की सजा मिलती है।

### गुवाहाटी हवाई अड्डा सबसे खूबसूरत

**गुवाहाटी।** भवन डिजाइन और आर्किटेक्चर के लिए प्रख्यात 'प्रिक्स वर्साय' अवार्ड के लिए असम के गुवाहाटी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को चुना गया है। हवाई अड्डे को दुनिया के सबसे खूबसूरत एयरपोर्ट में शामिल किया गया है। वहीं, मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी टॉप-7 सूची में रखा गया है।

अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने सोमवार को एक एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी इन दोनों हवाई अड्डों का प्रबंधन करती है।

### विज्ञान में अभूतपूर्व प्रगति: जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश में विज्ञान के परिदृश्य में अभूतपूर्व बदलाव आया है।

जैव अर्थव्यवस्था में लगभग 20 गुना विस्तार, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट चंद्र लैंडिंग, अंतरिक्ष स्टार्टअप इकोसिस्टम का विकास, मौसम पूर्वानुमान में क्रांतिकारी सुधार और रणनीतिक क्षेत्रों में स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का उदय शामिल है। जितेंद्र सिंह ने आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

## हरिद्वार में लाखों लोगों ने डुबकी लगाई

**आस्था**

**हरिद्वार, संवाददाता।** पुरुषोत्तम मास में सोमवती अमावस्या और संक्रांति के शुभ संयोग पर सोमवार को हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के से हरकी पैड़ी समेत प्रमुख गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शहर में उमड़े जनसैलाब के कारण यातायात व्यवस्था चरमराती रही। सड़कों पर दिनभर जाम लगा रहा। इससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रशासन का दावा है कि इस दौरान करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया।

ब्रह्ममुहूर्त से ही हरकी पैड़ी, प्रेमनगर आश्रम घाट, अमरापुर घाट, बिरला घाट सहित सभी प्रमुख घाटों पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। पूरे दिन गंगा तट हर-हर गंगे और जय मां गंगे के जयघोष से गूंजते रहे। हर की पैड़ी पर अत्यधिक भीड़ के कारण कई श्रद्धालुओं ने हाईवे किनारे बने अन्य घाटों पर स्नान किया।

यूपी, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों से लाखों श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे। प्रशासन ने स्नान पर्व के लिए मेला क्षेत्र को 16 जोन और 46 सेक्टरों में विभाजित किया था। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने हरकी पैड़ी पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



हरिद्वार में सोमवार को गंगा स्नान करने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। • रवींद्र सिंह

### हरकी पैड़ी के आसपास पार्किंग और होटल फुल

हरकी पैड़ी के आसपास स्थित पंतद्वीप, दीनदयाल और रोड़ी बेलवाला सहित सभी प्रमुख पार्किंग स्थल सुबह भर गए। शहर के अधिकांश होटल और धर्मशालाओं में कमरे फुल रहे। पुलिस ने अतिरिक्त वाहनों को बैरागी कैंप पार्किंग की ओर मोड़ा।

### शिमला में जाम में घंटों फंसे पर्यटक, बीच रास्ते से लौटे

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के कई प्रमुख मार्गों पर सप्ताहांत में घंटों तक यातायात जाम लगा रहा। इसके चलते कुछ पर्यटकों को यात्रा की योजना को बीच में ही रद्दकर वापस लौटना पड़ा। खज्जियार-डलहौजी मार्ग पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।

## नेगेव मशीन गन की सटीकता बढ़ेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सेना ने अपनी नेगेव लाइट मशीन गन की मारक क्षमता और सटीकता बढ़ाने के लिए एक इजरायली कंपनी की विशेष दूरबीन प्रणाली (टेलीस्कोपिक साइट) का चयन किया है। इससे सेना दिन के उजाले में बेहतर लक्ष्य साधने में सक्षम हो सकेगी।

इजरायली कंपनी मेप्रोलाइट द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, भारतीय सेना ने उनके मेप्रो एक्स-6 नामक दूरबीन प्रणाली को चुना है। यह छह गुना अधिक क्षमता से देखने वाली एक स्थिर दूरबीन प्रणाली है, जिसे विशेष रूप से हमलावर बंदूकों और हल्की मशीन गन के लिए तैयार किया गया है। यह कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी सटीक निशाना लगाने में सक्षम है।

## भगवंत मान को 'खालसा पंथ-विरोधी' घोषित किया



**एक वीडियो को लेकर श्री अकाल तख्त ने सुनाया फैसला**

**चंडीगढ़, एजेंसी।** श्री अकाल तख्त ने सोमवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को 'गुरु-द्रोही' और 'खालसा पंथ-विरोधी' घोषित किया। उन पर एक कथित आपत्तिजनक वीडियो के बारे में झूठ बोलने का आरोप है।

साथ ही, बेअदबी के खिलाफ बनाए गए कानून 'जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) एक्ट, 2026' में संशोधन नहीं करने पर विधानसभा के सभी सिख विधायकों और पंजाब कैबिनेट को 29 जून को श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष तलब किया है। श्री अकाल तख्त साहिब सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था है। अमृतसर में 'पांच सिंह साहिबान' (सिख धर्मगुरुओं) की बैठक के बाद अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गरगज ने अकाल तख्त के मंच से यह आदेश सुनाया।

वहीं, भाजपा और कांग्रेस ने मामले में मुख्यमंत्री भगवंत मान से इस्तीफा देने की मांग की। पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लो ने कहा कि उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

## लंबी दूरी तक वार करेगी क्रूज मिसाइल

**उपलब्धि**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने लंबी दूरी तक सटीक हमला करने की क्षमता को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हालिस की है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सोमवार को ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की जमीनी आक्रमण क्रूज मिसाइल (एलआरएलएसीएम) का सफल उड़ान परीक्षण किया।

चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में तैनात विभिन्न ट्रैकिंग उपकरणों द्वारा प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, परीक्षण के सभी उद्देश्य पूर्णतः सिद्ध हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एलआरएलएसीएम के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ टीम और उद्योग भागीदारों को बधाई दी। एलआरएलएसीएम स्वदेशी रूप से विकसित मिसाइल है, जिसके सभी उप-प्रणालियां डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योग भागीदारों द्वारा विकसित की गई हैं। इस प्रक्षेपण के दौरान डीआरडीओ के वरिष्ठ अधिकारी और भारतीय नौसेना एवं वायु सेना के प्रतिनिधि उपस्थित थे। डीआरडीओ के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने प्रक्षेपण के दौरान सभी गतिविधियों की निगरानी की। इससे पहले, 13 जून को डीआरडीओ ने दुश्मन के अलग-अलग तरह के खतरों के खिलाफ देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने वाली कई अहम तकनीकों का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया।



### लक्ष्य को सटीकता से भेदने में सक्षम

क्रूज मिसाइल एक स्वचालित हथियार है, जो जेट इंजन से चलता है। यह अपनी पूरी उड़ान के दौरान वायुमंडल में निचली ऊंचाई पर लक्ष्य को बेहद सटीक रूप से भेदने में सक्षम है।

## देश 30s

### मणिपुर में फिर गोलीबारी, तीन घायल

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सोमवार को दो समूहों के बीच हुई गोलीबारी में कम से कम तीन लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह गोलीबारी सुबह करीब छह बजे लेइलोन वैफेई गांव के पास हुई, जब कुकी बहुल इस जिले में दो आदिवासी समुदायों से जुड़े हथियारबंद लोगों के बीच गोलीबारी हुई। सभी घायल कुकी समुदाय से हैं, जिन्हें सुरक्षा बलों ने इलाज के लिए इंफाल स्थित क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान पहुंचाया।

### अभिषेक बनर्जी से नौ घंटे से ज्यादा पूछताछ

**कोलकाता।** ईडी ने कथित प्राथमिक स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी से नौ घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की। अधिकारी ने बताया कि धनशोधन जांच के सिलसिले में जारी समन के अनुपालन में बनर्जी सोमवार सुबह कोलकाता स्थित ईडी के सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय पहुंचे। ईडी घोटाले की जांच के सिलसिले में पूर्व मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा सहित कई लोगों से पहले भी पूछताछ कर चुकी है।

### जमीन घोटाले में सुमित के खिलाफ वारंट जारी

**कोलकाता।** पश्चिम मेदिनीपुर जिले की एक अदालत ने सोमवार को जमीन घोटाले के मामले में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी के करीबी सुमित रॉय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यह वारंट तब जारी किया गया, जब जांचकर्ताओं ने अदालत को बताया कि कई कोशिशों के बावजूद रॉय का पता नहीं चल सका है। अधिकारी ने बताया कि हमने गिरफ्तारी वारंट के लिए अदालत का रुख किया था। अदालत ने हमारी याचिका स्वीकार कर ली है।

### हर अमरनाथ यात्री कश्मीर का मेहमान : महबूबा



**श्रीनगर।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को कहा कि अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा करना कश्मीरियों का फर्ज है। यह बढ़ते नफरत और ध्रुवीकरण के दौर में भाईचारा बनाने का एक मौका है। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर की 57 दिनों की यह तीर्थयात्रा तीन जुलाई से शुरू होने वाली है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां आने वाला हर अमरनाथ यात्री कश्मीर का मेहमान होता है। वे हमारी जमीन, लोगों और हमारी मान्यताओं की कहानी भारत के हर कोने तक ले जाते हैं।

### राजौरी में जमीन धंसने से कई इमारतें क्षतिग्रस्त

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके के कोटली-कलाबन गांव में जमीन धंसने से छह इमारतें और कुछ रिहायशी घर क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि जमीन धंसने की इस घटना से पिछले 48 घंटों में लगभग 2.5 किलोमीटर का इलाका प्रभावित हुआ है। इससे घरों, सड़कों और खेतों में दरारें आ गई हैं। उन्होंने बताया कि राजौरी के डिप्टी कमिश्नर अभिषेक शर्मा ने अधिकारियों की एक टीम के साथ स्थिति का जायजा लिया।

## दो लाख बसों को अक्तूबर तक लो फ्लोर करना होगा

**■ केंद्र ने पुरानी बसों में बदलाव के लिए समय सीमा तय की**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** केंद्र सरकार ने नियमावली में बदलाव करते हुए शहरों में चलने वाली सभी बसों के फ्लोर (फर्श) की ऊंचाई को घटाकर अधिकतम 400 एमएम अक्तूबर तक करना अनिवार्य कर दिया है।

नए मॉडल बसों का उत्पादन अब उक्त मानक के अनुसार होगा, वहीं लगभग दो लाख पुरानी बसों में बड़े परिवर्तन करने होंगे। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने मोटर वाहन नियमावली के तहत एआईएस-216 मानकों को अधिसूचित कर दिया है। नए मॉडलों के लिए यह नियम एक अप्रैल से लागू हो चुका है, जबकि सड़कों पर दौड़ रहे सभी मौजूदा मॉडलों के लिए एक अक्तूबर 2026 की समय-सीमा तय की गई है। वर्तमान में देशभर में लगभग 1.5 से दो लाख बसें पुरानी (सरकारी राज्य परिवहन और निजी ऑपरेटरों को मिलाकर) परिचालन में हैं। एक अक्तूबर से इन सभी मौजूदा मॉडलों में कई परिवर्तन करना होगा।

बताया जाता है कि यह तकनीकी रूप से असंभव और आर्थिक रूप से गहरा झटका है। सरकार दरअसल स्क्रैपिंग नीति को पीछे के दरवाजे से लागू करने की तैयारी में है।

## मौत से चंद घंटों पहले रील बना रही थीं संचिता

**दर्दनाक**

**मुंबई, एजेंसी।** छोटे पर्दे के बेहद लोकप्रिय धारावाहिक कुमकुम भाग्य और वागले की दुनिया में अपने अभिनय से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाली अभिनेत्री संचिता उगले ने मात्र 22 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कह दिया। निधन से ठीक कुछ घंटों पहले ही उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक रील पोस्ट की गई थी।

वीडियो में एक्ट्रेस 'डफली वाले, डफली बजा' गाने पर लिपसिंक करती दिखी थीं। इस वीडियो के कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा था, 'मैं नाचूं, तू नचा।' महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा इलाके में स्थित उनके निवास स्थान पर रविवार को उनका शव मिला है। प्रशंसकों ने उनकी मौत पर दुख जताया है।

**पुलिस ने जांच शुरू की :** एक अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। घटनास्थल पर हमें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और न ही कोई सुसाइड नोट बरामद हुआ है। अधिकारी के मुताबिक, अभिनेत्री के पिता ने अचोले थाना पुलिस को बताया कि उन्हें किसी तरह की साजिश या गड़बड़ी का संदेह नहीं है और वह संचिका की मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं मानते। पुलिस आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर यह पता लगाने के लिए जांच कर रही है कि संचिता ने यह कदम क्यों उठाया।



कुमकुम भाग्य में संचिता (बाएं) ने दीया की भूमिका निभाई थी। • फाइल फोटो

### सफलता की सीढ़ियां चढ़ रही थीं 22 वर्षीय उगले

संचिता ने कुमकुम भाग्य में दिया टंडन की भूमिका निभाकर बड़ी पहचान बनाई थी। इसके अतिरिक्त उन्होंने 'दिलवाली दूल्हा ले जाएगी' में मुख्य भूमिका निभाई थी। टेलीविजन के साथ-साथ वे विक्की कौशल अभिनीत ऐतिहासिक फिल्म 'छावा' में महारानी ताराबाई के बचपन के किरदार में और मनोज बाजपेयी की फिल्म 'साइलेंस- 2' में भी नजर आ चुकी थीं।

### दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत से कनेक्शन

संचिता के चचेरे भाई आकाश उगले ने दावा किया है कि उस पर फिल्म इंडस्ट्री द्वारा दबाया जा रहा था। उन्होंने सुशांत सिंह राजपूत से जुड़ा सोशल मीडिया का एक वीडियो दिखाते हुए कहा कि ये संचिता की फर्जी आईडी से पोस्ट किया गया है, जिसमें लिखा था, 'आज फिर 14 जून है'। मालूम हो ठीक छह साल पहले 14 जून 2020 को सुशांत सिंह राजपूत की रहस्यमयी मृत्यु हुई थी।



## लापता की तलाश



काजल

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका **नामः** काजल, **पुत्रीः** गोविन्दा, **निवासीः** सी–2/1258, सेक्टर–27, रोहिणी, दिल्ली, **लिंगः** महिला, **उम्रः** 19 साल, **कदः** 5', **रंगः** गेहुँआ, **चेहराः** गोल, **शरीरः** मध्यम, **पहनावाः** लाल रंग की कुर्ती व जीन्स और पैरों में सैण्डल पहने है, जो दिनांक 29.05.2026 से अपने घर से लापता है। इस बाबत **डीडी नं. 58ए, दिनांकः 30.05.2026, थानाः शाहबाद डेयरी, दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इसके बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोनः 011-24368638, 24368641
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
DP/7959/ON/2026

थानाध्यक्ष
थानाः शाहबाद डेयरी, दिल्ली
फोनः 9811538547

## गुमशुदा व्यक्ति की तलाश



सोनू

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका नाम **सोनू** पुत्र स्वर्गीय बाबू लाल, निवासी बी.–4/78, नंद नगरी, दिल्ली, **उम्र** : 42 वर्ष, **कदः** 5.2 फुट, **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** पतला, **पहचानः** मानसिक रूप से अस्वस्थ, **रंग** : सांवला, जिसने लाल रंग की टी–शर्ट, काले रंग का पजामा और लाल रंग के जूते पहने हुए दिनांक 15.05.2026 से अपने घर से लापता हैं। इस संबंध में डी.डी. सं. 75ए दिनांक 29.05.2026 को थाना नंद नगरी, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

ई–मेलः cic@cbi.gov.in
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
फैक्सः 24368639,
दूरभाषः 24368638/24368641

थानाध्यक्षः
थाना नंद नगरी, दिल्ली,
दूरभाष सं.: 8750726764, 8750870733
DP/7875/NE/2026

## गुमशुदा की तलाश



पूनम

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **पूनम, पुत्री, नाथूराम, पता** फ्लैट नंबर एच–291 बी2 टिकरी खुर्द दिल्ली जो दिनांक 07.06.2026 को 12:00 दोपहर अपने घर दिल्ली थाना क्षेत्र, नरेला औद्योगिक क्षेत्र,, दिल्ली से लापता है। इस संदर्भ में एक **डीडी सं. 56ए दिनांक 07.06.2026** थाना नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली में दर्ज है।

गुमशुदा लड़की का ब्यौरा इस प्रकार है :

**नाम** : पूनम, **पिता का नाम** : नाथूराम, **उम्र** : 20 साल, **कद** : 5 फुट, 5 इंच, **रंग** : गोरा, **शरीर** : पतला, **चेहरा** : गोल, **पहनावा** : हरे रंग का सूट सलवार और पैरों में चप्पल पहने हुए है।

अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाइट : http://cbi.nic.in
ई–मेल : cic@cbi.gov.in
फैक्स : 011-24368639
फोन : 011-24368638, 24368641
DP/7922/ON/2026

थानाध्यक्ष
थाना : नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली
फोन : 011-27787593, 7065036324

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



सौरव दास

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लडका (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम **सौरव दास पुत्र बिश्वजीत दास निवासी आरजेड–79, गली नं. 13, टीकेडी एक्सटेंशन, गोविंद पुरी, दक्षिण पूर्व, दिल्ली** जो अपने घर से **दिनांक 31.05.2026 को शाम 7:30 बजे** से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक **एफआईआर नं. 316/2026, अतर्गत धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता 2023, दिनांक 01.06.2026 थाना गोविंद पुरी, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लडके का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–

**लिंगः** पुरुष, **आयुः** 15 वर्ष, **कदः** 5'4'' फीट, **रंगः** गेहुंआ, **चेहराः** अण्डाकार, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** संतरी रंग की टी–शर्ट और नीले रंग का पजामा पहने हुए है।

अगर किसी को इस गुमशुदा लडके के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:–

थाना प्रभारी
वेबसाइटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
टेली. न.: 011-24368638/24368641
फैक्स नं.: 011-24368639

थानाः गोविन्द पुरी, दिल्ली
फोनः 011–29980049
मोबाइलः 8750870932
DP/7631/SE/2026

## लापता/अगवा की तलाश



विकाश कुमार दास

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका **नामः** विकाश कुमार दास, **पुत्रः** स्व. तुलसीदास, **निवासीः** गांव दाहसिल, थाना सिगवाड़ा, जिला दरभंगा, बिहार, **लिंगः** पुरुष, **उम्रः** 16 साल, **कदः** 5'10'', **रंगः** सावंला, **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** हल्की गुलाबी रंग की कमीज व काले रंग की जीन्स और पैरों में नीले रंग के स्पोर्ट्स शूज़ पहने है, जो दिनांक 30.12.2024 से शकूरबस्ती रेलवे स्टेशन, दिल्ली स्थित अवध असम एक्सप्रेस ट्रेन से लापता/अगवा है। इस बाबत **FIR No. 02/2025, U/s 137(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, दिनांकः 08.01.2025, थानाः सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता/अगवा लड़के के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इसके बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोनः 011-24368638, 24368641
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
DP/7975/Rly/2026

थानाध्यक्ष
थानाः सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोनः 8750871308, 8750238080

## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रीः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 35–40 साल, **कदः** 5'1'', **लिंगः** महिला, **रंगः** गेंहुँआ, **पहचान का निशानः** बायीं बाजू पर पिन के हेड के आकार का काला तिल, **पहनावाः** आसमानी नीले रंग की फूलदार नाईट गाउन पहने है, जो झंडेवालान मेट्रो स्टेशन, नई दिल्ली स्थित श्री बाबा लाल दयाल जी मंदिर के पास, मेट्रो गेट नं. 3 के सामने फुटपाथ पर बेहोशी की हालत में मिली और उसे एलएचएमसी अस्पताल, नई दिल्ली ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस सम्बंध में **डीडी नं. 28ए, दिनांक 10.06.2026, थानाः राजा गार्डन मेट्रो स्टेशन, नई दिल्ली** में दर्ज है।

मृतक के शव को पहचान के लिए एलएचएमसी अस्पताल के शवगृह में 72 घंटों के लिए रखा गया है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
थानाः राजा गार्डन मेट्रो स्टेशन, नई दिल्ली
DP/8047/METRO/2026 फोनः 011-25150008, 8750871327, 9971968158



## कोलकाता में होगा योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** केंद्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां तेज कर दी हैं। केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने सोमवार को बताया कि इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय है 'स्वस्थ आयु के लिए योग'। उन्होंने कहा कि 21 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता में योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

यहां एक प्रेस कांफ्रेस में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का ब्योरा जारी करते हुए जाधव ने कहा कि योग दिवस का विषय वर्तमान शताब्दी की सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों के समाधान के साथ ही अनेक अवसरों का भी सृजन करता है। उन्होंने कहा कि विश्वभर में लोग पहले से कहीं अधिक दीर्घायु हो रहे हैं। हालांकि, असली चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि ये अतिरिक्त वर्ष स्वस्थ, सक्रिय, आत्मनिर्भर और सार्थक हों।

मंत्री ने कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत करके, मानसिक कल्याण को बढ़ावा देकर और जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाकर स्वस्थ आयु की दिशा में एक सर्वकालिक और समग्र मार्ग प्रदान करता है।

## नौवीं की किताब में 'डांसिंग गर्ल' की तस्वीर में बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने मोहनजोदाड़ो की खुदाई में मिली प्रसिद्ध कांस्य की नर्तकी की मूर्ति (डांसिंग गर्ल) को नौवीं कक्षा की कला शिक्षा की नई किताब 'मधुरिमा' में बदले स्वरूप में प्रकाशित किया है। भारत की सबसे चर्चित पुरातात्विक कलाकृतियों में से एक के छात्रों के सामने प्रस्तुतिकरण के तरीके को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

किताब के 'कला का इतिहास' नामक पाठ में यह तस्वीर छापी गई है। किताब में मूर्ति का ऊपरी हिस्सा (धड़) ढका हुआ है। साथ ही, रंग भी बदला गया है। इससे मूर्ति में दिखने वाली शारीरिक बनावट की बारीकियां छिप गई हैं, जबकि मूल मूर्ति में यह हिस्सा खुला दिखाई देता है। 25 साल से छप रही इस कांस्य मूर्ति के मूल स्वरूप में कथित तौर पर पहली बार बदलाव किया गया है। इसके विपरीत कक्षा छठवीं की सामाजिक विज्ञान की किताब में यह मूर्ति मूल स्वरूप में ही है और ज्यादा स्पष्ट दिखती है। वहीं, दोनों कक्षाओं की किताबों में मूर्ति के चित्रण में अंतर पर एनसीईआरटी ने कोई बयान नहीं दिया।



एलन मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनर बने!

### तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों की ओर से विलय की घोषणा के बाद अब लोकसभा अध्यक्ष की मंजूरी का हो रहा इंतजार

# एनडीए में नंबर दो हो सकती है एनसीपीआई

**टीएमसी में टूट**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) अचानक राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में आ गई है।

तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों द्वारा एनसीपीआई में विलय का ऐलान किए जाने के बाद यह दल लोकसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का सबसे बड़े सहयोगी बनने की स्थिति में पहुंच सकता है। बागी सांसदों ने संसद में एनडीए को समर्थन देने का भी फैसला किया है। यदि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा इस विलय को मान्यता मिल जाती है, तो एनसीपीआई के पास 20 सांसद हो जाएंगे। इसके साथ ही वह लोकसभा की पांचवी सबसे बड़ी पार्टी बन जाएगी और भाजपा के बाद एनडीए की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी होगी। साथ ही बंगाल में लोकसभा सीट के लिहाज से ये सबसे बड़ी पार्टी होगी। हालांकि, जानकारों का कहना है असली तस्वीर जुलाई में सामने आएगी, जब बागियों का समूह तृणमूल कांग्रेस पर दावे की कवायद शुरू कर सकता है।

गौरतलब है कि टीएमसी के 28 लोकसभा सांसदों में से 20 सांसदों के समर्थन का दावा करने वाले बागी गुट ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सदन में अलग बैठने की व्यवस्था की भी मांग की है। दूसरी ओर, टीएमसी संसदीय दल के नेता अभिषेक बनर्जी ने इस गुट को मान्यता नहीं देने की अपील की है।

जानकारों का मानना है बागी सांसदों ने दलबदल विरोधी कानून के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए विलय का रास्ता चुना है। कानून के तहत किसी दल के कम से कम दो-तिहाई सांसद यदि किसी अन्य पार्टी में शामिल होते हैं, तो उसे वैध विलय माना जा सकता है। इसी कारण एनसीपीआई में विलय को कानूनी रूप से सुरक्षित विकल्प माना जा रहा है। यदि यह प्रक्रिया पूरी हो जाती है, तो 2023 के त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में खास प्रभाव नहीं छोड़ पाने वाली एनसीपीआई अचानक राष्ट्रीय राजनीति में एक अहम शक्ति बनकर उभर सकती है।

**लोकसभा में एनडीए के पास 292 सीटें :** केंद्र में एनडीए के सहयोगी दलों की सीटों की बात करें तो 2024 के लोकसभा चुनावों में, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने 543 में से कुल 292 सीटें जीती थीं। इसमें भाजपा के पास 240 सीटें हैं, जबकि बाकी 52 सीटें एनडीए के सहयोगी दलों के पास हैं। इनमें तेलुगु देशम पार्टी के पास 16, जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के पास 12, शिवसेना (शिंदे गुट) 7, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) 5, जनता दल (सेक्युलर) 2, राष्ट्रीय लोक दल के पास भी 2 सीटें हैं। वहीं, चुनाव में एनडीए के छोटे सहयोगी दलों, जैसे आरपीआई, अपना दल, आजसू आदि ने कुल मिलाकर 6 सीटें जीती थीं। इनमें से अपना दल (सोनेलाल), आजसू पार्टी और आरपीआई (आठवले) को 1-1 सीट मिली थी।


कोलकाता में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी, कैबिनेट मंत्री तपस रॉय और तृणमूल की बागी सांसद माला रॉय। • प्रेट्र

### कानूनी राय ले सकते हैं ओम बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों के एनसीपीआई में प्रस्तावित विलय के बाद उन्हें अलग समूह के रूप में मान्यता देने की मांग पर कानूनी राय ले सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि टीएमसी के बागी सांसदों की मांग पर कोई भी फैसला संसद के मानसून सत्र से पहले लिया जाएगा, जो सामान्यतया जुलाई के तीसरे सप्ताह में शुरू होता है। उन्होंने कहा कि बागी सांसदों की मांग पर निर्णय केंद्रीय विधि मंत्रालय की लिखित राय के आधार पर लिया जाएगा।

### कुंडू दंपति ने रखी पार्टी की नींव



चुनाव आयोग ने 2023 में एनसीपीआई को गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत किया था। पार्टी का रजिस्टर्ड मुख्यालय हावड़ा जिले के बनिपुर में स्थित है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तिया कुंडू व उनकी पत्नी शेवली कुंडू कोषाध्यक्ष हैं। दोनों लंबे समय से स्थानीय स्तर पर सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय रहे हैं। शेवली दो अहम संगठनों की निदेशक भी हैं। बताया जाता है कि एनसीपीआई की नींव स्थानीय समस्याओं, युवाओं के रोजगार, महिलाओं के सशक्तिकरण और क्षेत्रीय विकास को लेकर उठाए गए मुद्दों पर रखी गई थी।

### सबकी जमानत हुई थी जब्त

एनसीपीआई ने अपना पहला चुनावी प्रयोग 2023 के त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में किया। बंगाल में पंजीकृत होने के बावजूद पार्टी ने त्रिपुरा के आदिवासी बहुल और दूरदराज के इलाकों पर विशेष फोकस किया। सात सीटों पर उम्मीदवार उतारे गए, लेकिन चार के नामांकन रद्द हो गए। केवल दो सीटों पर पार्टी के चुनाव चिह्न 'सात किरणों वाला पेन निब' पर वोटिंग हुई। पार्टी उम्मीदवारों को बहुत कम वोट मिले और सबकी जमानत जब्त हो गई थी।

### खाते में बचे थे मात्र 75 रुपये

एनसीपीआई के पास 2022-23 वित्तीय वर्ष के आखिर में नकद के तौर पर सिर्फ ₹75 रुपये बचे थे। यह आंकड़ा चुनाव आयोग को सौंपी गई सालाना ऑडिट रिपोर्ट में सामने आया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान एनसीपीआई ने चंदे के तौर पर ₹1,13,075 रुपये मिलने की जानकारी दी। चंदा देने वाले नौ लोगों में पार्टी अध्यक्ष शेवली कुंडू और उपाध्यक्ष उत्तिया कुंडू शामिल थे। ये पति-पत्नी हैं। उन्होंने क्रमशः ₹15,000 और ₹18,000 का योगदान दिया।

## चुनाव चिह्न पर दावा करेंगे : चक्रवर्ती

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसद अरूप चक्रवर्ती ने सोमवार को दावा किया कि उन्होंने दल को छोड़ा नहीं है, बल्कि इसे सुधारने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पार्टी के चुनाव चिह्न पर नियंत्रण के लिए लड़ाई लड़ेंगे।

उन्होंने दावा किया कि इस कदम से पश्चिम बंगाल में विकास और रोजगार आएगा। बागी नेता अरूप चक्रवर्ती ने तृणमूल अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि ममता बनर्जी डरी हुई हैं। वह पार्टी की बैठक तक नहीं बुला सकतीं।

## बागियों के फैसले पर सवाल उठाए

**कोलकाता।** टीएमसी के 20 बागी सांसदों के एनसीपीआई में विलय की घोषणा के एक दिन बाद एनसीपीआई के राष्ट्रीय सचिव शांतनु डे ने दावा किया कि इस कदम पर पार्टी नेतृत्व से कभी सलाह नहीं ली गई और ऐसा फैसला अकेले नहीं लिया जा सकता।

उधर, तृणमूल नेता कुणाल घोष ने पार्टी के बागी नेताओं पर तीखा हमला किया है। कहा, भाजपा ने बागी सांसदों के लिए दरवाजे बंद कर दिए हैं। वे ऐसे मेहमान हैं, जिनका स्वागत तो है, लेकिन रहने के लिए किराए का मकान दिया जा रहा है। इससे पहले कोलकाता में ममता बनर्जी के आवास के बाहर कुणाल घोष पर अंडा फेंका गया।

## देश 30s

### सौरव गांगुली ने पुलिस में शिकायत दी



**कोलकाता।** भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने सोमवार को अपमानजनक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर पुलिस से शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि लाखों फॉलोअर्स वाले एक फेसबुक पेज पर उनकी छवि खराब करने के मकसद से अपमानजनक व गुमराह करने वाली बातें फैलाई जा रही थीं। उन्होंने दावा किया ये पोस्ट सौरव गांगुली फैंस नाम के पेज से शेयर किए गए थे, जो खुद को अनऑफिशियल फैन पेज बताता है।

### सबवेंशन योजना संबंधी याचिका पर सुनवाई होगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिसमें केंद्र सरकार को यह आदेश देने की मांग की गई है कि सबवेंशन प्लान के तहत खरीदारों को फ्लैट नहीं मिलने पर जारी की गई लोन की रकम के बराबर नुकसान कर्जदाता बैंक और बिल्डर दोनों को उठाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने की सहमति जताते हुए केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी कर अपना-अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। सोमवार को ही एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने देश के अलग-अलग हाईकोर्ट में ट्रांसजेंडर (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 को चुनौती देने वाली अर्जी की सुनवाई पर रोक लगा दी है।

# भाजपा ने पांच राज्यों के चुनावों के लिए कसी कमर

**विश्लेषण**

- संगठन, निजी एजेंसी की ली जा रही है मदद
- हर तीन माह में जुटाए जाएंगे आंकड़े

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** भाजपा नेतृत्व ने अगले साल होने वाले चुनावों को लेकर जमीनी तैयारी तेज कर दी है। फिलहाल, पार्टी विभिन्न निजी एजेंसियों और संगठन के तंत्र से फीडबैक ले रही है।

पार्टी अंदरूनी तौर पर इस तरह के आंकड़े हर तीन महीने में जुटाएगी, यानी जून, सितंबर व दिसंबर में वृहद आंकड़े आने की संभावना है। इसके आधार पर उम्मीदवारों के नाम से लेकर गठबंधन, प्रचार व प्रबंधन के बारे में रणनीति बनाई जाएगी। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा नेतृत्व ने अगले साल की शुरुआत में होने वाले पांच राज्यों यूपी, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा व मणिपुर के लिए तैयारी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा नेतृत्व ने अपने स्तर पर संगठन और विभिन्न एजेंसियों से जनता के बीच मुद्दे, राजनीतिक माहौल, संभावित उम्मीदवारों को लेकर जानकारी लेना शुरू कर दिया है।

सूत्रों का कहना है कि पंजाब से जो आंकड़े आ रहे हैं, उनमें सरकार के खिलाफ माहौल ज्यादा है और कांग्रेस लोगों में विकल्प के रूप में नहीं उभर रही है। अकाली दल को लेकर भी जनता में उत्साह नहीं है। ऐसे में भाजपा के लिए वहां पर जगह बनाने को सबसे बेहतर मौका है। पार्टी ने इसी को लेकर सिख नेतृत्व को आगे लाकर केवल सिंह ढिल्लो को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को भी पंजाब भेज दिया गया है। तरुण चुघ को राज्यसभा सदस्य बनाया गया है।

उत्तर प्रदेश में भाजपा को पश्चिम बंगाल के माहौल से लाभ मिलने की संभावना है। वहां पर पार्टी सहयोगी दलों और विधायकों को लेकर भी फीडबैक हासिल कर रही है। प्रदेश की संगठन टीम बन जाने के बाद वहां से नया फीडबैक हासिल किया जाएगा, जिसमें सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखा जाएगा। उत्तराखंड को लेकर भी फिलहाल अच्छे संकेत हैं।

# संगठनात्मक बदलाव पर भाजपा का संघ से मंथन

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** भाजपा के शीर्ष नेताओं ने संघ के प्रमुख नेताओं के साथ पार्टी और सरकार से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर सोमवार शाम को मंथन किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हुई बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ संघ के सह कार्यवाह अरुण कुमार भी मौजूद रहे। बैठक में भाजपा संगठन की नई टीम, केंद्रीय मंत्रिपरिषद के संभावित विस्तार और देश के सामाजिक एवं राजनीतिक पहलुओं से जुड़े नीतिगत मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय विदेश यात्रा पर हैं और उनके लौटने के बाद भाजपा में सरकार और संगठन के स्तर पर कई महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं। गौरतलब है कि लंबे समय से संघ और भाजपा के बीच इस तरह की बैठक नहीं हुई थी और लगातार यह सवाल उठ रहा था कि संघ और भाजपा के बीच कई मुद्दों पर समन्वय में कमी आई है। हालांकि, समय-समय पर भाजपा के वरिष्ठ नेता लगातार संघ नेतृत्व के साथ संपर्क में रहे हैं और उन्हें तमाम संगठन एवं अन्य गतिविधियों से अवगत कराते रहें हैं। चूंकि, अब भाजपा के संगठन की नई केंद्रीय टीम आनी है और केंद्र सरकार में संभावित फेरबदल की भी स्थिति बन रही है। ऐसे में भाजपा और संघ नेतृत्व की यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश जैसे महत्वपूर्ण राज्य की टीम में भी कुछ सुझाव संघ से लिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, भाजपा में लंबे समय से संघ के पूर्णकालिक प्रचारकों की कमी महसूस की जा रही है। इस दृष्टि से भी इस बैठक का महत्व है।

# गुरुग्राम समेत चार शहरों में ईडी ने छापेमारी की

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता जोनल कार्यालय ने पीएमएलए के तहत ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी मामले में 1 और 4 जून 2026 को मुंबई, ठाणे, बंगलुरु और गुरुग्राम में आठ जगहों पर तलाशी अभियान चलाया।

इस दौरान जिन जगहों की जांच की गई, उनमें पेक्स डिजिटल पेमेंट प्राइवेट लिमिटेड, स्मूथपे डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड, किंसेन बिजनेस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, सेफपे टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (अब मेसर्स टूरस टेक ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड), ज्ञान कुबेर लिमिटेड और मेसर्स डिसेंट्रो टेक प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल सबूत जब्त किए गए हैं, जिनकी विस्तार से जांच की जा रही है। पीएमएलए, 2002 की धारा 17(1ए) के तहत कुल 129 बैंक अकाउंट्स को फ्रीज किए गए हैं, जिनमें 18.4 करोड़ जमा थे। इसके अलावा तलाशी के दौरान कुछ लॉकर भी फ्रीज किए गए हैं। ईडी ने साइबर धोखाधड़ी के जरिए फर्जी इन्वेस्टमेंट मामले में पश्चिम बंगाल के बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। पीड़ितों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और व्हाट्सएप ग्रुप्स के जरिए निवेश करने के लिए लुभाया जाता था। निवेशकों को ज्यादा रिटर्न का लालच दिया जाता था।







मोदी को स्लोवाकिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, अब तक 33 देशों ने सम्मानित किया

# भारत-स्लोवाकिया ऊर्जा, एआई और व्यापार पर सहयोग बढ़ाएंगे

**करार**

**ब्रातिस्लावा, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और स्लोवाकिया ने अपने मैत्री और व्यापारिक संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदला है। दोनों देशों ने एआई, नवाचार, व्यापार, डिजिटल तकनीक, शिक्षा समेत अहम मुद्दों पर द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने पर समझौते और सहमति जताई है।

स्लोवाकिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का खुलकर समर्थन किया। सोमवार को राजधानी ब्रातिस्लावा स्थित ब्रातिस्लावा कैसल में मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में प्रगति संतोषजनक रही है, लेकिन हमारी क्षमताएं और आकांक्षाएं इससे कहीं अधिक हैं। दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। भारत के प्राचीन उपनिषदों का स्लोवाक भाषा में अनुवाद इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि 2017 में स्लोवाकिया का पहला उपग्रह भारत ने लॉन्च किया था। मोदी ने स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको को भारत आने का निमंत्रण भी दिया। मोदी को स्लोवाकिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने सोमवार को सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस' से सम्मानित किया। मोदी को मिला यह 33वां नागरिक सम्मान है। • एएनआई

### ये समझौते हुए

**श्रम प्रवासन :** दोनों देशों के बीच कुशल व्यावसायिक कर्मियों की आवाजाही बढ़ाने के लिए श्रम प्रवासन समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**डिजिटल तकनीक :** डिजिटल तकनीक के विस्तार से जुड़ा एमओयू हुआ, सार्वजनिक अवस्थापना में तकनीक को बढ़ावा दिया जाएगा

**एआई चेयर :** कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में सहयोग के लिए भारत स्लोवाकिया के एक विश्वविद्यालय में 'एआई इंडिया चेयर' स्थापित करेगा

### रक्षा सहयोग पर जोर

संयुक्त बयान में बताया गया कि दोनों नेताओं के बीच बातचीत के बाद रक्षा सहयोग के मुद्दे पर 'लेटर ऑफ इंटेंट' (आशय पत्र) को अंतिम रूप दे दिया गया है। सामाजिक सुरक्षा पर समझौता ज्ञापन जल्द तैयार करने, नागरिक परमाणु ऊर्जा, वैश्विक मंचों पर साझा दृष्टिकोण पर सहमति बनी।

### 'महादेव कीर्तन प्रोजेक्ट'

प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो में रविवार रात एक कार्यक्रम के दौरान 'महादेव कीर्तन प्रोजेक्ट' की प्रस्तुति थी, जिसमें स्लोवाकिया के कलाकार वाद्ययंत्रों के साथ 'शंभू-शंभू' जाप करते दिख रहे हैं। इसे दोनों देशों के सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक बताकर बधाई दी।

### 100वां विदेश दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस और स्लोवाकिया की एक सप्ताह की यह यात्रा 12 साल में 100वां विदेशी दौरा है। बतौर पीएम मोदी ने पहली विदेश यात्रा भूटान की की थी। मोदी 1993 में स्लोवाकिया के स्वतंत्र देश बनने के बाद वहां जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं।

# फ्रांस पहुंचे ट्रंप, पुराने दोस्तों से शिकवे दूर करेंगे

G7 FRANCE EVIAN 2026 जी-7 सम्मेलन

**एवियन-लेस-बेन्स (फ्रांस), एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फ्रांस के एवियन में 'जी-7 समिट' में शामिल हो रहे हैं। ईरान के साथ समझौता प्रक्रिया को अपनी रणनीतिक उपलब्धि के तौर पर पेश कर सकते हैं। साथ ही वह जंग से आलोचक बने पुराने दोस्तों से गिले-शिकवे दूर करेंगे।

ट्रंप जी-7 समिट के लिए सोमवार को ही एवियन-लेस-बेन्स पहुंच गए। सम्मेलन में वह दुनिया के कई नेताओं से मुलाकात करेंगे। इनमें वे नेता भी शामिल हैं, जो ईरान-अमेरिका युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में आए उछाल को लेकर ट्रंप प्रशासन के प्रबंधन की आलोचना करते रहे हैं। युद्ध से पूर्व सलाह नहीं लेने पर कथित तौर पर ट्रंप की फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से अनबन भी रही है।

जानकारी के अनुसार, ऐसे हालात में सम्मेलन के दौरान ट्रंप ईरान के साथ समझौता प्रक्रिया को अपनी बड़ी उपलब्धि बता सकते हैं। रवानगी से पहले ट्रुथ पर एक पोस्ट में उन्होंने ईरान के साथ समझौते के अंतिम चरण में पहुंचने की जानकारी दी।

**होर्मुज से माइन हटाने पर होगी चर्चा :** व्हाइट हाउस के अनुसार, ट्रंप जी-7 नेताओं के साथ होर्मुज जलडमरूमध्य से माइनें हटाने पर भी बात कर सकते हैं।

मध्य पूर्व में युद्ध रुकने के बाद ब्रिटेन और फ्रांस ने माइन हटाने में मदद करने की बात कही है। माइन हटाना इसलिए जरूरी है, क्योंकि इससे जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर खतरा बना हुआ है।

### मोदी से मुलाकात मुमकिन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी स्लोवाकिया की यात्रा पर हैं। वह 17 जून को जी-7 समिट में शामिल होने के लिए फ्रांस लौटेंगे। माना जा रहा है कि सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की मुलाकात हो सकती है।

### मध्य पूर्व के तीन देश शामिल

फ्रांस ने सम्मेलन के एक सत्र में भाग लेने के लिए लिए मध्य पूर्व के तीन देशों मिस्र, कतर और संयुक्त अरब अमीरात को भी बुलाया है। ये देश हाल में अमेरिका-ईरान युद्ध के दौरान बुरी तरह प्रभावित रहे हैं। ऐसे में वे युद्ध के कारण बनी स्थितियों पर बात रख सकते हैं।

### टैरिफ पर टकराव के आसार

ट्रंप ने फ्रांस से अमेरिकी टेक कंपनियों पर लगाए गए डिजिटल टैक्स को खत्म करने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि अगर फ्रांस ने ऐसा नहीं किया तो अमेरिका के पास फ्रेंच वाइन पर 100 फीसदी टैरिफ लगा देगा। वहीं, मैक्रों ने ट्रंप की चेतावनी को नकार दिया।

# भागवत ने कहा- हिंदू धर्म पंजीकृत नहीं

**त्रिशूर, एजेंसी।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को संघ के पंजीकरण की मांग को खारिज करते हुए इसे राजनीति करार दिया। भागवत ने कहा कि 'हिंदू धर्म पंजीकृत नहीं है। कई चीजें पंजीकृत नहीं होतीं। जो लोग सरकार से निधि चाहते हैं, उन्हें पंजीकरण कराने की जरूरत होती है।'

भागवत रविवार को केरल के त्रिशूर में आरएसएस के शताब्दी संपर्क कार्यक्रम के तहत एक सभा को संबोधित करने के बाद सवालों का जवाब दे रहे थे। यह पूछे जाने पर कि कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियंक खरगे ने आरएसएस से अपना पंजीकरण कराने की मांग की है, भागवत ने कहा कि संगठन के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है और वह खुले तौर पर अपनी गतिविधियां संचालित करता है। हम कोई चीज छिपाते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि संगठन ने 1950 में सरकार को अपना लिखित संविधान सौंपा था और किसी भी अधिकारी ने कभी इस बात पर जोर नहीं दिया कि मान्यता मिलने से पहले उसके लिए पंजीकरण कराना जरूरी है। भागवत ने कहा कि पिछले 100 वर्षों में किसी ने हमसे नहीं कहा कि हमें पंजीकरण कराना होगा।

वहीं, केरल में भागवत के कार्यक्रम में तीन विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की मौजूदगी को लेकर राजनीतिक विवाद गहरा गया है।



कर्नाटक में आरएसएस के पंजीकरण की मांग को राजनीति कहा

## 'हिमाचल में विधायक कर सकेंगे मतदान'

**शिमला, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश के शहरी स्थानीय निकायों के मेयर, डिप्टी मेयर, चेयरमैन और वाइस-चेयरमैन के चुनाव में मतदान करने की विधायकों को इजाजत दे दी।

सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद, अब राज्य भर निकाय के पदाधिकारियों के चुनाव में विधायकों को वोट देने की इजाजत होगी।

## अहमदाबाद विमान हादसे की जांच अंतिम चरण में : नायडू

**जेवर, एजेंसी।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि एयर इंडिया एआई-171 विमान हादसे की जांच अपने अंतिम चरण में है और एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो के जल्द अंतिम रिपोर्ट सौंपने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि एएआईबी किसी भी प्रक्रिया में बिना कारण तेजी नहीं लाना चाहता। वे मानकों का सख्ती से पालन करना चाहते हैं। एयर इंडिया का एआई-171 विमान बीते साल 12 जून को अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 260 लोगों की मौत हो गई थी।

## मेफेड्रोन में इस्तेमाल रसायन के लिए अब लाइसेंस अनिवार्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने सोमवार को मेफेड्रोन ड्रग में इस्तेमाल होने वाले '2-ब्रोमो-4-मेथाइलप्रोपियोफेनोन' रसायन को 'नियंत्रित पदार्थ' घोषित किया है।

इसके बाद, इस रसायन के उत्पादन, बिक्री, खरीद, भंडारण, आयात-निर्यात से जुड़े काम के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) से पंजीकरण नंबर लेना अनिवार्य हो गया है। केंद्र ने यह निर्णय मेफेड्रोन में रसायन के बढ़ते उपयोग को देखते हुए लिया है। एनसीबी ने एक बयान में कहा कि अब इस रसायन के इस्तेमाल पर नजर रखी जाएगी। 11 मार्च को यह अधिसूचना जारी की थी।

## क्रिप्टो धोखाधड़ी मामले में ईडी का छापा, एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को 500 करोड़ रुपये के कथित क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी मामले में छापेमारी की। धनशोधन जांच के तहत की गई कार्रवाई में केंद्रीय एजेंसी ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इस मामले में 2.48 लाख से ज्यादा निवेशक प्रभावित हुए।

विजय कुमार जुनेजा और मासूम जुनेजा नामक लोगों से जुड़े ठिकानों पर कार्रवाई की गई। ईडी ने कहा कि मासूम जुनेजा को पीएमएलए के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस ऑपरेशन में 'दोषसाबित करने वाले' दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस मिले हैं।


भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र शार SATISH DHAWAN SPACE CENTRE SHAR
श्रीहरिकोटा-524 124, SRIHARIKOTA-524 124
तिरूपति जिला (आं.प्र.) TIRUPATI DIST.(A.P)

इसरो isro

विज्ञापन सं.एसडीएससी शार/आरएमटी/01/2026 दिनांक 16.06.2026
**ADVERTISEMENT No. SDSC SHAR/RMT/01/2026 dated 16.06.2026**

अध्यापकों के निम्न पदों के लिए एसडीएससी शार ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:-
SDSC SHAR invite online applications for the following posts of Teachers:-

| पद का नाम Name of the post | रिक्तियों की सं. No. of Vacancies | वेतन लेवल Pay Level | आयु सीमा 07.07.2026 को Age limit as on 07.07.2026 |
|---|---|---|---|
| प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक/Trained Graduate Teacher(गणित, विज्ञान, तेलुगु, कार्य अनुभवि शिक्षक)/ (Maths, Science, Telugu, Work Experience Teacher) | 04 | लेवल Level 7 (₹ 44,900-₹1,42,400) | 18-35 वर्ष Years |
| प्राथमिक अध्यापक/Primary Teacher | 06 | लेवल Level 6 (₹35,400-₹1,12,400) | 18-30वर्ष Years |

कृपया विस्तृत विज्ञापन के लिए निम्नलिखित वेबसाइट पर जाएं:/Please visit the following website for detailed advertisement: https://www.shar.gov.in OR https://apps.shar.gov.in/
आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि )/**Last Date for Receipt of Applications :07.07.2026.** cbc49109/11/0004/2627



IS 15700:2018 सेवोत्तम प्रमाणित
उ0 प्र0 आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता मेरठ
ऑफिस कॉम्पलैक्स, सैक्टर-9, शास्त्री नगर, मेरठ
भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700 SQMS

पत्रांक: 1823/ अधी. अभि./ मेरठ/ जी-12/ 57 दिनांक: 15.06.2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा परिषद की ओर से उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद में सिविल एवं विद्युत कार्य हेतु अर्ह श्रेणी/ ग्रुप मे पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/ फर्मो से शास्त्रीनगर योजना संख्या-07, मेरठ के सैक्टर-07 में व्यवसायिक कॉम्पलैक्स का निर्माण कार्य व शास्त्रीनगर योजना संख्या-07 के सैक्टर-12 बुढाना रोड, जनपद मेरठ में व्यवसायिक कॉम्पलैक्स के निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। विस्तृत नियम व शर्ते परिषद की वैबसाईट www.upavp.in पर देखी जा सकती हैं।

अधीक्षण अभियन्ता



राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
शिक्षा निदेशालय
निजी स्कूल शाखा (पीएसबी)
पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054

सार्वजनिक सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शिक्षा निदेशालय, दिल्ली नगर निगम (MCD) तथा नई दिल्ली नगर परिषद (NDMC) के निजी गैर-सहायता मान्यता प्राप्त स्कूलों में रिक्त सीडब्ल्यूएसएन (CWSN) सीटों के हेतु प्रवेश स्तर (अर्थात नर्सरी/केजी/कक्षा-1) पर सीडब्ल्यूएसएन (CWSN) श्रेणी के छात्रों के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन एक बार फिर से 16.06.2026 से 30.06.2026 तक खोल दिए गए हैं। लिंक और परिपत्र शिक्षा निदेशालय, जीएनसीटीडी की आधिकारिक वेबसाइट **www.edudel.nic.in** & ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रवेश पोर्टल **www.ewsadmissions.delhi.gov.in** पर उपलब्ध है।

उप शिक्षा निदेशक
(PSB)

DIP/Shabdarth/Classified/0111/26-27



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
रुधिर विज्ञान विभाग
लोक व्याख्यान एवं पैनल वार्ता
(हिंदी एवं अंग्रेजी में)
प्रस्तुत करता है
एमिलॉयडोसिस
क्या यह चुपके से आपकी सेहत को खराब कर रहा है?

स्वागत एवं प्रस्तावना
डॉ. (प्रो.) निखिल टंडन, निदेशक, एम्स, नई दिल्ली

समन्वयक
डॉ. (प्रो.) तुलिका सेठ, रुधिर विज्ञान विभाग

पैनलिस्ट
डॉ. (प्रो.) संदीप सेठ, डॉ. (प्रो.) मंजरी त्रिपाठी
डॉ. (प्रो.) डी. भौमिक, डॉ. (प्रो.) शालीमार, डॉ. (प्रो.) प्रिया जागिया
डॉ. निधि सोनी, डॉ. गीतिका सिंह, डॉ. जस्मिता दास

एमिलॉयडोसिस व्याख्यान: कार्डियक एमिलॉयडोसिस विषय पर डॉ. संदीप सेठ

- कई समस्याओं वाले इस रोग की शुरुआती पहचान
- डॉक्टरों और आम जनता के लिए एमिलॉयड से जुड़ी आवश्यक जानकारी
- एमिलॉयडोसिस से जुड़ी हृदय, किडनी और अन्य कई समस्याओं के लिए विशिष्ट उपचार की भूमिका

प्रवेश नि:शुल्क

तिथि : 17.06.2026 (बुधवार)
समय : सायं 03:00 से 05:00 बजे तक
स्थान : जवाहरलाल सभागार, एम्स, नई दिल्ली

कोई पंजीकरण की आवश्यकता नहीं हैं

सभी सादर आमंत्रित हैं
कृपया दोपहर 02:45 बजे तक अपना स्थान ग्रहण कर लें)
कार्यक्रम का यूट्यूब एम्स चैनल पर भी सीधा प्रसारण किया जाएगा
https://youtube.com/live/A0q9-DpKGMw?feature=share

यूट्यूब लाइव देखने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

कृपया व्याख्यान के बाद जलपान में शामिल होने की कृपा करें
मल्टी लेवल अंडरग्राउंड पार्किंग (मस्जिद मोठ परिसर, एम्स के निकट) पर पार्किंग उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:
प्रोटोकॉल प्रभाग, एम्स, नई दिल्ली
दूरभाष: 011-26593400, 26593514, 26549131

cbc17112/11/0019/2627



राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
दिल्ली अग्निशमन सेवा मुख्यालय
कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001

सार्वजनिक सूचना

कृपया ध्यान दें: निम्नलिखित भवन श्रेणियों के मालिक/उनमें रहने वाले

यह सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने दिल्ली अग्निशमन सेवा अधिनियम, 2007 (2009 का दिल्ली अधिनियम b तथा दिल्ली अग्निशमन सेवा नियम, 2010 दिनांक 01.07.2010 से लागू किए हैं। उक्त अधिनियम और नियमों के अनुसरण में नियम 27 में परिभाषित श्रेणी की ईकाई के मालिक / प्रबंधन / किराएदार को नियम 33 में निर्धारित राष्ट्रीय भवन निर्माण मानक, 2026 (भाग- F) के अनुरूप अग्नि रोकथाम और अग्नि सुरक्षा उपाय करने होते हैं। इसके अलावा, वे नियम 35 के अनुसार "अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र' जारी करने के लिए प्रधान निदेशक, दिल्ली अग्निशमन सेवा को आवेदन देंगे। अधिनियम की धारा 25 की उप-धारा (1) के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित श्रेणी के अधिभोक्ताओं को दिल्ली अग्निशमन सेवा से "अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र' प्राप्त करना होगाः

1. आवासीय भवन (होटल एवं अतिथि गृह को छोड़कर) जिनकी ऊँचाई 15 मीटर से अधिक हो अथवा जिनमें भूतल से ऊपर मेज़ेनाइन/स्टिल्ट तल सहित पाँच या अधिक मंजिलें हों।
2. होटल एवं अतिथि गृह भवन जिनकी ऊँचाई 12 मीटर से अधिक हो अथवा जिनमें भूतल से ऊपर मेज़ेनाइन/स्टिल्ट तल सहित चार या अधिक मंजिलें हों।
3. शैक्षणिक भवन जिनकी ऊँचाई 9 मीटर से अधिक हो अथवा जिनमें भूतल से ऊपर मेज़ेनाइन/स्टिल्ट तल सहित तीन या अधिक मंजिलें हों।
4. संस्थागत भवन जिनकी ऊँचाई 9 मीटर से अधिक हो अथवा जिनमें भूतल से ऊपर मेज़ेनाइन/स्टिल्ट तल सहित तीन या अधिक मंजिलें हों।
5. सभी सभा भवन।
6. व्यवसायिक भवन जिनकी ऊँचाई 15 मीटर से अधिक हो अथवा जिनमें भूतल से ऊपर मेज़ेनाइन/स्टिल्ट तल सहित पाँच या अधिक मंजिलें हों।
7. वाणिज्यिक भवन जिनकी ऊँचाई 9 मीटर से अधिक हो अथवा जिनमें भूतल से ऊपर मेज़ेनाइन/स्टिल्ट तल सहित तीन या अधिक मंजिलें हों।
8. औद्योगिक भवन जिनका सभी तलों का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 250 वर्ग मीटर से अधिक हो।
9. भंडारण भवन जिनका सभी तलों का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 250 वर्ग मीटर से अधिक हो।
10. सभी जोखिमयुक्त भवन जिनका कुल आच्छादित क्षेत्रफल 100 वर्ग मीटर से अधिक हो।
11. दो या अधिक स्तरों वाली सभी भूमिगत संरचनाएँ।

इसके अतिरिक्त, नियम 35 के अंतर्गत जारी किया गया "अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र" (Fire Safety Certificate), यदि पूर्व में निरस्त न किया गया हो, तो जारी किए जाने की तिथि से आवासीय भवनों (होटलों को छोड़कर) के लिए 05 वर्ष तथा गैर-आवासीय भवनों, जिनमें होटल भी सम्मिलित हैं, के लिए 03 वर्ष की अवधि तक वैध रहेगा।

जिन भवनों के पास इस विभाग द्वारा जारी वैध अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं है, उनसे अनुरोध है कि वे अपनी संबंधित अधिभोग श्रेणी (Occupancy) हेतु अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करें। आवेदन के साथ स्वीकृत/निर्माणानुसार (As-Built) भवन मानचित्र, निर्धारित स्केल (Scale) में, संबंधित भवन स्वीकृति प्राधिकारी के माध्यम से इस विभाग को प्रेषित करें।

यदि आपके भवन का अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र समाप्त (Expired) हो चुका है, तो उसके नवीनीकरण हेतु इस विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है।

**आग लगने की स्थिति में 101/112 पर डायल करें।**

**प्रधान निदेशक, दिल्ली अग्निशमन सेवा द्वारा जन सुरक्षा के हित में जारी**

प्रधान निदेशक
दिल्ली अग्निशमन सेवा

DIP/Shabdarth/Classified/0110/26-27

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# तृणमूल से सबक

तृणमूल कांग्रेस का टूटना बदलती भारतीय राजनीति का एक ऐसा संकेत है, जिससे तमाम राजनेता सबक ले सकते हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणामों को अभी चालीस दिन ही पूरे हुए हैं और यह बात अब शीशे की तरह साफ है कि तृणमूल कांग्रेस का स्वर्णिम दौर लद गया है। एक हारी हुई पार्टी को एकजुट रखने के जैसे प्रयास तृणमूल कांग्रेस कर सकती थी, उनका नितांत अभाव दिखा है। तृणमूल कांग्रेस के आला नेताओं ने साबित कर दिया कि उनमें जुड़ने-जोड़ने का हुनर कम है। वैसे, राज्य स्तर पर विधानसभा में भी पार्टी बंट चुकी है, लेकिन उसका कोई स्पष्ट स्वरूप सामने नहीं आया है, जबकि पार्टी से अलग हुए 20 सांसदों की स्थिति स्पष्ट है। इन्होंने एक नए अल्प-चर्चित दल के नाम का सहारा लिया है। यह अलग तरह का दलबदल अपने आप में बहस का मुद्दा है। आम तौर पर राजनीतिक दल अपने चुनाव अभियान से सांसद तैयार करते हैं, पर यहां तो एक दल को एकमुश्त 20 सांसद हासिल हो गए हैं। यह कानूनन सही हुआ है या गलत, इस पर जरूरी बहस शुरू हो गई है और होनी भी चाहिए।

कुछ संकेत बहुत स्पष्ट हैं और जिनसे अनेक सवाल खड़े होते हैं। ममता बनर्जी ने खून-पसीने से बनाई अपनी पार्टी को बचाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर क्यों नहीं लगाया? अगर वह मिल-बैठकर बात करतीं, तो संभव है, उनकी पार्टी सलामत रहती। ऐसा लगता है कि वह पूरी तरह से भतीजे सांसद अभिषेक बनर्जी पर निर्भर हो गईं। वंशवादी दलों के साथ यही समस्या है, इनमें दलीय लोकतंत्र का विशेष महत्व नहीं बचता है। वंशवाद ऐसी कमजोरी साबित हुआ है कि ममता बनर्जी ने न केवल राज्य में, बल्कि अपनी पार्टी में भी बहुमत गंवा दिया है। यह कहने में हर्ज नहीं कि तृणमूल अंदर से मजबूत नहीं थी और केवल सत्ता के रसायन ने उसे जोड़ रखा था। सत्ता का रसायन जैसे ही खत्म हुआ, पार्टी बिखर गई। कौन भूल सकता है कि राज्य में लगभग दुश्मनी की राजनीति हुई है? इसी का नतीजा है कि सूबे के बड़े-बड़े बड़बोले नेता शर्मसार से हैं और अपने बचाव के लिए किसी मजबूत छतरी की तलाश में हैं। यह सबक बड़ा है, जिसे शायर बशीर बद्र ने कुछ ऐसे बयान किया था- *दुश्मनी जमकर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे, जब कभी हम दोस्त हो जाएं तो शर्मिंदा न हों।*

**सत्ता का रसायन जैसे ही खत्म हुआ, तृणमूल कांग्रेस बुरी तरह बिखर गई। यह कौन भूल सकता है कि पश्चिम बंगाल में लगभग दुश्मनी की राजनीति हुई है?**

बंगाल में यह नए किस्म की राजनीतिक संस्कृति है, जिसमें टूटने का सलीका खास है। कुछ ही सप्ताह पहले आम आदमी पार्टी के सात सांसद समूह बनाकर भाजपा में शामिल हुए हैं। ऐसे में, सवाल उठता है कि तृणमूल से अलग हुए सांसद भाजपा में क्यों शामिल नहीं हुए? यहां फिर एक बार जमीनी प्रतिद्वंद्विता वाली बात सामने आती है। तृणमूल के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने बीते 15 वर्ष में जिस तरह दुर्व्यवहार किया है, उस वजह से भाजपा के जमीनी कार्यकर्ता तत्काल मेल-मिलाप के पक्ष में नहीं हैं। यहां राजनीतिक संस्कृति का अंतर आड़े आ रहा है और इस अंतर को सकारात्मक रूप से पाटना ममता बनर्जी की नई राजनीति की प्राथमिकता होनी चाहिए। हालांकि, युवा सांसद अभिषेक बनर्जी अपनी सियासत को जिस अदावत तक उतार लाए हैं, वहां से तृणमूल की स्वस्थ प्रतिद्वंद्विता की ओर वापसी आसान नहीं होगी। अब रही बात एनडीए की, तो उसकी लोकसभा सीटों की संख्या 294 से बढ़कर 314 होने वाली है, पर वह अभी भी दो-तिहाई बहुमत से 46 सीट पीछे है। यहां फिर इसी सबक को याद करना होगा कि लोकतंत्र में ज्यादा से ज्यादा लोगों-दलों का यकीन जीतना ही सबसे सही रणनीति है।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 16 जून, 1951

### काश्मीर का मूल प्रश्न

पाकिस्तान के विदेश-मंत्री श्री जफरुल्ला खां ने काश्मीर के संबंध में नेहरूजी के वक्तव्य का एक लम्बा उत्तर दिया है, जिसमें उन्होंने अपनी सारी तर्क-शक्ति व्यय कर डाली है। श्री जफरुल्ला एक सफल वकील रहे हैं और वह अपने ब्रिटिश तथा अमरीकी सहायकों के हाथ सबल करने का ढंग भली-भांति जानते हैं। स्पष्टतः उनके इस वक्तव्य का उद्देश्य ब्रिटेन एवं अमरीका के लोकमत को प्रभावित करना और भारत के विरुद्ध पाकिस्तान की जनता का द्वेष-भाव कायम रखना है।

श्री जफरुल्ला ने अनेक सबल प्रतीत होनेवाले तर्क प्रस्तुत करके यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया है कि भारत ने सुरक्षा-परिषद का 'पंच-निर्णय प्रस्ताव' अस्वीकृत करके न केवल एक असंगत कार्य, वरन् अपराध भी किया है, जिसके लिए उसे दंड मिलना चाहिए। उन्होंने काश्मीर में पुनः 'जेहाद' की धमकी भी दी है।... पाकिस्तानी नेताओं ने धर्मान्ध एवं कट्टर कबायलियों को काश्मीर में जाकर लूट-पाट तथा हत्याएं करने के लिए भड़का दिया। एक ओर उन्हें काश्मीर की सम्पदा और रूपवती स्त्रियों का लोभ दिखाया गया, दूसरी ओर पाकिस्तानी शस्त्रास्त्रों तथा सैन्यबल की सहायता का आश्वासन दिया गया। इस पर स्वभाव से ही अपराधी और रक्तपिपासु कबायली खर-दूषण की सेना की भांति काश्मीर की मनोरम एवं सुकुमार घाटी में पिल पड़े।

डोगरा महाराजा हरि सिंह की छोटी सी सेना अपने मध्य युगीन आयुध लेकर आधुनिक शस्त्रास्त्रों से सुसज्जित इन कबायलियों का प्रतिरोध करने में असमर्थ रही। कबायली काश्मीरी जनता को लूटते-पाटते उनकी हत्या करते, स्त्रियों का अपहरण करते बढ़ने लगे। उस समय ऐसा प्रतीत होने लगा कि कुछ ही दिनों में सम्पूर्ण निहत्था काश्मीर इन आततायियों के पैरों तले कुचल जायेगा।

इस पर काश्मीर के महाराजा और जनता ने भारत से सहायता की याचना की। उन्होंने पुकार की कि हम भारत-संघ में रहना चाहते हैं, हमारी रक्षा करो। भारत के तत्कालीन ब्रिटिश गवर्नर-जनरल लार्ड माउंटबेटन ने काश्मीर को 'अस्थायी रूप से' भारत-संघ में प्रविष्ट कर लिया। किन्तु हमारे न्याय और प्रजातंत्र-परायण प्रधानमंत्री ने कहा- जब तक जनता का स्पष्ट मत प्राप्त न कर लिया जाये, काश्मीर का प्रवेश स्थायी न समझा जायेगा।

# पूरी दुनिया को अमन का इंतजार



यहां स्कैन करें

**अरविंद गुप्ता** | पूर्व राजनयिक एवं डायरेक्टर, वीआईएफ

**यदि अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित समझौता साकार होता है, तो पूरी दुनिया में कायम राजनीतिक, आर्थिक व सुरक्षा संबंधी संकट जल्द खत्म हो जाएंगे।**



लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार पश्चिम एशिया से वह खबर आ गई, जिसका इंतजार पूरे विश्व समुदाय को था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 15 जून की सुबह अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये बताया कि ईरान के साथ समझौते का मसौदा तैयार हो गया है और होर्मुज जलमार्ग खुलने के साथ ही अमेरिकी नाकेबंदी हटाने को मंजूरी दे दी गई है। बाद में तेहरान ने भी इसकी पुष्टि कर दी। खबरों के मुताबिक, शुक्रवार को दोनों देश 'शांति समझौते' पर हस्ताक्षर कर सकते हैं।

यदि यह समझौता साकार होता है, तो पूरी दुनिया में कायम राजनीतिक, आर्थिक व सुरक्षा संबंधी संकट जल्द खत्म हो जाएंगे। 28 फरवरी, 2026 को इस युद्ध की शुरुआत तब हुई थी, जब अमेरिकी-इजरायली फौजों ने ईरान पर हवाई हमला किया था। जवाब में तेहरान ने भी अपने सभी घोड़े खोल दिए। नतीजतन, होर्मुज जलमार्ग पर जहाजों की आवाजाही बंद हो गई। इससे विश्व व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। एक हालिया अध्ययन बताता है कि ईरान युद्ध के कारण सालाना आकलन के हिसाब से विश्व अर्थव्यवस्था को लगभग 2.2 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हो सकता था। बेशक, 8 अप्रैल को दोनों देशों ने संघर्ष-विराम की घोषणा की थी और पाकिस्तान सहित कुछ अन्य देशों की मध्यस्थता में उनमें बातचीत भी हो रही थी, लेकिन बीच-बीच में संघर्ष-विराम के उल्लंघन की खबरें भी आती रहीं और जल्द समझौते के दावे के साथ ही ट्रंप के आक्रामक तेवर भी दिखते रहे। ऐसे में, यदि तेहरान ने पहली बार समझौते को लेकर अपनी हामी भरी है, तो इसका अर्थ है कि इस बार सफलता नजदीक है।

खबरों के मुताबिक, दोनों पक्ष इस बात पर राजी हैं कि ईरान होर्मुज जलमार्ग को खोल देगा और अमेरिका अपनी नाकेबंदी हटा लेगा। इससे होर्मुज से, जहां सैकड़ों जहाज और नाविक फंसे हुए हैं, सुरक्षित आवाजाही का रास्ता खुल जाएगा। इस एलान का त्वरित फायदा यह हुआ है कि कच्चे तेल की कीमतें गिर गई हैं और उसके दाम 100 डॉलर से गिरकर 85 डॉलर प्रति बैरल हो गए हैं। हालांकि, यह कोई पूर्ण समझौता नहीं है और इसमें ऐसे कई मुद्दे हैं, जिन पर अगले 60 दिनों में बातचीत होगी। फिर भी इसका तात्कालिक सकारात्मक असर हुआ है। लेकिन कुछ ऐसे सवाल अब भी कायम हैं, जिनके जवाब नहीं मिल सके हैं।

पहला, अमेरिका बार-बार यह कहता रहा है कि वह ईरान को परमाणु क्षमता हासिल नहीं करने देगा। क्या व्हाइट हाउस अपनी मंशा में पूरी तरह कामयाब हो सका है? इसका पता तो अगले 60 दिनों में ही लगेगा।

दूसरा, ईरान अब भी दोहरा रहा है कि सभी मोर्चों पर लड़ाई रुकेगी। इसका सीधा-सा अर्थ है कि हिज्बुल्लाह के ऊपर इजरायल जो अभी हमले कर रहा है, उसको भी रोका जाएगा। क्या वाकई ऐसा हो सकेगा?

तीसरा, तेहरान यह भी दावा कर रहा है कि उसकी जब्त संपत्तियों को अमेरिका वापस कर देगा, मगर इसकी सच्चाई स्पष्ट नहीं हो सकी है।

चौथा, युद्ध के दौरान होर्मुज जलमार्ग पर ईरान ने बारूदी सुरंगे बिछा दी थीं। इनको साफ करने के लिए बड़े पैमाने पर माइन-स्वीपिंग अभियान चलाने की जरूरत होगी। इस काम को कैसे और कब तक पूरा किया जाएगा?

पांचवां, अमेरिका ने कहा है कि संभावित समझौते में होर्मुज जलमार्ग स्वतंत्र रहेगा। यानी, इस पर ईरान का कब्जा नहीं रहेगा, जबकि तेहरान इस पर टोल लगाने का पक्षधर रहा है। क्या इस विवाद का अंतिम तौर पर निपटारा हो गया है?

वैसे, देखा जाए, तो इस समझौते से सबसे अधिक राहत अगर किसी को मिलेगी, तो वह स्वयं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हैं। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कूटनीतिक दांव की वजह से वह एक ऐसे पचड़े में फंस गए थे, जिसकी गंभीरता का उन्हें शुरू में अंदाजा नहीं था और इससे बाहर निकलने के लिए वह लगातार प्रयासरत थे। समझौता होने पर न सिर्फ उनकी मुश्किलें कम होंगी, बल्कि अपने देश के मध्यावधि चुनाव में उनको फायदा भी मिल सकता है। मुमकिन है कि वह खुद को शांति-दूत बताकर फिर से नोबेल पुरस्कार की मांग करने लगें। होर्मुज जलमार्ग के खुलने से आपूर्ति सुधरेगी, जिससे अमेरिका में भी महंगाई कम हो सकती है, जो इन दिनों तेजी से बढ़ी है।

इसमें कोई दोराय नहीं कि इस समझौते से ईरान का कद न सिर्फ पश्चिम एशिया में, बल्कि पूरी दुनिया में बढ़ेगा। अब वह अपने पुनर्निर्माण पर ध्यान दे सकता है। युद्ध में भारी नुकसान उठाने के बावजूद उसने दुनिया को यह तो बता ही दिया कि वह किसी भी महाशक्ति का मुकाबला कर सकता है। चूंकि उसने संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर, बहरीन जैसे इस खित्ते के तमाम देशों में स्थित अमेरिकी अड्डों को सफल निशाना बनाया, इसलिए भविष्य के मध्य-पूर्व के शक्ति संतुलन में ईरान खुद को बीस ही मानेगा।

अब तक यही माना जा रहा था कि इजरायल के पास ऐसी सुरक्षा प्रणाली है, जो सभी मिसाइलों को निरर्थक बना सकती है, लेकिन इस युद्ध में यह धारणा पूरी तरह से टूट गई है। तेहरान ने बार-बार यह बताया कि वह इजरायल तक अपनी मिसाइलें भेज सकता है, जिससे तेल अवीव की अचूक सैन्य ताकत वाली छवि खंडित हो गई है। अमेरिकी प्रतिबंध हटने से ईरान अब अपना तेल-गैस फिर से बेच सकेगा, जिससे उसे आर्थिक लाभ होगा। हालांकि, वहां इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) जैसी कट्टर ताकतें ज्यादा मजबूत हो जाएंगी, और इनसे विश्व समुदाय किस तरह रिश्ता रखेगा, यह देखने वाली बात होगी। कुछ लोग यह कह रहे हैं कि प्रस्तावित समझौता शायद कट्टरपंथी तबकों को स्वीकार्य नहीं है, लेकिन ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची का एलान यही बता रहा है कि यह फैसला सभी की सहमति से हुआ है।

भारत के लिए भी इन सबके गहरे निहितार्थ हैं। हमारे कई जहाज व नाविक वहां अटके हुए हैं। इतना ही नहीं, हमारी अर्थव्यवस्था पर ऊर्जा संकट का खतरा बना हुआ था, जिससे हम बच सकेंगे। युद्ध के दौरान यह धारणा बनने लगी थी कि भारत का अमेरिका-इजरायल की तरफ झुकाव बढ़ गया है। अब ईरान के पुनर्निर्माण में मदद करके भारत इस धारणा को तोड़ सकता है। वहां से तेल व गैस की आपूर्ति फिर से शुरू हो सकती है। बहुत मुमकिन है कि चाबहार बंदरगाह व अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा को आगे बढ़ाया जाए। यह तेहरान के साथ नई दिल्ली की एक नई शुरुआत होगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# सरकारी और निजी नौकरी का अंतर मिटाना चाहिए

राय की राय



यहां स्कैन करें

**विभूति नारायण राय** | पूर्व कुलपति एवं साहित्यकार

पूरे उत्तर प्रदेश में 6 जून से 10 जून के मध्य रेलवे और बस स्टेशनों पर लोगों को थके उदास चेहरों वाली एक अनियंत्रित भीड़ दिखाई दी। इसमें वे नौजवान शरीक थे, जो किसी न किसी तरह एक सरकारी नौकरी हासिल करना चाहते हैं, भले ही यह नौकरशाही के पदक्रम में सबसे निचले पायदान पर स्थित क्यों न हो। इसके लिए वे कुछ भी करने को तैयार थे। उन्होंने महीनों, कुछ मामलों में तो वर्षों, इसके लिए शारीरिक और बौद्धिक तैयारी की थी। जिन्हें उम्मीद नहीं थी कि ईमानदारी से कुछ हो सकता है, वे खेत-बारी बेचकर दलालों की तलाश कर रहे थे। ये सब उन शहरों की तरफ भागे चले जा रहे थे, जहां उत्तर प्रदेश पुलिस के 32 हजार से अधिक कांस्टेबलों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा होने वाली थी। 28 लाख से कुछ अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे और उनमें से लगभग 22 लाख लिखित परीक्षा में बैठे।

पिछले कुछ वर्षों में नौकरी का मतलब सरकारी नौकरी हो गया है। अपने गांव के एक पुस्तकालय में बैठकर मैंने बहुत से ऐसे नौजवानों से बात करके समझने की कोशिश की है कि आखिर वह कौन सा चुंबक है, जो इन्हें छोटी सी सरकारी नौकरी के लिए इस कदर आकर्षित करता है कि वे येन-केन-प्रकारेण इसे हासिल करने में जुट जाते हैं? वहां मुझे एक नौजवान मिलता है, जिसने पश्चिमी यूपी के एक कॉलेज से बीएससी (बायो-टेक्नोलॉजी) कर रखा है। उसकी भारी-भरकम डिग्री से प्रभावित होकर मैं जानने की कोशिश करता हूं कि वह अपने अध्ययन क्षेत्र की संभावनाओं को छोड़कर कांस्टेबल की नौकरी हासिल करने की कोशिश क्यों कर रहा है? समझना बहुत मुश्किल नहीं है। वह देहरादून की एक फर्म में नौकरी कर रहा था, जहां उसे 18,000 रुपये महीने पगार मिलती थी। प्रतिदिन दस घंटे से अधिक काम वाली इस नौकरी में कोई स्थायित्व या सुरक्षा नहीं थी।

**बढ़ती युवा शक्ति के लिए एक बड़ी औद्योगिक क्रांति की जरूरत होगी, जिसमें सेवा क्षेत्र के मुकाबले विनिर्माण क्षेत्र पर ध्यान देना होगा।**

हमारी बातचीत से आकर्षित होकर दूसरे लड़के-लड़कियां भी अपनी पढ़ाई छोड़कर हमारे इर्द-गिर्द सिमट आते हैं। वे सब किसी न किसी तरह से एक अदद सरकारी नौकरी हासिल करने के लिए पुस्तकालय में हाड़तोड़ मेहनत कर रहे हैं। सबके चेहरे निस्तेज हैं और किसी की आंखों में यह विश्वास नहीं झलक रहा कि उनकी मेहनत सफल हो सकेगी। कारण स्पष्ट है, सरकारी नौकरियां बहुत कम हैं। सालों बाद जब कोई परीक्षा होती भी है, तो कुछ सौ जगहों के लिए कई लाख अभ्यर्थी टूट पड़ते हैं और अगर पेपर आउट होने या अदालती हस्तक्षेप जैसी आशंकाओं से बच भी जाएं, तो इस प्रक्रिया में जिन युवाओं को नौकरी मिलती है, उनकी संख्या ऊंट के मुंह में जीरा जैसी होती है।

सरकारी और निजी क्षेत्र की नौकरियों के बीच वेतन का अंतर पिछले वर्षों में भयानक रूप से बढ़ा है। खास तौर से पांचवें और छठे वेतन आयोगों के बाद यह खाई और चौड़ी हो गई है। इस फर्क को समझने के लिए एक उदाहरण पर्याप्त होगा। मुझे याद है, जब 2008 में मैं हिंदी विश्वविद्यालय का कुलपति हुआ, तब तक सरकारी संस्थानों में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के ज्यादातर पद ठेके पर दे दिए गए थे। विश्वविद्यालय में आधे ड्राइवर स्थायी सरकारी नौकर थे, जिन्हें 40 हजार रुपये के लगभग वेतन मिलता था और साथ में छुट्टियां, आवास, चिकित्सा व बच्चों के लिए शिक्षा भत्ते जैसी सुविधाएं अलग थीं। इनके बरक्स ठेके पर आने वाले ड्राइवर बिना किसी अतिरिक्त सुविधा के 15-20,000 पर वही काम कर रहे थे। यह असमानता दिनोंदिन बढ़ती ही चली गई।

यह एक सामान्य समझ है कि दुनिया में कोई भी सरकार अकेले सबको नौकरी नहीं दे सकती। सरकारें रोजगार सृजन के लिए सहायक स्थितियां निर्मित कर सकती हैं। एक साक्षात्कार में राजनीतिक और सामाजिक विश्लेषक अजित कुमार झा ने जोर देकर कहा है कि उत्तर प्रदेश में जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है (साल 2023-24 में राष्ट्रीय वृद्धि दर से अधिक 2.2 प्रतिशत आंकी गई) और इसकी औसत उम्र 24.7 वर्ष हो गई है। इस बढ़ती युवा शक्ति के लिए एक बड़ी औद्योगिक क्रांति की जरूरत होगी, जिसमें सेवा क्षेत्र के मुकाबले विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान देना होगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी ऐसे सुधारों की जरूरत है, जिनसे बेरोजगारों की फौज के स्थान पर रोजगार योग्य नौजवान तैयार हो सकें।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# साधना का लक्ष्य

किसी सुनार को कुछ अशुद्धि वाला सोना दे दिया जाए, तो वह उसका क्या करेगा? वह उसे फेंकेगा नहीं, क्योंकि सुनार भली-भांति यह जानता है कि आग, धैर्य और सही प्रक्रिया से वही सोना फिर चमकने लगेगा। आध्यात्मिक दृष्टि से मनुष्य भी कुछ ऐसा ही है। उसके भीतर अनंत संभावनाएं हैं, किंतु क्षणिक कामना, भय, मोह, क्रोध व अहंकार जैसी मानसिक अशुद्धियां उसकी वास्तविक चमक को ढक देती हैं। साधना का असली उद्देश्य इन्हीं अशुद्धियों को मिटाकर मनुष्य को उसके मूल स्वरूप से परिचित कराना है।

आध्यात्मिक दर्शन के अनुसार, सृष्टि का विकास सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। ब्रह्मांडीय चेतना पहले आकाश तत्व में, फिर वायु, अग्नि, जल और अंततः पृथ्वी तत्व में क्रमशः अधिक स्थूल रूप में प्रकट हुई। यही कारण है कि पृथ्वी तत्व सबसे अधिक इंद्रियगोचर है और आकाश सबसे सूक्ष्म। मन सामान्यतः स्थूल वस्तुओं की ओर आकर्षित होता है, क्योंकि उन्हें इंद्रियां आसानी से ग्रहण कर लेती हैं। साधना का प्रथम चरण इसी प्रवृत्ति को उलटना है; मन को स्थूल से हटाकर सूक्ष्म की ओर ले जाना। जब मन बाहर से हटकर भीतर की ओर मुड़ता है, तब आत्मशुद्धि की यात्रा प्रारंभ होती है।

लेकिन, यह यात्रा आसान नहीं है। मन में वर्षों से संचित संस्कार, इच्छाएं और प्रतिक्रियाएं गहराई तक जमी होती हैं। सुख मिलने पर हम उनसे चिपक जाते हैं और दुख मिलने पर उनसे भागना चाहते हैं। यही आकर्षण और विकर्षण मन को अस्थिर बनाए रखते हैं। आध्यात्मिक साधक का लक्ष्य इन दोनों के पार जाना है। वह न सुख का दास बनता है, न दुख का शिकार। वह दोनों को जीवन के अनुभवों के रूप में स्वीकार करना सीखता है। तब यम- नियम का महत्व सामने आता है।

सत्य, अहिंसा, अस्तेय (ईमानदारी), शौच, संतोष व अनुशासन जैसे सिद्धांत मन को शुद्ध करने वाले पवित्र जल के समान हैं। इस संदर्भ में मनुष्य की तुलना अशुद्ध सोने से अत्यंत सार्थक है। अशुद्धियां सोने का स्वभाव नहीं होतीं; वे केवल उस पर चढ़ी हुई परतें होती हैं। उसी प्रकार लोभ, ईर्ष्या, क्रोध और अहंकार भी मनुष्य का वास्तविक स्वरूप नहीं हैं। वे प्रकृति द्वारा निर्मित अस्थायी विकृतियां हैं। साधना की अग्नि में तपकर ये धीरे-धीरे दूर होती हैं।

**अशुद्धियां सोने का स्वभाव नहीं होतीं, वे उस पर चढ़ी हुई परतें होती हैं। उसी प्रकार, लोभ, ईर्ष्या, क्रोध और अहंकार भी मनुष्य का स्वरूप नहीं हैं। वे प्रकृति द्वारा निर्मित अस्थायी विकृतियां हैं।**

आत्मशुद्धि की यह यात्रा किसी विशेष वर्ग या संप्रदाय की नहीं, बल्कि प्रत्येक मनुष्य की यात्रा है। जिस दिन हम अपने भीतर छिपे सोने को पहचान लेंगे और उसे साधना की अग्नि में तपाने का साहस जुटा लेंगे, उसी दिन जीवन की दिशा बदल जाएगी। तब बाहरी परिस्थितियां चाहे जैसी हों, भीतर एक ऐसी शांति और प्रकाश का उदय होगा, जिसे कोई छीन नहीं सकता।

**श्री श्री आनंदमूर्ति**

**योगी आदित्यनाथ** | मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



**आज घर सूने हो रहे हैं और वृद्धाश्रम बढ़ रहे हैं। यह स्थिति क्यों आई? सनातन संस्कृति में माता-पिता व गुरु को साक्षात ईश्वर माना जाता है। वृद्ध जनों का सम्मान केवल संस्कार नहीं, बल्कि हमारी गौरवशाली सभ्यता की पहचान है।**

## अनुलोम-विलोम

### प्लास्टिक मुद्रा



# नकदी व्यवस्था अधिक सुरक्षित होगी

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से प्लास्टिक नोट जारी करने को लेकर जो खबर आई है, वह पुरसुकून है। यूपीआई और डिजिटल भुगतान की क्रांति ने भारत की वित्तीय व्यवस्था को नई दिशा दी है। आज देश में प्रतिमाह अरबों डिजिटल लेन-देन हो रहे हैं, फिर भी एक बड़ा वर्ग ऐसा है, जो नकद मुद्रा पर निर्भर है। किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी, ग्रामीण बाजार और असंगठित क्षेत्र में नकद रुपये का महत्व आज भी बरकरार है। यही कारण है कि डिजिटल भुगतान के बढ़ते प्रसार के बावजूद नकद मुद्रा की मांग बनी हुई है। ऐसे में, भारतीय मुद्रा को अधिक सुरक्षित, टिकाऊ और आधुनिक बनाने के लिए प्लास्टिक नोटों की तरफ बढ़ना सुखद है।

प्लास्टिक नोट देखने और उपयोग में सामान्य नोटों जैसे ही होते हैं, लेकिन इनकी आयु कागजी नोटों की तुलना में पांच से सात गुना अधिक होती है। पानी, नमी, धूल, गंदगी और फटने के प्रति इनकी प्रतिरोधक क्षमता कहीं अधिक होती है। भारत जैसे जलवायु की विविधता वाले देश में, जहां तटीय क्षेत्रों में अत्यधिक नमी और कई इलाकों में धूल-मिट्टी की समस्या रहती है, वहां प्लास्टिक नोट अधिक उपयोगी साबित हो सकते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से भी प्लास्टिक मुद्रा महत्वपूर्ण है। नकली नोटों का कारोबार लंबे समय से देश की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती बना हुआ है। प्लास्टिक नोटों में विशेष सुरक्षा फीचर होते हैं, जिनकी नकल करना बेहद कठिन है, नतीजतन इसके जाली होने की आशंका काफी कम हो जाती है।

प्लास्टिक नोटों का एक अन्य लाभ स्वच्छता से भी जुड़ा है। कागजी नोटों पर बैक्टीरिया और अन्य सूक्ष्मजीव आसानी से पनप सकते हैं, जबकि प्लास्टिक की चिकनी सतह पर इनका टिकना अपेक्षाकृत कठिन होता है। कोविड-19 महामारी के बाद स्वच्छ मुद्रा की आवश्यकता को अधिक गंभीरता से महसूस किया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने 1988 में सबसे पहले प्लास्टिक नोटों को अपनाया था। आज ब्रिटेन, कनाडा, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, मलेशिया, वियतनाम और रोमानिया सहित लगभग 60 देशों में इस तरह की व्यवस्था सफलतापूर्वक काम कर रही है। भारत में भी 2009 से इसको लेकर चर्चाएं चल रही हैं और अगले तीन-चार वर्षों में कुछ शहरों में परीक्षण की योजना भी बनी थी, पर बात आगे नहीं बढ़ सकी। आज समय की मांग है कि इस विचार को पुनः गति दी जाए। हालांकि, इसके उपयोग के बाद इनके पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) की प्रभावी व्यवस्था भी विकसित करनी होगी, ताकि प्लास्टिक कचरे की नई समस्या उत्पन्न न हो।

**विभूति बुपक्या**, टिप्पणीकार

# पहले रुपया पर वैश्विक भरोसा लौटाइए

यह सही है कि भारतीय रिजर्व बैंक समय-समय पर मुद्रा प्रणाली को अधिक सुरक्षित, टिकाऊ और आधुनिक बनाने के लिए नए प्रयोग करता रहा है, और इसी क्रम में प्लास्टिक नोट जारी करने की भी संभावना है, लेकिन यह ऐसा कदम होगा, जिसकी सफलता की स्पष्ट भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। भले ही, पॉलिमर नोटों के सामान्य कागजी नोटों की तुलना में अधिक टिकाऊ होने की बात कही जाती है, लेकिन सबसे पहले जरूरी यह है कि रुपये पर वैश्विक भरोसे को टिकाऊ बनाया जाए। ऐसे वक्त में, जब डॉलर के मुकाबले रुपया अपने मूल्य की जंग लड़ रहा हो, तब प्लास्टिक नोट शुरू करने जैसी बातें भला क्या मतलब रखती हैं? पहले रुपये पर वैश्विक भरोसा तो लौटाइए, फिर उसे कागजी से प्लास्टिक की ओर ले जाइए।

समझना यह भी चाहिए कि पूर्व में ऐसी कोशिश परवान नहीं चढ़ सकी है। तथ्य यही है कि साल 2014 के आसपास सरकार ने देश के पांच शहरों- जयपुर, शिमला, भुवनेश्वर, मैसूर और कोच्चि में 10 रुपये के प्लास्टिक नोटों का एक छोटा सा टेस्ट (ट्रायल) किया था, जो सफल नहीं हो सका। इसकी सबसे बड़ी वजह यह थी कि देश के एटीएम और बैंकों की नोट गिनने वाली मशीनें केवल कागजी नोटों के हिसाब से बनी थीं, जिस कारण प्लास्टिक के नोटों की वजह से मशीनें बार-बार जाम होने लगीं। इतना ही नहीं, भारत गर्म देश है, यहां तेज गर्मी पड़ती है। गर्मी के कारण प्लास्टिक नोटों के आपस में चिपकने और सिकुड़ने का डर भी था। इन्हीं सब कारणों से इस काम को रोक दिया गया और सरकार ने अपने कदम वापस ले लिए। आज फिर से उसी तरह की कवायद को आगे बढ़ाया जा रहा है, जबकि देश की भौगोलिक दशा में कोई बदलाव नहीं हुआ है, अलबत्ता ग्लोबल वार्मिंग के कारण बेहिसाब गर्मी का दौर लंबा रहने लगा है।

इसका अर्थ है कि या तो प्लास्टिक नोट चलाने की कोई जरूरत नहीं है और अगर इसे चलाना जरूरी है, तो पूर्व के अनुभवों से सबक लेना चाहिए और पूरी सुरक्षा के साथ इसे लागू करना चाहिए। यह सही है कि मुद्रा से जुड़े सुरक्षा उपायों पर काम होना चाहिए, जिसके लिए रिजर्व बैंक को प्रयास करना ही चाहिए। किंतु इसके लिए पुरानी मुद्रा में ही सुरक्षा उपाय बेहतर किए जा सकते हैं, क्योंकि नई मुद्रा छापने और उस अनुकूल व्यवस्था बनाने में काफी खर्च होगा। भारत जैसे देश में, जो अपने लोगों को जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने में ही अभी ज्यादा खर्च कर रहा हो, वहां नई मुद्रा पर फिजूल खर्च करने का कोई मतलब नहीं है।

**स्वाति कुमारी**, टिप्पणीकार

# हिंसा की भावना से भी दूर रहिए

**हमारे शास्त्र हिंसा का विरोध करते हैं। फिर भी हिंसा होती है, तो क्यों? हिंसा के क्या बड़े कारण हैं? एक धारणा यह भी है कि समस्त क्रूरता के लिए विचार ही जिम्मेदार है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम हिंसा की भावना से भी दूर रहें।**



**अध्यात्म**
जे. कृष्णमूर्ति



मनुष्य की मदद के लिए विचार ने आश्चर्यजनक काम किए हैं, किंतु साथ ही साथ वह बहुत बड़े विध्वंस तथा आतंक का भी कारण बना है। इस विचार के स्वरूप को, इसकी गति को हमें समझना है। आप विशिष्ट ढंग से ही क्यों सोचते हैं। विचार के कुछ विशिष्ट प्रकारों से आप क्यों चिपके रहते हैं। कुछ विशेष अनुभवों को क्यों पकड़े रहते हैं। आज तक विचार मृत्यु की प्रकृति क्यों नहीं समझ पाया है?

## क्रूरता के लिए विचार जिम्मेदार

विचार की समस्त संरचना की ही हमें जांच करनी होगी। आपके अपने विचार की नहीं, क्योंकि यह तो जाहिर ही है कि आपके विचार क्या हैं, इसलिए कि आप तो पूर्वनियोजित हैं, परंतु विचार-प्रक्रिया की यदि आप गंभीरता से जांच-पड़ताल करते हैं, तो आप एक पूर्णतः भिन्न आयाम में प्रवेश करते हैं। अपनी छोटी-मोटी जाती समस्या के दायरे में नहीं। आपको विचार की इस विस्मयकारी गति को, इसकी प्रकृति को समझना होगा। किसी दार्शनिक, किसी धार्मिक मनुष्य, किसी विशिष्ट व्यवसायी या किसी गृहिणी की दृष्टि से नहीं, अपितु आपको विचार-प्रक्रिया की प्रचंड जीवंतता को समझना होगा।

युद्ध, युद्ध-तंत्र, युद्ध की बर्बरता, हत्याएं, आतंक, बमबारी, किसी उद्देश्य के बहाने या बिना किसी उद्देश्य के बंधक बनाना, इस समस्त क्रूरता के लिए विचार ही जिम्मेदार है। विचार ही धर्मागारों के लिए, उनकी सुंदर बनावट के लिए और प्यारी कविताओं के लिए भी जिम्मेदार है। सारे तकनीकी विकास के लिए, सीखने की तथा मानवीय चिंतन के परे निकल जाने की असाधारण क्षमता रखने वाले कंप्यूटर के लिए भी यह विचार ही जिम्मेदार है।

यह विचार करना, सोचना अपने आप में है क्या? यह है स्मृति का प्रत्युत्तर, स्मृति की प्रतिक्रिया। यदि आपके पास स्मृति नहीं होती, तो आप विचार नहीं कर पाते। स्मृति मस्तिष्क में जानकारी के रूप में संचित होती है। जानकारी अनुभव का परिणाम होती है। यही है हमारे मस्तिष्क के कार्य करने का ढंग। पहले अनुभव, वह अनुभव संभवतः मनुष्य के आरंभ से चला आ रहा है, जो हमें विरासत में मिला है। उस अनुभव से जानकारी आती है। वह जानकारी मस्तिष्क में संगृहीत होती है। उस जानकारी से स्मृति और स्मृति से विचार का आगमन होता है।

## सुख-दुख के कारण

विचार के कारण आप कर्म में प्रवृत्त होते हैं। कर्म से आप और अधिक सीखते हैं। यह चक्र चलता रहता है। अनुभव, जानकारी, स्मृति, विचार, कर्म तथा कर्म से और सीखना। फिर इसी चक्र का आवर्तन। हम इसी प्रकार पूर्वनियोजित हैं। हमेशा हम यही कर रहे हैं। अतीत में भोगे गए दुख की स्मृति दुख के कारण से बचने के लिए हमें प्रवृत्त करती है, ताकि भविष्य में दुख से बच सकें। यही अनुभव फिर जानकारी का रूप धारण कर लेता है और फिर वही पुनरावर्तन। काम-सुख और फिर वही पुनरावृत्ति। यही है विचार की गति।

मजे की बात देखिए विचार कैसे यंत्रवत कार्य करता है, विचार अपने आपसे कहता है, 'मैं कार्य करने के लिए स्वतंत्र हूं।' फिर भी विचार कभी स्वतंत्र नहीं हो सकता, क्योंकि वह जानकारी पर निर्भर होता है और जानकारी स्पष्ट रूप से हमेशा सीमित होती है। जानकारी हमेशा सीमित ही रहेगी, इसलिए कि वह समय का अंश है।

विचार सीमित होता है और परिणामस्वरूप विचार से उत्पन्न हर एक कर्म भी सीमित ही होगा। यह सीमितता अवश्य ही द्वंद्व उत्पन्न करेगी, विभाजन उत्पन्न करेगी। हम जिन समस्याओं से घिरे हुए हैं, वे सारी विचार की ही उपज हैं। हमारा मस्तिष्क इन समस्याओं को सुलझाने के लिए शिक्षित, प्रशिक्षित तथा संस्कारबद्ध है। समस्याएं विचार की ही उपज हैं, इसलिए राष्ट्रीयताओं में विभाजन होता है। विभिन्न आर्थिक संरचनाओं के बीच विभाजन तथा द्वंद्व विचार की ही निर्मिति हैं।

## द्वंद्व के कारण संघर्ष

विचार ने ही विभिन्न धर्मों को जन्म दिया है और उनके बीच विभाजन भी उसी की देन है, परिणामस्वरूप धर्मों के बीच द्वंद्व रहता है। हमारा मस्तिष्क विचार ही से उत्पन्न समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करने के लिए प्रशिक्षित है। अपने विचार का तथा उससे उत्पन्न अपनी प्रतिक्रियाओं का स्वरूप गहराई से समझना हमारे लिए अत्यावश्यक है। हम चाहे कुछ भी कर रहे हों, विचार हमारे जीवन पर छाया रहता है। कुछ भी कर्म घटित हो, उसके पीछे विचार ही होता है। गतिविधि चाहे ऐंद्रिक हो, बौद्धिक हो या जैविक, विचार लगातार कार्यरत रहता है। जैविक रूप से हमारा मस्तिष्क सदियों से पूर्वनियोजित किया गया है। हर कर्म की शुरुआत विचार से होती है, इसलिए हमें चाहिए कि हम वैचारिक हिंसा से भी दूर रहें। जब मन में हिंसा के विचार नहीं आएंगे, तो हम हिंसा से भी दूर रहेंगे।

संस्कारित किया गया शरीर अपने ढंग से कार्य करता है- सांस लेने की क्रिया, हृदय की धड़कनें और ऐसी ही और कई सारी क्रियाएं। उसी प्रकार यदि आप कैथलिक हैं या हिंदू अथवा बौद्ध, तो आप भी अपनी उस संस्कारबद्धता की बार-बार पुनरावृत्ति करते रहेंगे।

विचार समय तथा अवकाश के तहत घटित होने वाली गतिविधि है। विचार स्मृति, विगत बातों का स्मरण है। विचार है, जानकारी की क्रिया। यह ज्ञान लाखों वर्षों से संगृहीत हो कर मस्तष्कि में स्मृति के रूप में संचित है।

**विचार सीमित होता है और परिणामस्वरूप विचार से उत्पन्न हर एक कर्म भी सीमित ही होगा। यह सीमितता अवश्य ही द्वंद्व उत्पन्न करेगी, विभाजन उत्पन्न करेगी। हम जिन समस्याओं से घिरे हुए हैं, वे सारी विचार की ही उपज हैं, इसलिए विचारों पर नियंत्रण जरूरी है।**

योग दिवस (21 जून)

# हनुमान ने किया सूर्य नमस्कार



**हनुमान** बड़े हुए, तो उनकी शिक्षा की बात सामने आई। उनके माता-पिता अंजना और केसरी ने उन्हें ज्ञान प्राप्ति के लिए समस्त वेदों के ज्ञाता सूर्य के पास भेजा। हनुमान ने सूर्य से निवेदन किया कि वे उनका शिष्य बनना चाहते हैं। सूर्य ने कहा कि उनके लिए एक क्षण भी रुकना संभव नहीं है। वे निरंतर गतिमान हैं। हां, यदि वे उनकी गति से चलते हुए शिक्षा ग्रहण कर सकें, तभी उन्हें उनका गुरु बनना स्वीकार होगा। हनुमान ने यह चुनौती स्वीकार कर ली। वे सूर्य के सम्मुख मुख करके पीछे की ओर उड़ने लगे। यह उनका गुरु के प्रति सम्मान और समर्पण का भाव था। हनुमान की पीछे की ओर चलते हुए शिक्षा ग्रहण करने की यात्रा सूर्य नमस्कार का आधार बनी।

एक अन्य कथा के अनुसार शिक्षा पूर्ण होने पर जब हनुमान ने गुरु दक्षिणा देनी चाही, तो सूर्य ने मना कर दिया, तब हनुमान ने सूर्य को गुरु दक्षिणा के रूप में विभिन्न मुद्राओं द्वारा अपना नमस्कार अर्पित किया, जो सूर्य नमस्कार के रूप में जाना गया।

आगे चलकर ऋषि कण्व ने सूर्य नमस्कार को साधना का रूप दिया। इसके बारह आसनों के साथ बारह मंत्र जोड़े। ये आसन हैं- प्रणामासन, हस्तउत्तानासन, पादहस्तासन, अश्व संचालन आसन, दंडासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन, पर्वतासन, अश्व संचालन आसन, पादहस्तासन, हस्तउत्तानासन और ताड़ासन। इसके प्रत्येक चरण का अलग सूर्य मंत्र है :

**ओम सूर्याय नमः** - यहां सूर्य को अंधकार दूर करने वाले ईश्वर के रूप में मानकर उनकी स्तुति इस भाव से की जाती है कि हमारे जीवन से भी अज्ञान रूपी अंधकार दूर हो।

**ओम मित्राय नमः** - इस मंत्र से सूर्य को मित्र भाव से प्रणाम किया जाता है। यही मित्र भाव हमारा सबके प्रति रहना चाहिए।

**ओम रवये नमः** - जो स्वयं प्रकाशवान होकर संपूर्ण जगत को प्रकाश देता है। वही प्रकाश हमें भी प्राप्त हो।

**ओम भानवे नमः** - भौतिक स्तर पर गुरु के रूप में सूर्य हमारे सभी भ्रम को दूर करें।

**ओम खगाय नमः** - यानी आकाशगामी सूर्य को प्रणाम, जो समय का ज्ञान करवाते हैं।

**ओम पूष्णे नमः** - हमारा सभी प्रकार से पोषण करने वाले सूर्य देव हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करें।

**ओम हिरण्यगर्भाय नमः** - प्रदीप्त अंडे के समान और सूर्य की तरह तेजस्वी ईश्वर को प्रणाम।

**ओम मरीचये नमः** - हमें जीवन की मृग मरीचिकाओं से बचाने वाले सूर्य देव को प्रणाम।

**ओम आदित्याय नमः** - अदिति सुत को प्रणाम।

**ओम सवित्रे नमः** - हमें जाग्रत करने वाले उगते हुए सूर्य देव को नमस्कार।

**ओम अर्काय नमः** - संपूर्ण ब्रह्मांड के ऊर्जा स्रोत को प्रणाम।

**ओम भास्कराय नमः** - जीवन के मुक्ति मार्ग को प्रकाशित करने वाले आत्मज्ञान के प्रतीक सूर्य को प्रणाम।

अरुण कुमार जैमिनि

धूमावती जयंती (22 जून)

# धुएं से प्रकट हुईं धूमावती माता



**दस** महाविद्याओं में सातवीं महाविद्या धूमावती की जयंती ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। ऋग्वेद में सती के धूमावती रूप को सुतरा कहा गया है। धूमावती के कुछ अन्य नामों में ज्येष्ठा, अलक्ष्मी और निर्ऋति भी है। धूमावती के इस स्वरूप की दो भुजाएं हैं, जिसमें एक हाथ में सूप तथा दूसरा हाथ वरदान मुद्रा में है या ज्ञान प्रदायनी मुद्रा में है। उनका यह स्वरूप कुरूप, खुले हुए केश, दुबली-पतली, सफेद साड़ी पहने हुए बिना अश्व के रथ पर सवार हैं, जिसके शीर्ष पर ध्वज एवं प्रतीक के रूप में कौआ विराजमान रहता है।

इनके इस नामकरण के पीछे एक कथा है। कहा जाता है कि एक बार सती के पिता राजा दक्ष ने अपने यहां विशाल यज्ञ का आयोजन किया, लेकिन राजा दक्ष ने शिव और सती को इस आयोजन में आमंत्रित नहीं किया। सती ने विचार किया कि पुत्री तो बिना निमंत्रण के भी पिता के घर जाने का अधिकार रखती है। यह सोचकर उन्होंने अपने मन की बात शिव से कही।

शिव ने उन्हें समझाते हुए कहा कि विवाह के पश्चात पुत्री को अपने पिता के घर भी बिना निमंत्रण के नहीं जाना चाहिए। सती शिव के तर्कों से सहमत नहीं हुईं, लेकिन वहां जाकर वे अपने पिता के तिरस्कारपूर्ण व्यवहार और शिव के अपमान से दुखी होकर यज्ञ की अग्नि में जलकर भस्म हो गईं। उनके जलने पर जो धुआं निकला, उससे ही धूमावती का जन्म हुआ।

पुराणों में धूमावती के जन्म के संबंध में एक अन्य कथा भी मिलती है। एक बार कैलास पर खाने के लिए कुछ नहीं था, तब पार्वती भगवान शिव के पास गईं, लेकिन शिव समाधि में लीन थे। उन्होंने भूख से व्याकुल होकर शिव को ही निगल लिया, लेकिन शिव के कंठ में विष होने के कारण पार्वती के मुंह से धुआं निकलने लगा। उनका शरीर जर्जर और विकृत होने लगा। तब पार्वती की प्रार्थना पर शिव उनके शरीर से बाहर निकल आए और कहा कि आज से तुम देवी 'धूमावती' के रूप में पूजी जाओगी। अपनी क्षुधा को शांत करने के लिए तुमने अपने पति को ही निगल लिया, इसलिए तुम्हारे इस रूप को विधवा होने का शाप मिलेगा। ऐसा कहा जाता है कि इस शाप के कारण ही माता धूमावती की पूजा विवाहिताएं नहीं करती हैं।

धूमावती रोग, दरिद्रता और शत्रुओं से मुक्ति दिलाती हैं। इनकी पूजा पश्चिम दिशा में मुख करके की जाती है। इनकी आराधना से केतु से संबंधित दोष मिटते हैं। इन्हें भोग में मीठा नहीं, बल्कि नमकीन का प्रसाद चढ़ाया जाता है और पूजा में किसी भी प्रकार की रंगीन वस्तु या वस्त्र का उपयोग नहीं किया जाता। मध्य प्रदेश के दतिया के अलावा वाराणसी स्थित मां धूमावती मंदिर और असम में मां कामाख्या मंदिर परिसर में दिव्य मां धूमावती के सिद्ध मंदिर हैं।

अश्वनी कुमार

# पूजा-पाठ में संकल्प क्यों जरूरी

**पूजा-पाठ और कर्मकांड में संकल्प अनिवार्य क्यों होता है?** -माधव अरोड़ा, नोएडा

**आस्था-अनास्था**
डॉ. प्रकाशचंद्र गंगराड़े

**आमतौर** पर संकल्प किसी कार्य को करने की दृढ़ इच्छाशक्ति को कहते हैं। यह किसी कार्य को करने से पहले की स्थिति होती है। जैसे कहा जाता है कि यदि मेरा अमुक संकल्प पूरा हो जाए, तो मैं भगवान के मंदिर जाऊंगा या किसी जरूरतमंद को कुछ दान करूंगा।

पूर्ण श्रद्धा, आत्मविश्वास, एकाग्रता के साथ किसी शुभ कार्य, जैसे पूजा-पाठ आदि कर्मकांड को पूर्ण करने वाली धारणाशक्ति का नाम ही संकल्प है। उल्लेखनीय है कि दान और यज्ञ का पुण्य तभी प्राप्त होता है, जब संकल्प सहित उन्हें पूरा किया जाता है, इसलिए पूजा-पाठ सहित किसी भी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान में संकल्प अनिवार्य होता है। मनुस्मृति में लिखा है-

*संकल्पमूलः कामयो वै यज्ञः*



*संकल्पसंभवाः।*
*व्रतानि यमधर्मश्च सर्वे संकल्पजाः स्मृताः॥*

(*मनुस्मृति 2/3*)

अर्थात कामना का मूल संकल्प ही होता है और यज्ञ संकल्प से ही होते हैं। व्रत, यज्ञादि समस्त धर्मानुष्ठानों का आधार संकल्प ही कहा गया है।

संकल्प के माध्यम से हमें अपने गोत्र, जाति व अन्य विशेषताओं का निरंतर स्मरण रहता है और गौरव की अनुभूति होती है। इसी से व्यक्ति द्वारा किए गए दुष्कर्मों का नाश होकर शक्ति और स्फूर्ति मिलती है।

पुरोहित संकल्प के द्वारा जल ग्रहण कराते हैं, ताकि जिस काम को यजमान करने जा रहा है, उस कार्य को पूरा करने में प्रभु उसकी पूर्ण मदद करें, क्योंकि वह उसके प्रति संकल्पबद्ध है। चूंकि जल में वरुण देव का निवास माना गया है, अतः उसे ग्रहण कर संकल्प का पालन न करने वाले को वे कठोर दंड देते हैं।

वेद में लिखा है- *'अप्सु वै वरुण'* (*तैत्तिरीय 16/3/6*) तथा *'अनृते खलु वै क्रियमाणे वरुणो गृह्णति'* (*तैत्तिरीय 1/7/2/6*), इसलिए जीवन में जल का विशेष महत्व है। धर्मानुष्ठानों के अलावा मरणोपरांत पितृ-तर्पण में भी जल की विशेष जरूरत होती है।

(*साभार : 'हिंदुओं के रीति रिवाज तथा मान्यताएं', पुस्तक महल, दिल्ली*)

## सप्ताह के व्रत-त्योहार

### 16 जून से 22 जून 2026 तक

**16 जून (मंगलवार)** : द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल द्वितीया तिथि रात्रि 12.53 मिनट तक। द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल प्रारंभ। चंद्रदर्शन।

**17 जून (बुधवार)** : द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया तिथि रात्रि 09.39 मिनट तक। रंभा तृतीया व्रत। महाराणा प्रताप जयंती। मोहर्रम (मु.) मास शुरु। हिजरी सन् 1448 प्रारंभ।

**18 जून (गुरुवार)** : द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्थी तिथि सायं 06.59 मिनट तक। विनायकी श्रीगणेश चतुर्थी व्रत। श्री गुरु अर्जुनदेव बलिदान दिवस। गुरुपुष्य योग।

**19 जून (शुक्रवार)** : द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी तिथि सायं 05.00 बजे तक पश्चात षष्ठी तिथि। गंडमूल विचार।

**20 जून (शनिवार)** : द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल षष्ठी तिथि अपराह्न 03.47 मिनट तक पश्चात सप्तमी तिथि। अरण्य षष्ठी। विंध्यवासिनी पूजा। गंडमूल प्रातः 09.26 मिनट तक।

**21 जून (रविवार)** : द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल सप्तमी तिथि अपराह्न 03.21 मिनट तक। भद्रा अपराह्न 03.21 मिनट से रात्रि 03.31 मिनट तक। सायन दक्षिणायन प्रारंभ।

**22 जून (सोमवार)** : द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल अष्टमी तिथि अपराह्न 03.41 मिनट तक पश्चात नवमी तिथि। श्रीदुर्गाष्टमी। धूमावती जयंती। मेला क्षीर भवानी (काश्मीर)। शक आषाढ़ प्रारंभ।

-पं. ऋभुकांत गोस्वामी

## भेजें अपने सवाल

### स्वर्ग-नरक की कल्पना का आधार क्या है?

पाप क्या है, पुण्य क्या है? धर्म क्या है, अधर्म क्या है? ईश्वर की आराधना कैसे करें? ऐसे सवाल अकसर हमारे मन में उठते हैं, पर इनका जवाब हमारे पास नहीं होता। मन-मस्तिष्क में आने वाले ऐसे ही सवालों के जवाब हमारे पैनल में शामिल धर्माचार्य आपको देंगे।

**अपने सवाल हमें इस पते पर भेजें :**
धर्मक्षेत्रे, हिन्दुस्तान, 11वां तल,
द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी,
फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा,
गौतम बुद्ध नगर-201301
(उत्तर प्रदेश)

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन अशांत हो सकता है। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। वाहन सुख में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी।

**वृष :** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परंतु कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। कठिनाइयां भी आ सकती हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

**कर्क :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में बदलाव के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर भी जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**सिंह :** मन अशांत हो सकता है। पिता की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। आय में वृद्धि भी होगी।

**कन्या :** कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। किसी पुराने मित्र से काफी समय बाद भेंट हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

**तुला :** किसी मित्र के सहयोग से किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। पिता का साथ भी मिलेगा। मित्र के साथ यात्रा पर भी जा सकते हैं।

**वृश्चिक :** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार में बदलाव हो सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**धनु :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं, परंतु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी हो सकती है।

**मकर :** कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। संतान की ओर से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति भी हो सकती है।

**कुंभ :** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। माता की सेहत का ध्यान भी रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मीन :** कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। लाभ में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र का आगमन हो सकता है।

## व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

16 जून, मंगलवार, **शक संवत्** : 26 ज्येष्ठ (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 02 आषाढ़ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 29 जिल्हिजा, 1447, **विक्रमी संवत्** : द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल द्वितीया तिथि रात्रि 12.53 मिनट तक पश्चात तृतीया तिथि, आर्द्रा नक्षत्र सायं 04.13 मिनट तक पश्चात पुनर्वसु नक्षत्र, वृद्धि योग रात्रि 12.35 मिनट तक पश्चात ध्रुव योग, बालव करण। चंद्रमा मिथुन राशि में (दिन-रात)। **सूर्य उत्तरायण**। ग्रीष्म ऋतु। अपराह्न 03 बजे से सायं 04.30 मिनट तक राहुकालम्। द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल प्रारंभ। चंद्रदर्शन।

## वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**फिटकरी के कुछ वास्तु उपाय बताएं?** -अलकनंदा जावेरी, रांची

- फिटकरी को रसोई में रखने से अन्न में बरकत होती है। परिवार में स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। टॉयलेट में रखने से वास्तु दोष कम होता है। नकारात्मकता दूर होती है। मुख्य द्वार के पास रखने से घर में सकारात्मकता बनी रहती है और बुरी नजर का प्रभाव भी दूर होता है। पूजा स्थान पर रखने से शुद्धता एवं पवित्रता बनी रहती है। परिवार में भी प्रेम बढ़ता है। बेडरूम में रखने से तनाव कम होता है। नकारात्मक विचार कम आते है। नींद भी अच्छी आती है। धन रखने वाली जगह पर रखने से धन की निरंतरता बनी रहती है। धन में स्थिरता आती है।

## वर्ग पहेली : 8361

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | | 5 |
| 6 | | | | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 7 | ■ | 8 | | |
| | ■ | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | | ■ | 11 | | |
| | ■ | ■ | 12 | | | | ■ | |
| 13 | | 14 | ■ | | ■ | | ■ | |
| | ■ | | ■ | ■ | 15 | | | |
| 16 | | | | | ■ | | ■ | |

**बाएं से दाएं**
3. सफेद रंग पर काले, लाल या पीले दागों वाला; चित्तीदार; पुष्पित; रंग-बिरंगा; शबल (5)
6. चमचमाता; चमचमाने वाला (4)
8. अंदाज; ढंग; विधि; रीति; व्यवहार (3)
9. हिंडोले पर पेंग मारना; झूमते इतराते हुए चलना (4)
10. कामिनी; जिह्वा; प्यारा बेटा (3)
11. ढोर बांधने की रस्सी; गिराव; पघा (3)
12. इधर से उधर तक; इस किनारे से उस किनारे तक; एक छोर से दूसरे छोर तक (2,2)
13. टिकना; बसना; रुकना; बचना; छूटना (3)
15. लड़ना; झगड़ा करना (4)
16. ईश्वर में विश्वास न होना; आस्तिक न होना; धर्महीन होना (3,2)

**ऊपर से नीचे**
1. एक पक्ष को छोड़ कर दूसरे पक्ष में भेजना; दलबदल करने के लिए प्रवृत करना (5,4)
2. स्मरण करना; रटना (2,3)
4. जिसकी कल्पना की गई हो; नकली; फर्जी; मनगड़ंत; सोचा हुआ (3)
5. जरा-सी बात को बहुत बढ़ाना; बात का बतंगड़ बनाना; मामूली-सी बात को बहुत बढ़ाना (2,1,3,3)
7. गलती करना; भूल करना; अवसर खो देना; चूकना (2,3)
11. पंख आना; बहुत तेज दौड़ना; इतराना; सीधे-सादे व्यक्ति से धूर्तता करना (2,3)
14. केवट; नाव चलाने वाला; मल्लाह; मांझी (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

## वर्ग पहेली : 8360

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | 2 न | ख | 3 रा | ब | क | 4 र | ना | ■ |
| ■ | र | ■ | य | ■ | ■ | सी | ■ | 5 घ |
| 6 प्र | सं | ग | ■ | 7 क | रे | ला | ■ | र |
| ■ | हा | ■ | ■ | ल | ■ | हो | ■ | बा |
| 8 क | र | 9 त | ब | ■ | 10 अ | ना | 11 द | र |
| लं | ■ | द | ■ | 12 ध | ■ | ■ | र | ■ |
| कि | ■ | 13 नु | क्क | ड़ | ■ | 14 टि | कि | या |
| त | ■ | रू | ■ | ■ | 15 बा | ■ | ना | ■ |
| ■ | 16 अ | प | ह | र | ण | क | र | ना |

## सुडोकू : 8343

*मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 2 | 5 | | | 4 | |
| 7 | | | 1 | | 8 | | | 3 |
| | | | | 3 | | | | |
| | 9 | | | | | | 6 | 4 |
| 4 | | 1 | | | | 5 | | 7 |
| 5 | 8 | | | | | | 9 | |
| | | | | 1 | | | | |
| 2 | | | 5 | | 4 | | | 8 |
| | 5 | | | 6 | 9 | | 7 | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3×3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

## सुडोकू : 8342

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 2 | 6 | 1 | 7 | 8 | 4 |
| 6 | 7 | 4 | 5 | 8 | 9 | 3 | 2 | 1 |
| 8 | 2 | 1 | 7 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |
| 9 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 7 | 9 | 3 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 4 | 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 7 | 9 |

अमेरिका-ईरान के बीच 107 दिन से जारी संघर्ष रोकने के समझौते से बाजार चढ़े

# पश्चिम एशिया में शांति समझौते पर सहमति से झूमे शेयर बाजार

**उत्साहजनक**

**मुंबई, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान में शांति समझौते पर सहमति बनने से सोमवार को दुनियाभर के शेयर बाजारों में तेजी आई। कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट आने और वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 736 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 231 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 736.38 अंक यानी 0.97 प्रतिशत चढ़कर 76,264.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,293.12 अंक यानी 1.71 प्रतिशत चढ़कर 76,821.07 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 231 अंक यानी 0.98 प्रतिशत बढ़कर 23,853.90 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह 388.5 अंक यानी 1.64 प्रतिशत चढ़कर 24,011.40 अंक तक चला गया था। यह घरेलू शेयर बाजार में बड़ी तेजी का लगातार दूसरा सत्र रहा। पिछले सत्र में शुक्रवार को भी सेंसेक्स 1,695 अंक चढ़ा था और निफ्टी 461 अंक के लाभ में रहा था।

**27 फरवरी को युद्ध से पहले और अब बाजार**

| | तब | अब |
|---|---|---|
| निफ्टी 50 | 25,178 | 23,853 |
| सेंसेक्स | 81,287 | 76,264 |
| कच्चा तेल | $67.02 | $80.02 |
| ब्रेंट क्रूड | $67.02 | $80.02 |
| सोना | 160450 | 159400 |
| चांदी | 266990 | 260700 |
| रुपया | 91.07 | 94.58 |
| बिटकॉइन | $65870 | $66226 |

### कच्चे तेल की कीमतों में जोरदार गिरावट दर्ज

विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच 107 दिन तक चला संघर्ष खत्म करने के लिए समझौता होने की घोषणा से वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर दबाव कम हुआ है। इस घटनाक्रम से ब्रेंट क्रूड की कीमत करीब पांच प्रतिशत लुढ़ककर लगभग 82.90 डॉलर प्रति बैरल रह गई। यह कच्चे तेल के तीन महीने के निचले स्तर के आसपास है।

### रुपया 60 पैसे चढ़कर 94.58 पर बंद हुआ

रुपया सोमवार को 60 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.58 (अस्थायी) पर रहा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों में मजबूत शुरुआत और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी ने भी रुपये को समर्थन दिया।

### सोने और चांदी की चमक में और इजाफा हुआ

वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार उछाल दर्ज किया गया। सोना 2,500 रुपये बढ़कर 1,59,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, चांदी लगातार दूसरे सत्र में मजबूत रही और 5,000 रुपये की बढ़त के साथ 2,60,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

**एशिया के अन्य बाजारों में भी उछाल**

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी पांच प्रतिशत से अधिक चढ़ा, जबकि जापान का निक्केई भी करीब पांच प्रतिशत मजबूत हुआ। चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग भी बढ़त में बंद हुए। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

## यूरिया आयात के लिए तैयारी जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि वह घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए 17 लाख टन यूरिया के आयात को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है।

सरकार ने कहा कि उसे खरीफ की बुवाई के मौजूदा सत्र के लिए उर्वरकों की उपलब्धता में कोई बड़ी चुनौती नहीं दिख रही है।

उर्वरक विभाग की संयुक्त सचिव वंदना प्रेयशी ने कहा, 'देश में उर्वरकों का कुल स्टॉक संतोषजनक स्थिति में है।' कृषि मंत्रालय ने मौजूदा खरीफ सत्र के लिए उर्वरक की जरूरतों का फिर से आकलन किया है और इसे 383.9 लाख टन आंका है।

## 'विदेशी पूंजी लाने को कदम उठाएंगे'

**रणनीति**



केंद्र सरकार के घोषित उपाय महज शुरुआत: सीतारमण

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार के घोषित उपाय महज शुरुआत हैं जबकि अभी आगे और कदम उठाए जा सकते हैं।

सीतारमण ने कहा कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों से उत्पन्न आपात स्थितियों के लिए तैयार रहना जरूरी है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था प्रमुख कच्चे माल के आयात, साथ ही कच्चे तेल और उर्वरकों के आयात से 'गंभीर दबाव' का सामना कर रही है।

'माइंडमाइन समिट 2026' में यहां उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार के विश्लेषण से यह पता चला है कि बॉन्ड बाजार विदेशी पूंजी को आकर्षित करने के लिए एक 'बेहद अच्छा माध्यम' बन सकता है और इससे विदेशी निवेश को प्रभावी रूप से अवशोषित किया जा सकता है। इसके अनुरूप ही सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में विदेशी निवेशकों के अनुपालन बोझ को कम करने के लिए सरकार ने पांच जून को पूरी तरह सुलभ मार्ग (एफएआर) के तहत निर्दिष्ट प्रतिभूतियों की सूची का विस्तार किया और इसमें जी-सेक के नए निर्गमों को भी शामिल किया। इसके अलावा, सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीओई) को मिलने वाली ब्याज आय और पूंजीगत लाभ पर आयकर छूट दी गई।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ये उपाय विदेशी पूंजी को आकर्षित करने की दिशा में 'पहला कदम' हैं।

## महंगे ईंधन से मई में थोक महंगाई बढ़ी

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** पश्चिम एशिया संकट का असर बीते महीने के थोक महंगाई सूचकांक पर देखने को मिला है।

कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते मई में थोक महंगाई दर सालाना आधार पर 9.68 प्रतिशत रही है, जो अप्रैल में 8.26 प्रतिशत रही थी। मासिक आधार पर सीधे थोक महंगाई में 1.42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

थोक महंगाई के आंकड़े बताते हैं कि मई में सबसे अधिक ईंधन एवं ऊर्जा श्रेणी में 30.33 प्रतिशत की महंगाई दर्ज की गई है, जिसका असर अन्य क्षेत्रों पर भी देखने को मिला है। जैसे विनिर्माण क्षेत्र की महंगाई दर 7.48 प्रतिशत रही है और प्राथमिक वस्तुओं की श्रेणी में महंगाई दर 4.99 प्रतिशत दर्ज की गई।

इससे साफ है कि पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी का असर थोक महंगाई को बढ़ाने में सबसे अधिक रहा है क्योंकि पेट्रोलियम उत्पाद की महंगाई 49.82 फीसदी रही है जबकि कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की महंगाई 61.51 फीसदी तक पहुंच गई। इन उत्पादों की कीमतों में तेजी का असर अन्य क्षेत्रों पर भी देखने को मिला है। रसायन एवं लोहा-इस्पात भी महंगा हुआ है।

सोमवार को पहली बार आउटपुट प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स, ट्रायल इनपुट प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स और सात सेवा क्षेत्रों के सर्विस प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स भी जारी किए गए हैं। डब्ल्यूपीआई का उपयोग अगले पांच वर्षों तक जारी रहेगा, जिससे धीरे-धीरे पीपीआई प्रणाली को अपना सकें।

**9.68** प्रतिशत थोक महंगाई मई महीने में

**8.26** प्रतिशत रही थी महंगाई अप्रैल महीने में

**कई उद्योगों में दो अंकों की महंगाई दर्ज हुई**

| क्षेत्र | महंगाई दर (% में) |
|---|---|
| रसायन एवं उत्पाद | 13.40 |
| तंबाकू उत्पाद | 13.59 |
| बेसिक मेटल | 12.30 |
| इलेक्ट्रिकल उपकरण | 11.32 |
| वस्त्र उद्योग | 10.22 |

**मई में प्रमुख क्षेत्रों की पीपीआई**

| पीपीआई | सूचकांक |
|---|---|
| ऑल इंडिया आउटपुट | 109.6 |
| मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का ट्रायल इनपुट | 104.9 |

## निजीकरण फिर शुरू हो: पनगढ़िया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने सोमवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण की प्रक्रिया को फिर से गति देने की आवश्यकता है, क्योंकि यह भारत के आर्थिक सुधारों का अभिन्न अंग है।

पनगढ़िया ने विनिवेश कार्यक्रम को तेज करने के लिए एक स्वतंत्र निजीकरण मंत्रालय स्थापित करने की भी वकालत की। उनका कहना है कि विनिवेश विभाग निजीकरण की रफ्तार बनाए रखने में सफल नहीं रहा है।

## अप्रैल में कुल आय भुगतान से अधिक

**मुंबई, एजेंसी।** भारत का चालू खाता अप्रैल माह में 4.7 अरब डॉलर के अधिशेष में रहा जबकि एक साल पहले के समान माह में यह 4.8 अरब डॉलर के घाटे में था। मुख्य रूप से सेवाओं का निर्यात बढ़ने और विदेश से मिलने वाली रकम में बढ़ोतरी से ऐसा हुआ।

आरबीआई की तरफ से सोमवार को भुगतान संतुलन के बारे में जारी प्रारंभिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। अप्रैल में आयात खर्च बढ़कर 72.5 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले 65.8 अरब डॉलर था।

## बीते माह बेरोजगारी दर में मामूली रूप से कमी दर्ज

**सर्वेक्षण**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के बीच बेरोजगारी की दर मई, 2026 में मामूली रूप से घटकर 5.5 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले 5.6 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण से यह जानकारी मिली।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की तरफ से जारी सर्वेक्षण आंकड़ों के मुताबिक, बेरोजगारी दर मासिक आधार पर भले ही कम हुई है लेकिन अप्रैल, 2026 के 5.2 प्रतिशत के मुकाबले इसमें कुछ बढ़ोतरी हुई है।

सर्वेक्षण के मुताबिक, ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर मई में बढ़कर 5.1 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल में 4.6 प्रतिशत थी। वहीं, शहरी बेरोजगारी दर घटकर 6.4 प्रतिशत रह गई, जो अप्रैल में 6.6 प्रतिशत थी।

सालाना आधार पर शहरी बेरोजगारी दर में 0.5 प्रतिशत अंक की गिरावट दर्ज की गई है। श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी दर मई में 32.8 प्रतिशत रही, जो मई, 2025 के 33.2 प्रतिशत से थोड़ा कम है।

ग्रामीण क्षेत्रों में यह 36.7 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 24.8 प्रतिशत दर्ज की गई पीएलएफएस के तहत देशभर में 3,73,887 लोगों से जानकारी जुटाई गई।

यह सर्वेक्षण देश में रोजगार और बेरोजगारी की स्थिति का प्रमुख स्रोत है और जनवरी, 2025 से इसकी पद्धति में बदलाव कर मासिक और तिमाही आंकड़े जारी किए जा रहे हैं।





**रोजगार के अवसर अपेक्षाकृत तेजी से घटे**

मंत्रालय ने कहा कि श्रम बल भागीदारी दर एवं रोजगार अनुपात में कमी आने और बेरोजगारी दर में वृद्धि से यह संकेत मिलता है कि आलोच्य अवधि में श्रम बाजार में कुछ नरमी आई। श्रम भागीदारी में मामूली गिरावट के साथ रोजगार के अवसर अपेक्षाकृत तेजी से घटे, जिससे बेरोजगारी का अनुपात बढ़ा। सरकार के अनुसार, मई 2026 में आर्थिक गतिविधियों में मौसमी सुस्ती के कारण श्रम बाजार संकेतकों में यह गिरावट देखने को मिली।

## बाजार 30s

### रेजरपे ने आईपीओ दस्तावेज पेश किए

नई दिल्ली। रेजरपे ने आईपीओ के लिए सेबी के पास गोपनीय रूप से दस्तावेजों का मसौदा जमा किया है। निर्गम का आकार 5,000-6,000 करोड़ के बीच होने की संभावना है। कंपनी ने प्रस्तावित आईपीओ के संबंध में अपने इक्विटी शेयरों के लिए मसौदा दस्तावेज सेबी और शेयर बाजारों के पास जमा किया है।

### एंजल वन ने सेबी को 4.28 करोड़ चुकाए

नई दिल्ली। एंजल वन ने विनियमों के कथित उल्लंघन से जुड़े मामले का निपटारा करने के लिए सेबी को 4.28 करोड़ का भुगतान किया है। इस मामले में दो व्यक्तियों के अनधिकृत धन जुटाने, असंगत कारोबार तथा अन्य ब्रोकर के माध्यम से कारोबार का पता लगाने में विफल रहने जैसे आरोप शामिल थे।

### अफ्रीका में हिस्सेदारी बढ़ाएगी एयरटेल

नई दिल्ली। भारती एयरटेल को शेयर अदला-बदली समझौते के जरिये एयरटेल अफ्रीका में 28,220 करोड़ रुपये में 16.31% तक हिस्सेदारी बढ़ाने की मंजूरी लगभग 100% शेयरधारकों से मिल गई है। इस लेनदेन के बाद भारती की हिस्सेदारी मौजूदा 62.73% से बढ़कर 79 प्रतिशत हो जाएगी।

### अदाणी-जैबिल डेटा सेंटर स्थापित करेंगे

नई दिल्ली। अदाणी समूह और जैबिल इंक ने भारत में एआई और डेटा सेंटर अवसंरचना के एकीकृत विनिर्माण मंच स्थापित करने के मकसद से एक रणनीतिक साझेदारी की सोमवार को घोषणा की। इसका मकसद घरेलू और वैश्विक बाजारों के लिए एआई-तैयार हार्डवेयर का बड़े पैमाने पर उत्पादन करना है।

### ई-20 पेट्रोल पर बीमा कंपनी बयान से पलटी

नई दिल्ली। आईसीआईसीआई लोंबार्ड जनरल इंश्योरेंस ने अपने ब्लॉग पर विवाद बढ़ने के बाद सोमवार को कहा कि ई-20 पेट्रोल का पुराने वाहनों में इस्तेमाल लापरवाही नहीं मानी जाएगी। पिछले सप्ताह कंपनी ने कहा था कि जो वाहन ई-20 के लिए नहीं बने हैं उनका दावा खारिज हो सकता है।

### सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में सहयोग मांगा

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से तकनीकी, सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग, एआई और विश्वविद्यालय शोध के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का अनुरोध किया। नायडू अहम सहयोगों की समीक्षा करने के लिए सिंगापुर के दो दिवसीय दौरे पर हैं।

## निर्यात सालाना आधार पर 18% बढ़ा

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** तमाम वैश्विक चुनौतियों, खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष के बीच पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में तेजी के बीच निर्यात के लिहाज से बीता महीना भारत के लिए अच्छा रहा है।

आयात को बढ़ाने में सोने की बड़ी भूमिका रही है। लोग जमकर सोना खरीद रहे हैं। अप्रैल और मई के महीने में सोने का आयात 60 फीसदी बढ़ गया है। इन दो महीनों में कुल 9.04 अरब डॉलर (86,039.56 करोड़ रुपये) का सोना भारत आया है।

मई 2026 में देश का माल निर्यात सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 45.2 अरब डॉलर पहुंच गया। जबकि बीते वर्ष की समान अवधि में कुल माल निर्यात 38.3 अरब डॉलर का रहा था।

सोमवार को वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि बीते महीने भारत का निर्यात काफी बेहतर रहा है जो एक महीने में होने वाला सबसे अधिक निर्यात है। अब निर्यात लगातार मजबूत गति से बढ़ रहा है।

बीते 12 वर्षों में भारत का कुल निर्यात लगभग दोगुना होकर 446 अरब डॉलर से बढ़कर 863 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। वहीं, सेवा निर्यात तीन गुना बढ़कर 142 अरब डॉलर से 420 अरब डॉलर हो गया है।

**शीर्ष 10 निर्यात देश**

| देश | अप्रैल-मई 2025-26 | अप्रैल-मई 2026-27 |
|---|---|---|
| अमेरिका | 17.21 | 17.29 |
| यूएई | 6.40 | 5.25 |
| सिंगापुर | 2.27 | 5.07 |
| चीन | 3.02 | 3.79 |
| नीदरलैंड | 4.07 | 3.04 |
| यूके | 2.17 | 2.44 |
| बांग्लादेश | 1.76 | 2.18 |
| तंजानिया | 0.80 | 2.18 |
| जर्मनी | 1.87 | 2.11 |
| द. अफ्रीका | 1.29 | 2.09 |

**शीर्ष 10 आयात स्रोत**

| देश | अप्रैल-मई 2025-26 | अप्रैल-मई 2026-27 |
|---|---|---|
| चीन | 20.22 | 24.70 |
| रूस | 12.03 | 16.84 |
| अमेरिका | 9.33 | 11.15 |
| यूएई | 9.78 | 12.58 |
| सऊदी अरब | 4.84 | 5.97 |
| द. कोरिया | 3.63 | 4.61 |
| सिंगापुर | 3.59 | 4.41 |
| जापान | 3.25 | 4.17 |
| जर्मनी | 3.28 | 3.51 |
| ओमान | 0.91 | 3.43 |

नोट- निर्यात-आयात मूल्य अरब अमेरिकी डॉलर में है।

## जीआईसी में हिस्सा बेचेगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार बीमा क्षेत्र की कंपनी जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन में अपनी पांच प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचेगी। कंपनी ने बताया कि गैर-खुदरा निवेशकों के लिए उसका ऑफर फॉर सेल 16 जून को खुलेगा जबकि खुदरा निवेश 17 जून को बोली लगा सकेंगे। गैर-खुदरा निवेशकों में संस्थागत और बड़े निवेशक शामिल होते हैं।

मूल रूप से 3,50,88,000 इक्विटी शेयर बिक्री के लिए रखे गए हैं जो कंपनी के पूरी तरह चुकता इक्विटी शेयरों का दो प्रतिशत है। इसके अलावा ज्यादा बोली मिलने पर 5,26,32,000 (तीन प्रतिशत) तक अतिरिक्त इक्विटी शेयरों की बिक्री का विकल्प भी रखा गया है।

## भ्रामक वित्तीय उत्पाद बेचने पर सख्ती

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को आम ग्राहकों को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की गलत या भ्रामक बिक्री से बचाने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

नए नियमों के तहत बैंकों को ऐसी प्रोत्साहन व्यवस्था बनाने से रोका जाएगा, जो कर्मचारियों को आक्रामक बिक्री के लिए प्रेरित करती हो।

केंद्रीय बैंक के संशोधित नियम एक जनवरी 2027 से लागू होंगे। इन दिशा निर्देशों में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, ऋण सेवा प्रदाता और अन्य डिजिटल मार्केटिंग एजेंसियों को भी शामिल किया गया है, जिन्हें बैंक या वित्तीय संस्थान अपने उत्पादों के प्रचार और ग्राहक जोड़ने के लिए नियुक्त करते हैं।

आरबीआई ने कहा कि वित्तीय उत्पादों और सेवाओं में बढ़ती गलत बिक्री की शिकायतों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। नए नियमों के अनुसार, किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था के कर्मचारियों को तीसरे पक्ष की ओर से सीधे इंसेंटिव नहीं दिया जा सकेगा।

## यात्री वाहनों की थोक बिक्री में 27 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर 27.3 प्रतिशत बढ़कर 4,38,854 इकाई हो गई। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कमी से उत्पन्न हुई मांग और आसान वित्तपोषण के प्रभाव से अधिक खरीद देखने को मिली। उद्योग संगठन सियाम ने सोमवार को यह जानकारी दी। मई 2025 में थोक बिक्री 3,44,656 इकाई रही थी।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स की ओर से जारी बयान के अनुसार, दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री भी पिछले महीने 14.8 प्रतिशत बढ़कर 19,02,209 इकाई हो गई, जो मई 2025 में 16,57,116 इकाई थी।

सियाम ने कहा कि यात्री वाहनों, तिपहिया और दोपहिया वाहनों ने मई 2026 में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की। इसमें प्रत्येक खंड में दोहरे अंकों की मजबूत वृद्धि हुई।

दोपहिया खंड में मई 2026 में मोटरसाइकिल की बिक्री 7.2 प्रतिशत बढ़कर 11,13,973 इकाई हो गई, जबकि एक वर्ष पहले इसी महीने में यह 10,39,156 इकाई थी। स्कूटर की बिक्री में तेज वृद्धि दर्ज की गई, जो 27.4 प्रतिशत बढ़कर पिछले महीने 7,39,667 इकाई हो गई जबकि मई 2025 में यह 5,80,696 इकाई थी। कुल मिलाकर सभी श्रेणियों में थोक बिक्री मई में 16.8 प्रतिशत बढ़कर 23,52,693 इकाई हो गई।



**तिपहिया वाहनों की बिक्री 31.1 प्रतिशत तक बढ़ी**

तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 31.1 प्रतिशत बढ़कर 70,720 इकाई हो गई जबकि एक वर्ष पहले इसी महीने में यह 53,942 इकाई थी। यात्री वाहन खंड में यूटिलिटी वाहनों की थोक बिक्री 24.8 प्रतिशत बढ़कर 2,45,549 इकाई हो गई। मई 2025 में यह 1,96,821 इकाई थी। सियाम के अनुसार, यात्री कारों की थोक बिक्री मई में 28.8 प्रतिशत बढ़कर पिछले महीने 1,20,975 इकाई हो गई, जो एक वर्ष पहले इसी महीने में 93,951 इकाई थी। घरेलू बाजार में वैन की बिक्री पिछले माह 13,240 इकाई रही, जो मई 2025 में 12,327 इकाई के मुकाबले 7.4% अधिक है।

## साझेदारी के लिए बैठक आयोजित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और जापान के बीच कपड़ा और परिधान क्षेत्र में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए बैठक की।

कपड़ा सचिव नीलम शमी राव के नेतृत्व में सोमवार को टोक्यो में कपड़ा क्षेत्र की कंपनियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

**Municipal Corporation Alwar (Raj)**

Sr.No/MCA/Roshni/2026/4295 Dt.- 11.06.2026

**E-Procurement Notice inviting Bid/2026-2027**

Bid for Work of Repairing and maintenance of LED road lights and road light line repair and maintenance work with material (Annual rate contract) Municipal Corporation area Invited for Interested bidders up to 19.06.2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:/sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is 178 lac

UBN No DLB2627WSOB06984

Commissioner
Municipal Corporation Alwar

Raj.Samwad/C/26/4891

**उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड**
9-ए, राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ-226001
दूरभाष: (0522)2628310/2263121, फैक्स: (0522) 2627994/2201447
ई-मेल: upsugarfed@yahoo.co.in | वेबसाईट: www.upsugarfed.org

**निविदा सूचना**

उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लि. लखनऊ द्वारा सहकारी चीनी मिल सम्पूर्णानगर, बेलरायां, नानपारा, पुवायां, अनूपशहर, ननौता, सरसांवा, बागपत, मोरना एवं स्नेहरोड के लिए वी.एफ.डी., डी.सी.एस., पी.एल.सी., स्काडा एवं अन्य विविध ऑटोमेशन उपकरणों के सी.एम.सी./ए.एम.सी. का कार्य एवं उपरोक्त विविध उपकरणों के संचालन कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गयी है, जिसकी पूर्ण जानकारी ई-निविदा पोर्टल www.etender.up.nic.in एवं संघ की अधिकृत वेबसाइट www.upsugarfed.org पर दिनांक 15.06.2026 से प्राप्त की जा सकती है।
प्रबन्ध निदेशक, सहकारी चीनी मिल संघ को बिना कारण बताए एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा, जो सभी पक्षों को मान्य होगा।

(प्रबन्ध निदेशक)

**उत्तर रेलवे**

**संशोधन**

संदर्भ: i) टेंडर नंबर – 02261951, जिसकी अंतिम तारीख 15.06.2026 थी
ii) टेंडर नोटिस नंबर – 03

(1) ऊपर दिए गए टेंडर के संदर्भ में, अंतिम तारीख को 15.06.26 से बदलकर 29.06.26 कर दिया गया है।
(2) ऊपर दिए गए टेंडर के संदर्भ में, ऑफर की वैधता को 60 दिनों से बढ़ाकर 90 दिन कर दिया गया है।
(3) ऊपर दिए गए टेंडर के संदर्भ में, भुगतान की शर्तों में बदलाव किया गया है।

बाकी सभी शर्तें और नियम पहले जैसे ही रहेंगे।
यह संशोधन वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

2044/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

सं.: 7PUB/e-Auction/NIT-2026 दिनांक: 15.06.2026

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जी, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों पर एनएफआर के विविध अनुबंधों के आवंटन के लिए ई-निविदा आमंत्रित किया है।

| ई-कैटलॉग नं. | परिसंपत्ति का प्रकार | रेलवे स्टेशन | ई-नीलामी के लिए दिनांक और समय |
|---|---|---|---|
| Advt-Jun-03-26 | स्टेशन पर डिजिटल लॉकर | हज़रत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल, नई दिल्ली | प्रारंभ होने का समय 29.06.2026 को 11:00 बजे |
| Advt-Jun-04-26 | स्टेशन पर डिजिटल लॉकर | दिल्ली | प्रारंभ होने का समय 01.07.2026 को 11:00 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | | https://ireps.gov.in/ (E-Auction Leasing) |

2053/26

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जी,
उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) CIN- U40109UR2001SGC025867
कार्यालय: अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मण्डल (नगरीय) न्यू फोरेस्ट, एफ०आर०आई० कैम्पस, देहरादून।
Email: seedcurban@gmail.com Website: www.upcl.org

**ई-निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण मण्डल (नगरीय) देहरादून के अन्तर्गत ई-निविदा संख्या 13/वि०वि०मं०(न०)/2026-27 को दिनांक 17.06.2026 तक अपरिहार्य कारणों से विस्तारित की जाती है। विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर देखें।

पत्रांक: 773/वि०वि०मं०(नगरीय)/दे०दून दिनांक: 15/06/2026 अधीक्षण अभियन्ता

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" टोल फ्री नं० 1800-419-0405

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना संख्या: SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T08, Date-15.06.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.स.:- 1, कार्य का नाम:-** इज्जतनगर मंडल में गौशाला हाल्ट को 03 लाइन क्रॉसिंग स्टेशन में परिवर्तन के दौरान ओ.एच.ई. से संबंधित कार्य हेतु।, **टेंडर रेफरेंस नं.:-** SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T08, **कार्य का अनुमानित लागत रुपया में:-** ₹ 2,03,94,222.51, **अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी:-** ₹ 4,07,900.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में:-** 00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:-** 08.07.2026 11:00, **कार्य पूरा करने की अवधि:-** 12 माह, • खुली ई-निविदा दिनांक 08.07.2026 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, इज्जतनगर
मुजाधि/विद्युत-72

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**कार्यालय: नगर पालिका परिषद मुरादनगर, जनपद-गाजियाबाद।**

पत्रांक: 690/न0पा0प0मु0/अति0अ0/ई-निविदा/2026-27 दिनांक: 15.06.2026

**-: पुन: ई प्रोक्योरमेन्ट / अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना :-**

नगर पालिका परिषद मुरादनगर, जनपद गाजियाबाद द्वारा 15वॉं वित्त आयोग (टाईड ग्रान्ट)/राज्य वित्त आयोग/नगर निधि/मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना (CM-VNY) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले विकास कार्यों हेतु ई-निविदा की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिये गये नियम व शर्तों के अनुसार अति अल्पकालीन निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तों वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 16 जून 2026 की मध्यान्ह 02:00 बजे से दिनांक 22 जून 2026 के मध्यान्ह 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 22 जून 2026 के मध्यान्ह 02:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है। टेण्डर एवं उससे सम्बन्धित शर्तें जिले की वेबसाइट www.ghaziabad.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | Ltr. No.:- पत्रांक 689/ न0पा0परि0मु0/ ई-निविदा/2026-27, दिनांक 15 जून 2026 |
| Publish and Time for RFP | 16 जून 2026 को मध्यान्ह 02:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 22 जून 2026 को मध्यान्ह 02:00 बजे |
| Date and time of Opening Tender | 22 जून 2026 को अपरान्ह: 04:00 बजे |
| Place of Opening of E-Tender | Office Nagar Palika Parishad Muradnagar, Distt. Ghaziabad. |
| E-Tender Security | As Per NIT |
| E-Tender Document Processing | As per Tender List |

दीपक कुमार (अवर अभियन्ता) जलकल | सतेन्द्र सिंह (अवर अभियन्ता) सिविल | डॉ० शैलेन्द्र कुमार सिंह (अधिशासी अधिकारी) | छम्मी (अध्यक्ष)

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र०सं० | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 15260094 | किट ऑफ मंदोट्री स्परेस ऑफ डी चेक्स | 19 सेट | 06-07-26 |
| 02 | 09262136 | कोप्लेर बॉडी विथ शंक वियर प्लेट | 495 नग | 06-07-26 |
| 03 | 77259051 RGC | रनिंग कांट्रेक्ट फॉर इलास्टिक रेल क्लिप एम के -वी (टी 5919) | 13727846 नग | 08-07-26 |
| 04 | 19260621 | सेट ऑफ डैम्पर फॉर डब्लू ए पी-7 लोकोमोटिव | 15 सेट | 13-07-26 |
| 05 | 16264213 | स्पिन ओं टर्बो चार्जर एल यू बी इ आयल | 1778 नग | 16-07-26 |
| 06 | 16260558 | कंट्रोलर ए एस एम डायनामिक | 73 नग | 20-07-26 |
| 07 | 16265011 | 3 फेस इंडक्शन ट्रैक्शन मोटर | 24 नग | 23-07-26 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. 20/2026-2027 दिनांक:-15.06.2026 2043/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एकतरफा मुकाबले में बड़े अंतर से पराजित किया, यासीन ने पिता के देश के खिलाफ दो गोल दागने के बाद नहीं मनाया जश्न

# स्वीडन ने ट्यूनीशिया को पटखनी दी




मैक्सिको के मॉन्टेरी में सोमवार को ट्यूनीशिया के एलिस से गेंद छीनने का प्रयास करते स्वीडन के अयारी (पीली जर्सी)। • एजेंसी

**05** गोल यासीन अयारी स्वीडन के लिए करियर के 22 मुकाबलों में कर चुके

**07** वें मिनट में ही उन्होंने दूर से शानदार गोल दाग दिया। यह टूर्नामेंट का दूसरा सबसे तेज गोल है

**मॉन्टेरी (मैक्सिको), एजेंसी।** पहली बार विश्व कप में खेल रहे यासीन अयारी ने अपना पहला गोल पिता के देश के खिलाफ किया। उन्होंने संयमित तरीके से इसका जश्न मनाया और पिता के जन्मस्थान के प्रति सम्मान दिखाते हुए अपने हाथ ऊपर उठाए। फिर उन्होंने एक और गोल इंजरी टाइम में किया। अयारी के दो गोल से स्वीडन ने ट्यूनीशिया को 5-1 से हराकर शानदार शुरुआत की।

स्वीडन के सोलना शहर में पैदा हुए हैं 22 वर्षीय अयारी ने मैच के सातवें ही मिनट में दूर से शानदार गोल दागकर खाता खोला। यह मौजूदा टूर्नामेंट का दूसरा सबसे तेज गोल रहा। फिर 90+6वें मिनट में उन्होंने अपना दूसरा और टीम का पांचवां गोल कर अंत किया। उनके अलावा अलेक्जेंडर इसाक (30वें मिनट), विक्टर ग्योकेरेस (59वें) और मैटियस स्वानबर्ग (84वें मिनट) ने स्वीडन के लिए एक-एक गोल किया। ट्यूनीशिया के लिए एकमात्र गोल अमर रेकिक ने 43वें मिनट में किया।

इस जीत से स्वीडन ग्रुप एफ में शीर्ष पर है। दुनिया की 39वें नंबर की टीम स्वीडन ने आक्रामक शुरुआत की। अयारी ने सातवें मिनट में ही लंबी दूरी से गोल कर दिया। 23 मिनट बाद इसाक ने ट्यूनीशियाई गोलकीपर मोहिब चमाख को चकमा देकर नीचा शॉट लगाकर गोल कर दिया। फिर रेकिक के गोल से स्वीडन की गति थोड़ी धीमी हुई। इसाक और ग्योकेरेस ने स्वीडन को फिर से मैच पर नियंत्रण दिला दिया। इसाक ने गेंद छीनकर ग्योकेरेस को पास दिया और आर्सेनल के स्ट्राइकर ने उस पर आसानी से गोल कर दिया।

**हार के बाद सबरी से छीना कोच पद :** स्वीडन से करारी हार के बाद ट्यूनीशिया के मुख्य कोच सबरी लामूशी को पद से हटा दिया गया। ट्यूनीशियाई फुटबॉल महासंघ ने सोमवार को यह घोषणा की। अब मोंधेर केबाइर टीम के अंतरिम कोच होंगे।

स्कोर लाइन
स्वीडन 5-1 ट्यूनीशिया

- पिछले 15 मैचों में विक्टर ग्योकेरेस स्वीडन के लिए 16 जबकि करियर में कुल 21 गोल कर चुके हैं

### 18 सेकंड में दागा गोल

स्वीडन के मैटियास स्वानबर्ग 84वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान में उतरे और 18 सेकंड के भीतर ही उन्होंने गोल कर दिया। यह विश्व कप के इतिहास में किसी भी स्थानापन्न खिलाड़ी का दूसरा सबसे तेज गोल है। रिकॉर्ड उरुग्वे के रिचर्ड मोरालेस (16 सेकंड, बनाम स्नेगेल 2002) के नाम दर्ज है।

### यासीन 36 साल में स्वीडन के सबसे युवा स्कोरर

यासीन अयारी 36 साल में स्वीडन के लिए गोल दागने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले 1990 में टॉमस ब्रोलिन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। यासीन के पिता ट्यूनीशियाई जबकि मां मोरक्को मूल की हैं। उनके पास ट्यूनीशिया की राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का विकल्प भी था, लेकिन उन्होंने स्वीडन को चुना।

# कुराकाओ ने जर्मनी से हारकर भी रचा इतिहास

**ह्यूस्टन, एजेंसी।** डेढ़ लाख से अधिक की आबादी वाले कुराकाओ की टीम भले ही चार बार के चैंपियन जर्मनी से 1-7 से हार गई पर वह विश्व कप में खेलने वाला सबसे छोटा देश बन गया। यही नहीं लिवानो कोमेनेंसिया (21वें मिनट) विश्व कप में गोल करने वाले कुराकाओ के पहले खिलाड़ी भी बने। यह इस देश के लिए बड़ी उपलब्धि है।

हालांकि, यह मैच कुरासाओ के लिए निराशाजनक भी रहा। वह पिछले 72 साल में विश्व कप के अपने पहले मैच में छह गोल के अंतर से हारने वाली पहली टीम बनी। इससे पहले 1954 में दक्षिण कोरिया को हंगरी के खिलाफ शुरुआती मैच में 9-0 से हार मिली थी।

मुकाबले में जर्मनी के छह खिलाड़ियों ने स्कोर किया जिसमें से काई हावट्र्ज ने दो गोल दागे। जर्मनी के लिए फेलिक्स नेमेचा (छठे मिनट), निको श्लॉटरबेक (38वें मिनट), हावट्र्ज (45+5वें मिनट, 88वें मिनट), जमाल मुसियाला (47वें मिनट) और ब्राउन (68वें मिनट) ने गोल किए। जर्मनी की जीत का अंतर विश्व कप के नौ गोल के रिकॉर्ड से कम है। ऐसा तीन बार हो चुका है। आखिरी बार हंगरी ने 1982 में अल साल्वाडोर को 10-1 से हराया था।

स्कोर लाइन
जर्मनी 7-1 कुराकाओ



रविवार रात को गोल करने के बाद जश्न मनाते कुराकाओ के लिवानो (8 नंबर)।

# कामाडा ने जापान को हार से बचाया

**आर्लिंगटन, एजेंसी।** दाइची कामाडा ने रविवार देर रात को अंतिम सीटी बजने से कुछ मिनट पहले हेडर से खूबसूरत गोल कर जापान को विश्व कप में हार से बचाया। जापान ने पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी कर 31 मिनट में दो गोल कर नीदरलैंड्स को 2-2 की बराबरी पर रोककर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

दोनों टीम हाफ टाइम तक गोल नहीं कर पाई थी। दूसरे हाफ की शुरुआत में नीदरलैंड्स ने 14 मिनट में दो गोल कर मैच का रुख पलट दिया। उसके लिए यह गोल वर्जिल वैन डाइक (50वें मिनट) और क्रिसेंसियो समरविले (64वें) ने किए। जापान के कीटो नाकामुरा (57वें मिनट) में गोल किया। जब जापान की हार सुनिश्चित लग रही थी तब कामाडा ने महत्वपूर्ण गोल किया जिसे उनका देश वर्षों तक याद रखेगा। कोकी ओगावा के कॉर्नर किक पर कामाडा ने 88वें मिनट में हेडर से गोल किया। इससे जापानी टीम के प्रशंसक खुशी से झूम उठे। नीदरलैंड्स की टीम ने इस ड्रॉ से विश्व कप के ग्रुप चरण में अजेय अभियान को 17 मैच तक पहुंचा दिया है।

स्कोर लाइन
जापान 2-2 नीदरलैंड्स

### वैन डाइक 16 साल में सबसे उम्रदराज स्कोरर

वैन डाइक (34 साल 341 दिन) 16 साल में विश्व कप में गोल करने वाले नीदरलैंड्स के सबसे उम्रदराज जबकि दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। उनसे आगे जियोवानी वैन ब्रोंखोर्स्ट (35 साल 151 दिन बनाम उरुग्वे 2010) हैं।

# आइवरी कोस्ट ने इक्वाडोर को हराया

**फिलाडेल्फिया, एजेंसी।** अमाद डियालो के गोल से आइवरी कोस्ट ने इक्वाडोर को 1-0 से पराजित किया। आइवरी कोस्ट पिछले 12 वर्ष में पहली बार विश्व कप फुटबॉल में खेल रहा है। डियालो ने मैच का एकमात्र गोल 90वें मिनट में किया। दोनों टीमों ने मिलकर तीन बार क्रॉसबार पर गेंद मारी, लेकिन गोल करने में नाकाम रही।

ऐसा लगा रहा था कि मैच गोलरहित ड्रॉ होगा। तब मैनचेस्टर युनाइटेड की तरफ से खेलने वाले स्थानापन्न विंगर डियालो (56वें मिनट में मैदान पर उतरे) ने पेनाल्टी क्षेत्र के ठीक अंदर गोता लगाते हुए बाएं पैर से जोरदार शॉट लगाकर गोलकीपर हर्नान को चकमा देकर गोल कर दिया। विल्फ्रेड सिंगो ने दाहिनी ओर से शानदार दौड़ लगाते हुए गोल की नींव रखी थी। साथ ही आइवरी कोस्ट ने इक्वाडोर का 19 मैचों से चला आ रहा विजय रथ भी रोक दिया।

आइवरी कोस्ट के लिए एली वाही ने 52वें मिनट में क्रॉसबार पर शॉट मारा। इससे पहले इक्वाडोर के जॉन येबोआ और निलसन एंगुलो ने पहले हाफ में ऐसा करके गोल करने का सुनहरे मौके गंवा दिए थे। पांचवीं बार विश्व कप में भाग ले रहा इक्वाडोर के लिए लिंकन फाइनेंशियल फील्ड का माहौल घरेलू मैदान जैसा था क्योंकि 68,274 दर्शकों में से अधिकांश ने ला ट्राई (इक्वाडोर की टीम) की पीली जर्सी पहनी हुई थी।

डियालो के गोल से पहले इक्वाडोर की टीम मजबूत नजर आ रही थी। उसे हाफ टाइम के बाद सबसे अच्छा मौका 68वें मिनट में मिला जब गोंजालो ने 25 गज की दूरी से जोरदार शॉट लगाया जिसे गोलकीपर याहिया ने रोक दिया।

स्कोर लाइन
आइवरी कोस्ट 1-0 इक्वाडोर

# दीपिका के दो गोल से भारत ने अमेरिका को शिकस्त दी

नेशंस कप हॉकी

**ऑकलैंड, एजेंसी।** दो गोल से पिछड़ने के बाद दीपिका के दो गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने बेहतरीन वापसी करते हुए नेशंस कप में अमेरिका को हरा दिया। भारत ने सोमवार को एफआईएच के पूल ए के अपने पहले मैच में शानदार खेल दिखाते हुए 3-2 से जीत दर्ज की। एक गोल नवनीत कौर ने किया।

अमेरिका की ओर से एश्ले सेसा और मैडलीन जिमर ने गोल किए। मंगलवार को भारत का सामना जापान से जबकि गुरुवार को उरुग्वे से होगा।

**दूसरे स्थान पर :** इस जीत से भारत ने तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। इस जीत से भारत तीन अंक के साथ पूल ए में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। शीर्ष पर जापान के भी तीन अंक हैं पर गोल अंतर बेहतर है।

अमेरिका को एश्ले ने चौथे मिनट में ही मैदानी गोल से बढ़त दिलाई। तीन मिनट बाद मैडलीन जिमर (सातवें) ने पेनाल्टी कॉर्नर पर बढ़त दोगुनी कर दी।

**शानदार वापसी :** दो गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने आक्रामक रवैया अपनाया। ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ दीपिका (17वें) ने पेनाल्टी कॉर्नर पर अंतर कम कर दिया। दूसरे क्वार्टर में दीपिका (24वें) ने फिर पेनाल्टी को गोल में बदल स्कोर 2-2 कर दिया। फिर नवनीत (28वें) ने हाफ टाइम से पहले एक और गोल भारत को बढ़त दिलाई और मैच का रुख पलट दिया।




ऑकलैंड में सोमवार को गोल करने पर खुशी मनातीं भारतीय टीम की खिलाड़ी। • एजेंसी

## दोहा डायमंड लीग में चुनौती देंगे नीरज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फिट हो चुके भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा 19 जून को होने वाली दोहा डायमंड लीग के जरिये फिर मैदान पर वापसी करेंगे। वह इस प्रतिष्ठित मुकाबले में दुनिया के दिग्गजों को चुनौती देंगे।

टोक्यो ओलंपिक 2020 चैंपियन और पेरिस ओलंपिक 2024 के रजत पदक विजेता चोपड़ा ने सितंबर 2025 में विश्व चैंपियनशिप के बाद किसी प्रतिस्पर्धा में हिस्सा नहीं लिया है। उनकी प्रबंधन फर्म 'वेल स्पोर्ट्स' ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 2026 का पहला थ्रो दोहा में। नीरज चोपड़ा 19 जून को प्रतियोगिता में वापसी करेंगे। चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर लिखा-दोहा में मिलते हैं।

## तलवारबाजी में भवानी पर नजरें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में 19 से 24 जून तक होने वाली एशियाई सीनियर तलवारबाजी चैम्पियनशिप में ओलंपिक पदक विजेताओं समेत 34 देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

भारत की चुनौती की अगुआई ओलंपियन भवानी देवी (साबरे) करेंगी जिन्होंने 2023 एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य जीता था। भारत में पहली बार यह टूर्नामेंट साल के आखिर में जापान में होने वाले एशियाई खेलों का सीधा क्वालीफायर भी है। इसके साथ एशियाई तलवारबाजी परिसंघ की आमसभा भी होगी जिसमें 42 सदस्य देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

# सुपर ओवर में धराशायी हुआ भारत ए

त्रिकोणीय सीरीज

**दांबुला, एजेंसी।** श्रीलंका ए ने त्रिकोणीय एकदिवसीय सीरीज के विवादों से भरे रोमांचक मुकाबले में सोमवार को यहां भारत ए को सुपर ओवर में शिकस्त दे दी। जीत की अहम बात यह रही कि धमाकेदार भारतीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और सूर्यांश शेडगे के सामने सुपर ओवर में श्रीलंका के तेज गेंदबाज कुगाथस मथुलन ने 16 रन का भी बचाव कर लिया।

पहले भारतीय टीम टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए सूर्यांश शेडगे (66 गेंद, 72 रन) और विपरज निगम (49 गेंद, 51 रन) के अर्धशतकों के बावजूद 49.2 ओवर में 265 रन पर आउट हो गई। फिर मेजबान टीम ने निरोशान डिकवेला के 37 और सदीरा समरविक्रमा के 93 रन की मदद से 50 ओवर में 9 विकेट पर 265 रन बनाकर मुकाबला टाई करा लिया। मैच सुपर ओवर में गया तो भारतीय गेंदबाज अरशद खान का ओवर महंगा साबित हुआ। उन्होंने एक वाइड और एक नो बॉल सहित 16 रन दिए। फिर कुगाथस भारतीय जोड़ी को नौ रन पर रोक दिया।

इससे पहले सूर्यवंशी ने तेज गेंदबाज चमिका गुणाशेखर पर छक्के और दो चौकों के साथ भारतीय पारी की शुरुआत की। पर साहन अराचिगे की गेंद पर आउट हो गए। कप्तान तिलक वर्मा (23) और रुतुराज गायकवाड़ (32) ने तीसरे विकेट के लिए 52 रन जोड़े। एक समय भारत के दो विकेट पर 91 रन थे पर फिर टीम ने लगातार विकेट गंवाए।




श्रीलंकाई खिलाड़ियों से बहस करते वैभव सूर्यवंशी के साथ सूर्यांश शेडगे।

## सूर्यवंशी और श्रीलंकाई खिलाड़ी में धक्का-मुक्की

- मेजबान खिलाड़ियों ने भारतीयों को कुछ कहा
- निरोशन डिकवेला ने बीच-बचाव किया

**दांबुला, एजेंसी।** हार के बाद युवा भारतीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की मेजबान टीम के एक खिलाड़ी से तीखी बहस हुई और बात हाथापाई तक पहुंच गई। मैच खत्म होने के बाद जब सूर्यवंशी और सूर्यांश शेडगे पवेलियन लौट रहे थे तो श्रीलंकाई टीम ने कुछ ज्यादा ही जोश में जश्न मनाया।

इस दौरान कुछ खिलाड़ियों को भारतीय बल्लेबाजों की ओर कुछ कहते हुए भी देखा गया, जिससे वैभव नाराज हो गए। हालांकि टीवी कैमरों में सूर्यवंशी को श्रीलंकाई गेंदबाज कुगाथास मथुलन की ओर गुस्से में बढ़ते हुए देखा गया। बताया गया कि सुपर ओवर में तीन गेंदों पर उन्हें रोकने के बाद गेंदबाज ने कुछ टिप्पणी की थी, जिससे मामला गर्मा गया। सूर्यवंशी को क्षेत्ररक्षक को धक्का देते देखा गया। क्षेत्ररक्षक ने भी उनकी तरफ बढ़ने की कोशिश की। श्रीलंका के सीनियर खिलाड़ी निरोशन डिकवेला ने बीच-बचाव किया जिससे कि मामला हाथ से नहीं निकले। सूर्यवंशी जब पवेलियन लौट रहे थे तो वह साफतौर पर गुस्से में दिख रहे थे।

खेल 30s

## टेनिस दल की अगुआई करेंगे सुमित

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल और सहजा यमलापल्ली जापान में एशियाई खेलों में देश के टेनिस अभियान की अगुआई करेंगे। अखिल भारतीय टेनिस संघ ने सोमवार को छह सदस्यीय पुरुष और महिला टीम चुनी। पुरुष टीम में दुनिया के 277वें नंबर के नागल, युवा मानस धामने (378 रैंकिंग) और दक्षिणेश्वर सुरेश (478) हैं। टीम में तीन युगल विशेषज्ञ हैं- यूकी भांबरी, एन श्रीराम बालाजी और अनिरुद्ध चंद्रशेखर हैं। करण सिंह, रित्विक बोलीपल्ली और निकी कालियांदा रिजर्व होंगे। महिला वर्ग में सहजा के अलावा वैष्णवी अडकर, वैदेही चौधरी, रुतुजा भोंसले, प्रार्थना थोम्बारे, अंकिता रैना और जील देसाई और श्रुति अहलावत रिजर्व होंगी।



## स्टोक्स, गस के बाद रॉबिन्सन भी टीम से बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन के बाद एक अन्य तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन भी घुटने की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। इससे पहले स्टोक्स और एटकिंसन को बुधवार को टीम से बाहर कर दिया गया था क्योंकि एक नाइट क्लब में हुई घटना के बाद उनकी जांच चल रही है। रॉबिन्सन टीम के साथ रहेंगे और अपने घुटने की चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन करवाएंगे। टीम में उनकी जगह हेनरी क्रोकोम्बे ने ली है।

## वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को हराकर सीरीज जीती

**किंग्स्टन (जमैका)।** वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी-20 में पांच विकेट की जीत के साथ सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। श्रीलंका ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 169 रन बनाए। दुनिथ वेलालगे ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 170 रन बना दिए। वेस्टइंडीज के शेमार जोसेफ ने पांच विकेट हासिल किए। रदरफोर्ड 54 और जेसन होल्डर पांच गेंदों पर 21 रन बनाकर नाबाद रहे।



लखनऊ में सोमवार को हवाई अड्डे से बाहर निकलते (बाएं से) भारतीय क्रिकेटर श्रेयस अय्यर, कप्तान शुभमन गिल और ईशान किशन। अफगानिस्तान के साथ एकदिवसीय सीरीज का दूसरा मुकाबला यहां बुधवार को खेला जाएगा। • एजेंसी

## मकाउ ओपन में हिस्सा लेंगे युवा भारतीय शटलर

**मकाउ।** पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रांकीरेड्डी-चिराग शेट्टी के मकाऊ ओपन बैडमिंटन में नहीं खेलने के कारण मंगलवार से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में युवा खिलाड़ियों पर निगाहें होंगी। पुरुष एकल में थारुन मन्नेपल्ली जबकि महिला एकल में ईशारानी बरुआ पर चुनौती का भार होगा। किरण जॉर्ज सहित पुरुष एकल में अन्य भारतीय भी हैं। महिला एकल में आकर्षी कश्यप, अनमोल खरब, तस्नीम मीर, श्रेयांसी वलिशेट्टी श्रेया लेले, मानसी सिंह समेत कुछ युवा हैं। पुरुष युगल में भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बूरु दावा पेश करेंगे।

## मुक्केबाजी विश्व : दीपक, पूनम अगले दौर में

**गुइयांग (चीन)।** भारत के दीपक और पूनम ने मुक्केबाजी विश्व कप के दूसरे चरण में अगले दौर में जगह बनाई। पूनम ने 54 किग्रा में उज्बेकिस्तान की अजीजा योकुबोवा को 5-0 से हराया, जबकि दीपक ने 70 किग्रा में तुर्कमेनिस्तान के बायरामदुरडी नूरमुहम्मदोव को 5-0 से शिकस्त दी। पर ऋषि सिंह, सनामाचा चानू, सावन गिल, अनमोल और हर्ष चौधरी समेत अन्य भारतीय बाहर हो गए।

## गोल्फ : सप्तक तलवार ऑस्ट्रिया में शीर्ष 20 में

**ओबरहास (ऑस्ट्रिया)।** शीर्ष 10 में जगह बनाने की ओर बढ़ रहे भारत के सप्तक तलवार अंततः अंतिम दौर में दो अंडर 67 के स्कोर से इंटरवेटेन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 17वें स्थान पर रहे। तलवार का कुल स्कोर 10 अंडर रहा। इससे पहले वीर अहलावत कट हासिल करने में नाकाम रहे थे। चेक गणराज्य के फिलिप मुरुजेक ने कुल 18 अंडर के स्कोर से खिताब जीता।

इनसे सीखें | समुराई ब्लू के प्रशंसकों ने नीदरलैंड्स के साथ मुकाबले के बाद स्टेडियम छोड़ने से पहले दर्शक दीर्घा से कचरा साफ किया, जापानी प्रशंसकों में लंबे समय से जारी है परंपरा

# मैच के बाद स्टेडियम की सफाई कर जापानी प्रशंसकों ने जीता दिल

- नीले रंग की थैलियों से पहले उत्साह बढ़ाया फिर उसमें कचरा इकट्ठा किया
- 1998 में फ्रांस में विश्व कप से जापानी प्रशंसकों ने की थी शुरुआत

**आर्लिंगटन, एजेंसी।** फुटबॉल विश्व कप के ग्रुप एफ के एक रोमांचक मुकाबले में नीदरलैंड्स से मैच ड्रॉ होने के बाद जापानी प्रशंसकों ने स्टेडियम में सफाई अभियान चलाकर अपनी ऐतिहासिक परंपरा से फिर दुनिया को स्वच्छता का संदेश दिया है।

मैच के दौरान जापान के प्रशंसकों ने जिन नीले रंग की थैलियों को हवा में लहराकर टीम का उत्साह बढ़ाया था, मुकाबला समाप्त होने के बाद उन्हीं थैलियों का उपयोग उन्होंने स्टैंड में बिखरा हुआ कचरा समेटने के लिए किया। दरअसल अपनी टीम के लिए लगातार नारे लगाने के साथ-साथ प्रशंसक स्टेडियम में जो बैग लाते हैं, उन्हें हौसलाअफजाई के लिए अक्सर एक साथ ऊपर उठाया जाता है।

रविवार को हुए इस मुकाबले में जापान और नीदरलैंड की टीमें दो-दो की बराबरी पर रहीं। जापान के लिए केतो नाकामुरा और मैच के 88वें मिनट में दाइची कामादा ने शानदार गोल दागकर अपनी टीम को बराबरी दिलाई। गोल होने के बाद दर्शकों ने इन नीली थैलियों को हवा में लहराकर जमकर जश्न मनाया था। मैच खत्म होने के बाद जापानी प्रशंसकों ने डलास काउबॉयज के घरेलू मैदान (एटीएंडटी स्टेडियम) को पूरी तरह से साफ कर दिया। इससे वहां के सफाई कर्मचारियों का काम बेहद आसान हो गया। जापानी प्रशंसकों के इस व्यवहार ने खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया है।

**कतर विश्व कप में भी देखने को मिला था यह नजारा :** जापानी प्रशंसकों की यह अनूठी और सराहनीय परंपरा की शुरुआत वर्ष 1998 में फ्रांस में हुए विश्व कप के दौरान हुई थी। तब से लेकर आज तक उन्होंने इस महाकुंभ में अपनी संस्कृति को जीवित रखा है, जिसमें वर्ष 2022 का कतर विश्व कप भी शामिल है। जीत हो या हार जापानी प्रशंसकों की यह परंपरा आज भी जारी है।




आर्लिंगटन में सोमवार को नीदरलैंड्स के साथ फीफा मुकाबले के बाद जापान के प्रशंसक स्टेडियम से कचरा इकट्ठा करते हुए। • एजेंसी

## उरुग्वे की टीम की उड़ान में देरी हुई

**मैक्सिको सिटी।** विश्व कप में अपने पदार्पण मैच से पहले मैक्सिको से अमेरिका के लिए उरुग्वे की राष्ट्रीय टीम को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ द्वारा उपलब्ध कराई उड़ान में आवश्यक दस्तावेजों की कमी के कारण देरी हुई। उरुग्वे टीम को रविवार को प्लाया डेल कारमेन स्थित अपने आधार शिविर से फ्लोरिडा के मियामी के लिए उड़ान भरनी थी। फीफा द्वारा नया प्रस्थान समय शाम 4.15 बजे है। फीफा ने बाद में देरी का कारण बताते हुए कहा कि इस स्थिति के लिए एयरलाइन जिम्मेदार थी।

### आरटीआई कार्यकर्ता को अग्रिम जमानत देने से इनकार

# हर मुद्दे पर आरटीआई देना नया व्यवसाय बना : कोर्ट

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि सूचना के अधिकार अधिनियम यानी आरटीआई एक्टिविज्म (हर मुद्दे पर) नया व्यवसाय बन गया है।

शीर्ष अदालत ने सड़क निर्माण कार्य से जुड़े सरकारी कर्मचारी के काम में बाधा डालने के आरोप में दर्ज मामले में आरोपी आरटीआई कार्यकर्ता को अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए यह टिप्पणी की।

जस्टिस संदीप मेहता और विजय बिश्नोई की पीठ ने आरोपी राकेश कुमार बहल को अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी। जस्टिस मेहता ने



**सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी की भूमिका पर सवाल उठाए**

मौखिक तौर पर कहा कि आजकल आरटीआई एक्टिविज्म एक नया धंधा बन गया है। उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार ने धन दिया तो वह सड़क निर्माण के गुणवत्ता का ध्यान रखेगी, आप कोई नहीं हैं। याचिका खारिज की जाती है।

जस्टिस बिश्नोई ने भी याचिकाकर्ता के भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि आप (आरोपी बहल) सड़क निर्माण की निगरानी क्यों कर रहे थे? उन्होंने आरोपी बहल से कहा कि आप कौन होते हैं सड़क निर्माण की प्रगति या ऐसी अन्य चीजों की निगरानी करने वाले? क्या आप कोई उच्च अधिकारी हैं? इसके साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी बहल को अग्रिम जमानत देने से इनकर कर दिया। आरटीआई कार्यकर्ता बहल ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने बहल को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था।

## पूछताछ के बाद बांग्लादेश लौटे रहमान

**ढाका/नई दिल्ली।** बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के नीति एवं रणनीति मामलों तथा सूचना एवं प्रसारण संबंधी सलाहकार डॉ. जाहेद उर रहमान को रविवार देर शाम दिल्ली हवाई अड्डे पर रोका गया था। पूछताछ के बाद वह बिना रुके ढाका लौट गए।

वह हिंद महासागर तटीय क्षेत्रीय सहयोग संघ (आईओआरए) के वरिष्ठ अधिकारियों की समिति की 28वीं बैठक में भाग लेने के लिए भारत आए थे। यहां रहमान से आव्रजन अधिकारियों ने पूछताछ की थी। जाहेद उर रहमान एक सामान्य बांग्लादेशी पासपोर्ट पर यात्रा कर रहे थे। उनके पास राजनयिक पासपोर्ट नहीं था।

## लंदन में पाक के विरोध में उतरे कश्मीरी

**लंदन, एजेंसी।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में सुरक्षा बलों द्वारा की जा रही हिंसा और बर्बरता के विरोध में लंदन की सड़कों पर सोमवार को विरोध प्रदर्शन हुआ। इसमें हजारों कश्मीरी नागरिक शामिल हुए और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

वहीं, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बीते 10 जून को पुलिस ने ऑस्ट्रेलियाई पर्यटकों पर भी गोलीबारी की। गोलीबारी में एक नौ साल की बच्ची की मौत हो गई और पिता-भाई घायल हैं।

## ब्रिटेन में भी किशोरों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर रोक लगेगी

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने सोमवार को घोषणा की कि 16 साल से कम उम्र के किशोरों को सोशल मीडिया के इस्तेमाल की अनुमति नहीं होगी।

यह फैसला बच्चों की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और खुशहाली को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। स्टारमर बोले, पिता के तौर पर मैंने ये फैसला लिया है। अगर कंपनियां विरोध करती हैं, तो मुकाबला करेंगे। अगले साल से यह कानून लागू किया जाएगा।

---

**INFORMATION TECHNOLOGY DEVELOPMENT AGENCY (ITDA)**
Department of IT, Good Governance & Science Technology
Government of Uttarakhand
Dehradun-248001, Uttarakhand, India
Email: diritda-uk@nic.in

Advertisement no. 236 /2026-27/ITDA Dated: 15.06.2026

**-: Corrigendum :-**

With reference to Advertisement Advertisement No., I/64012/2026-27/ITDA dated 21.05.2026, issued by the Information Technology Development Agency (ITDA), applications were invited for various posts on a deputation/contractual basis.
The last date for submission of online applications and required documents, which was earlier extended to 12.06.2026, has been further extended up to 18.06.2026.
The application submission mode is entirely online, and details can be obtained from the website **https://itda.uk.gov.in/careers.** Physical submission of applications is not accepted.
**Note:-** All other conditions in the advertisement shall remain the same. No physical applications or hard copies of documents will be accepted.

**Director, ITDA**

---

**RANCHI MUNICIPAL CORPORATION**
Kutuchery, Ranchi 834001
Contact No. : 0651-2211215, Fax: 06512211777
email: support@ranchimunicipal.com,
website: www.ranchimunicipal.com

**Tender Reference No:- 561 Date:- 15/06/2026**

**Very Short Notice Inviting e-Tender**

| S.No | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Particulars of the work | Rate contract of L.E.D street light under Ranchi Municipal Corporation Area . |
| 2 | Bid Validity days | 180 Days |
| 3 | Period of Work (including maintenance) | Three Year |
| 4 | Location | Ranchi |
| 5 | Pin Code | 834001 |
| 6 | Pre Bid Meeting Address | Office of Add. Commissioner, Ranchi Municipal Corporation, Ranchi |
| 7 | Bid Opening Place | Office of Add. Commissioner, Ranchi Municipal Corporation, Ranchi |
| 8 | Tender Fee | Rs 10,000/- (+) 18% GST (Through online Payment gateway of jharkhandtenders.gov.in) |
| 9 | EMD Fee | Rs 6,00,000/- (Through online Payment gateway of jharkhandtenders.gov.in) |
| 10 | EMD Exemption Allowed | No |
| 11 | Tender Publishing Date on website (jharkhandtenders.gov.in) | 17/06/2026 |
| 12 | Bid Submission Start Date | 17/06/2026 |
| 13 | Bid Submission End Date | 25/06/2026 till 3.00 pm |
| 14 | Bid Opening Date | 27/06/2026 after 3.00 pm |
| 15 | Inviting Officer | Ranchi Municipal Corporation |
| 16 | Inviting Officer Address/email: | Ranchi Municipal Corporation, Kutchery, Ranchi – 834001 email: support @ranchimunicipal.com |

**NOTE:-**1. Tender Fee and Earnest money deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand letter no 120 dated 03.10.2023.
2. For further information please visit website:- **jharkhand tenders.gov.in &www.ranchimunicipal.com**

**Sd/- Add. Administrator,**
**Ranchi Municipal Corporation, Ranchi.**

**PR 382410 (Ranchi Municipal Corporation)26-27*D**

---

**मध्य रेल**

प्रतिस्थापन कार्य

**खुली निविदा सूचना सं.: BB.LD.583. P. Rev.25/15.Cont.R2 दिनांक 10.06.2026.** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), सीएसएमटी मुंबई का कार्यालय। **निविदा क्रमांकः** BB.LD.583.P. Rev.25/15.ContR2। **कार्य का नामः** मुंबई डिवीजन के DEE/TD/CLA तथा ADEE/TD/JNJ क्षेत्र में छोटे आकार के आइसोलेटर जंपरों को 160 वर्ग मिमी के जंपरों से बदलना और 105 वर्ग मिमी के 'G' जंपर वायर को 160 वर्ग मिमी के जंपर वायर से बदलना। **आनुमानित लागत :** ₹ 2,45,65,033/-। **बिड सिक्योरिटीः** ₹4,91,300/-। **निविदा फार्म का मूल्यः** ₹ 0/-। **समापन अवधीः** 12 महीने। **ऑफर की वैधताः** 60 दिन। (I) उक्त निविदा का, **निविदा बंद करने की तारीख और समयः** दिनांक 03.07.2026 को 11.00 बजे तक, और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा। (II) शुद्धिपत्रक के विवरण हेतु आग्रदर्शी निवादाओं के लिए वेबराइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। (III) केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से उपर्युक्त इलेक्ट्रॉनिकलि ई-टेंडर में निविदाधारक सहभाग ले सकते है और ई-टेंडर के अलावा हस्तचलित प्रस्तुत करने का निवेदन, देने की अनुमति नही है। हस्तचलित रूप से, यिद निविदा खुलने के बाद की प्रस्तुति का विचार नही किया जाएगा। (IV) निविदा दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार बिड सिक्योरिटी का भुगतान किया जाना चाहिए। (V) अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्कः वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्सभवन, सीएसएमटी मूंबई - 400001। फोन - 022-22612355। निविदाओं संबधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबधी संपूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्सभवन, सीएसएमटी मुंबई - 400001 के "नाटिस बोर्ड" पर भी उपलब्ध है।

**रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है** 251

---

**कार्यालयः कृषि उत्पादन मण्डी समिति, दादरी (गौतमबुद्धनगर)**

पत्रांकः कृ०उ०म०स०/2026-949 दिनांकः 15/06/2026

**लाइसेंस नवीनीकरण हेतु आवश्यक सूचना**

एतद्द्वारा कार्यरत लाइसेंसधारी व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि कृषि वर्ष 2025-26 के लाईसेंस की अवधि 30 जून 2026 को समाप्त हो रही है। कृषि वर्ष 2026-27 हेतु कृषि उत्पादन मण्डी समिति दादरी (गौतमबुद्धनगर) के क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत समस्त लाईसेंसधारी व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि समस्त देयता यथा-मण्डी शुल्क, विकास सेस, दुकान किराया, यूजर चार्ज, प्रीमियम एवं जी०एस०टी० आदि जमा कराते हुए मण्डी परिषद के पोर्टल **e-mandi.up.gov.in** पर आवेदन कर आवेदन फार्म व लाइसेंस फीस रसीद, कार्यालय, कृषि उत्पादन मण्डी समिति दादरी में दिनांक 30.06.2026 तक अनिवार्य रूप से जमा कराया जाना सुनिश्चित करें। दिनांक 30.06.2026 के पश्चात् बिना लाइसेंस नवीनीकरण कराये कार्य करने वाले व्यापारियों के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। लाईसेंस नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक 30.06.2026 तक अदेयता प्रमाण-पत्र के साथ आवेदन ऑनलाईन फीस जमा किया जायेगा।

सचिव सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
दादरी (गौतमबुद्धनगर)

---

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) CIN- U40109UR2001SGC025867
कार्यालयः अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मण्डल (नगरीय) न्यू फोरेस्ट, एफ.आर.आई कैम्पस, देहरादून।
Email: seedcurban@gmail.com Website: www.upcl.org

**E-TENDER NOTICE**

**E-TENDER No.17/EDC(U)/2026-27:-** विद्युत वितरण खण्ड (केन्द्रीय), के विभिन्न क्षेत्रों में एल०टी० ए०बी० केबल बिछाये जाने का कार्य।

Last date and time for request to submit the tenders document dated **29-06-2026** upto 13:00 Hrs. & Tenders Opening Date **29-06-2026** upto 16:00 Hrs.
For further details, login to website **www.uktenders.gov.in**

**No. 775/EDC(U)/DDN**
**Date:15/06/2026** **Superintending Engineer**

"Save Electricity in the Interest of Nation" Toll Free No. 1800-419-0405

---

**कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी लिमिटेड**
**अधिशासी अभियन्ता (प्रोक्योरमेन्ट एवं परचेज), 14/71, सिविल लाइन्स, केसा हाउस, कानपुर**

**जेम निविदा सूचना दिनांक : 16.06.2026**

**निविदा सं0 एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. विभिन्न प्रकार की वितरण परिवर्तकों हेतु बुशिंग बूट की आपूर्ति – 06/2026-27-GEM/2026/B/7617787 धरोहर राशि–रू० 45,990/– **(जेम–निविदा की अन्तिम तिथि– 18.06.2026)**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट https://bidplus.gem.gov.in/all-bids पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

---

**KANPUR SMART CITY LIMITED**
3rd Floor, Nagar Nigam Mukhyalaya, MotiJheel, Kanpur - 208002
Phone – +91-7007876185 e-mail : ksclkanpur@gmail.com

Letter. No. KSCL/SPV/MEMO/26-27 Dated: 15.06.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

The Chief Executive Officer (CEO), Kanpur Smart City Ltd.(KSCL) Invites Tender for the below mentioned work under Smart City Mission:-

| S. No. | Name of Project | Tender Fees Non-Refundable | Earnest Money Deposit | End Date for Bid Submission | Technical Bid Opening Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Selection of Master System Integrator for taking over existing Kanpur integrated Smart Solutions and providing comprehensive Operation & Maintenance for 3 Years. | ₹ 25,000.00 + ₹ 4,500.00 = ₹ 29,500.00 | ₹ 42,50,000.00 | 06-07-2026 at 15:00 Hrs. (IST) | 06-07-2026 at 16:00 Hrs. (IST) |

a) Tender documents can be downloaded from website https://gem.gov.in/.
b) Bidders are requested to submit the Tender Fee in the form of DD/Bankers Cheque & EMD in form of Bank Guarantee/Insurance Surety Bond/FDR/TDR issued in favor of **"Chief Executive Officer, Kanpur Smart City Limited" Payable at Kanpur** and receipts are to be attached and deposited with Technical Bid Documents.
c) The last date of for pre-bid queries is 22.06.2026 till 11:00 AM through e-mail on ksclkanpur@gmail.com and Pre-bid meeting (22.06.2026 Time 03:00 PM) will be held at **CEO Office, Kanpur Smart City Limited, 3rd Floor, Kanpur Municipal Corporation, Motijheel, Harsh Nagar, Kanpur-208002 Telephone No.- +91-7007876185.**
d) The deadline for Hard/Physical Copy Submission of Technical Bid documents **is 07.07.2026 till 17:00Hrs. (IST).**
e) For more details contact Chief Executive Officer, KSCL address- CEO, Kanpur Smart City Limited (KSCL), Conference Room, Third Floor Kanpur Municipal Corporation, Motijheel, Harsh Nagar, Kanpur-208002 Contact No.– +91-9839121096 and through e-mail. ksclkanpur@gmail.com.

**Chief Executive Officer**
**Kanpur Smart City Limited**

---

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 ग्वालियर**
**फोन नं. 0751-2371231, ईमेलः eepwd1gwl@nic.in**

**निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 10/टी.सी./डी-1 ग्वा./2026-27** **दिनांकः 09.06.2026**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन निविदा प्रपत्र 2.10 पर आमंत्रण की सूचना क्र. 10 ग्वालियर दिनांक 09/06/2026 द्वारा प्रचलित भवन/पथ कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 01.01.2024/11.04.2025 पर निविदायें लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार श्रेणी हेतु आमंत्रित की जाती हैं जिसका सम्पूर्ण विवरण **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। विभाग तकनीकी समस्याओं के लिए जिम्मेदार नही होगा। एवं किन्हीं कारणों से की जाने वाली परिवर्तन की सूचना वेबसाइड पर हीं देखें पृथक से प्रकाशित नहीं की जावेगी।

| स. क्र. | टेन्डर आई.डी. | कार्य का नाम | (1) ठेके की अनु. लागत राशि रू (2) अमानत राशि | टेण्डर फार्म की राशि (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | 1. पंजीयन श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PWDRB_514394_1 | रिनोवेशन न्यू विश्रामगृह 06 (विशेष अतिथियों हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण सहित) मय विद्युतीकरण निर्माण कार्य सर्किट हाउस के पास गांधी रोड ग्वालियर (डिपॉजिट कार्य) द्वितीय आमंत्रण। | 1. 369.00 लाख 2. 369000/- | 15000/- (पोर्टल चार्ज) | 12 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि.में पंजीकृत ठेकेदार |
| 2 | 2026_PWDRB_514395_1 | लो.नि.वि. मुख्यालय उपसंभाग क्रं.-1 ग्वालियर के अन्तर्गत रेसकोर्स रोड स्थित सैनिक रेस्ट हाउस में रिनोवेशन कार्य (डिपॉजिट कार्य) | 1. 34.62 लाख 2. 50000/- | 5000/- (पोर्टल चार्ज) | 06 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि.में पंजीकृत ठेकेदार |

**कुल कार्य संख्या - 02 (दो)**

ऑनलाइन निविदा जारी व डाउनलोड करने की आरम्भ तिथि - **10.06.2026 प्रातः 10.30**
ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **23.06.2026 सायं 17.30**
ऑनलाइन निविदा दर खुलने की तिथि - **25.06.2026 प्रातः 11.00**

निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेवसाइड पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। तथा सम्पूर्ण जानकारी पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, ग्वालियर (म.प्र.)**
G-14364/26 **फोनः 07512371231**



POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08




# दावा : जानलेवा जहर से निपटेंगे पेट के कीड़े

## वैज्ञानिकों ने डीएनए में बदलाव कर शरीर में बनाई एंटीबॉडी

**सेहत**

**वाशिंगटन, एजेंसी।** आमतौर पर पेट में मौजूद कीड़ों को बीमार करने और नुकसान पहुंचाने वाला परजीवी माना जाता है, लेकिन वैज्ञानिकों ने तकनीक के जरिये कीड़े के डीएनए में बदलाव कर दिया, जिससे वह शरीर में रहकर जानलेवा जहर के खिलाफ एंटीबॉडी बना सकता है।

वाशिंगटन यूनिवर्सिटी और जेम्स कुक यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के साथ अध्ययन किया है। वैज्ञानिकों ने क्रिस्पर जीन-एडिटिंग तकनीक का इस्तेमाल किया, जिसमें हुकवॉर्म के अंडों के डीएनए में बदलाव करके एक जीन डाला। यह दुनिया के सबसे खतरनाक जहरों में से एक 'टेट्रोडोटॉक्सिन' को बेअसर करने वाली एंटीबॉडी बनाने में सक्षम रहा। शोधकर्ताओं के मुताबिक, जब इन जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) कीड़ों को चूहों की एक प्रजाति के शरीर में डाला गया, तो इन कीड़ों ने हैम्स्टर्स के खून में सीधे इस एंटीटॉक्सिन को रिलीज किया, जिसने लैब टेस्ट में उस खतरनाक जहर को आंशिक रूप से बेअसर कर दिया।

**कीड़े को ही क्यों चुना :** शोधकर्ताओं ने बताया कि हुकवॉर्म इंसानों के सबसे पुराने परजीवियों में से एक हैं, जो दुनिया भर में करीब 40 करोड़ लोगों के पेट में पाए जाते हैं। जेम्स कुक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता एलेक्स लूकास ने बताया कि हुकवॉर्म ने लाखों वर्षों में यह महारत हासिल कर ली है कि इंसानी पेट के अंदर लंबे समय तक जिंदा कैसे रहना है और अपने शरीर से अणुओं को निकालकर हमारे खून में कैसे पहुंचाना है। हुकवॉर्म लगभग एक सेंटीमीटर लंबा होता है और दिनभर में दो बूंद से भी कम खून पीता है।



**40** करोड़ लोगों के पेट में रहते हैं हुकवॉर्म

- हुकवॉर्म ने दुनिया का सबसे खतरनाक जहर का एंटीबॉडी बनाया
- डायबिटीज कम करने में मिल सकती है मदद

### भविष्य में यह मिलेगा फायदा

1. कीड़ों को शरीर के अंदर इलाजों के लिए लिविंग ड्रग फैक्ट्री की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं।
2. पेट में रहकर दवाएं छोड़ सकते हैं, जो डायबिटीज और सिंड्रोम जैसी बीमारियों का इलाज करेंगी।
3. इन कीड़ों से पेट के अंदर बहुत ही कम मात्रा में फूड एलर्जेंस रिलीज करवाए जा सकते हैं, जिससे बच्चों का शरीर मूंगफली या अन्य चीजों की एलर्जी के प्रति प्रतिरोधी हो जाएगा।

**इनसे कोई खतरा नहीं**

वैज्ञानिकों ने आश्वस्त किया है कि यह पूरी तरह सुरक्षित है। हुकवॉर्म की एक जैविक खासियत है कि वे शरीर के अंदर अंडे तो देते हैं, लेकिन अंडे फूटते नहीं। टॉयलेट के जरिए शरीर से बाहर निकलते हैं। इसलिए पेट के अंदर कीड़ों की संख्या कभी बेकाबू नहीं होगी।

# कॉर्बेट के जंगल में दिखा लाल कान वाला दुर्लभ हाथी

**रामनगर, संवाददाता।** कॉर्बेट में लाल कान वाला दुर्लभ टस्कर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह हाथी 11 जून को ढिकाला के ग्रांसलैंड में मूवमेंट करता दिखाई दिया था।

इसके बाद 25 किलोमीटर का सफर तय कर यह हाथी 13 जून को झिरना रेंज पहुंचा। कॉर्बेट में 1250 के करीब हाथियों की मौजूदगी पाई गई है। 14 वर्षीय नोएडा निवासी वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर शौर्य बिष्ट ने बताया कि 11 जून को ढिकाला में ग्रांसलैंड के पास इसे अपने कैमरे में कैद किया था। ऐसा हाथी पहली बार ही देखा है। वहीं वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर दीप रजवार ने बताया कि हाथी की उम्र 45 से 50 साल की है। मौजूदा समय में हाथियों का प्रजनन काल चल रहा है। ऐसे में टस्कर हाथी झुंड से अलग रहकर मादा हथिनी की खोज करते हैं।



# आपका नाम लेकर भी बात करते हैं तोते

**पेनसेल्वेनिया, एजेंसी।** वैज्ञानिकों ने तोतों के दिमाग और बातचीत को लेकर नया अध्ययन किया है। वैज्ञानिकों को सबूत मिले हैं कि तोते किसी सामान्य शब्द की तरह नहीं, बल्कि खास इंसान या जानवर को बुलाने के लिए उसी के नाम का इस्तेमाल कर रहे थे।

वे इंसानों की तरह पहचानते हैं कि कौन सा नाम किस व्यक्ति का है। यूनिवर्सिटी ऑफ पिट्सबर्ग के शोधकर्ताओं ने यह अध्ययन किया है। उन्होंने 889 पालतू तोतों के व्यवहार और उनकी ऑडियो रिकॉर्डिंग्स का बारीकी से अध्ययन किया। पता चला कि तोते नामों का इस्तेमाल रचनात्मक तरीके से करते हैं।

# व्हाट्सऐप वेब पर ब्राउजर से ही करें ग्रुप कॉल

व्हाट्सऐप वेब बीटा के कुछ चुनिंदा यूजर अब अपने ब्राउजर से ही ग्रुप वॉयस और वीडियो कॉल कर सकते हैं। वीडियो कॉल्स के दौरान स्क्रीन शेयर करने का फीचर भी मिलेगा।

# टेलर की कुर्सी लाखों में बिकी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिकी गायिका टेलर स्विफ्ट पिछले दिनों एक कुर्सी पर बैठकर बास्केटबॉल मैच देखा था। अब वह कुर्सी छह लाख रुपये से ज्यादा की कीमत पर नीलाम हुई है।

बताया जा रहा है कि गत सात जून को क्लीवलैंड कैवेलियर्स और न्यूयॉर्क निक्स के बीच मैच के दौरान स्विफ्ट नीलाम होने वाली कोर्टसाइड कुर्सी पर बैठी थीं। इसकी बोली 4 लाख तक पहुंच गई थी। अब 14 जून को यह कुर्सी 6.61 लाख रुपये में बिकी।










वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
**प्रकाशक समुद्र भट्टाचार्य** द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड के पक्ष में 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित एवं **मुद्रक मनहर कपूर** द्वारा एच टी मीडिया लिमिटेड, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित।
*प्रधान सम्पादक :* **शशि शेखर** *प्रबंध संपादक :* **प्रताप सोमवंशी*** दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

# JOIN OUR PAID SERVICE - 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## Full Package : All in One Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~199~~ ₹99
(Popular) 6 Month = ~~599~~ ₹349
(Best Value) 1 Year = ~~999~~ ₹549

*Special Offer*

**You will Get**

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



## The Hindu, BL, IE, NIE Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~149~~ ₹69
(Popular) 6 Month = ~~499~~ ₹269
(Best Value) 1 Year = ~~799~~ ₹399

*Special Offer*

**You will Get**

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW